विद्युत शक्ति संपन्न
भारत के हरित विकास का पोषक

31वीं वार्षिक रिपोर्ट
2016-17

पी एफ सी
PFC

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

विज़न

भारत और विदेश में विद्युत एवं उससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों की प्रत्येक आयामीय श्रृंखला में एक अग्रणी संस्थागत भागीदार बनना।

मिशन

पीएफसी सर्वाधिक अधिमान्य वित्तीय संस्थान होगा और इसके लिए उसका साध्य है दक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय रूप से एकीकृत सोतीकरण तथा सेवा प्रदान करने के साथ–साथ वहनीय और प्रतियोगी उत्पाद एवं सेवाए प्रदान करना, भारतीय विद्युत क्षेत्र में होने वाले सुधारों में अपनी भागीदारी करना और अपने स्टेकधारकों का मूल्य संवर्धन करना; भारत एवं विदेश में विद्युत एवं संबद्ध क्षेत्रों में कार्यक्षम निवेश को बढ़ावा देना।

हम यह लक्ष्य सिद्धि कर सकेंगे क्योंकि हम एक ऊर्जस्वित, समंजनीय, अग्रदृष्टा, विश्वस्त, सामाजिक रूप से उत्तरदायी संगठन है, अपने स्टेकधारकों हितों के प्रति संवेदनशील हैं, अपने कार्यों में पारदर्शिता एवं एकनिष्ठा के कारण सदा–सर्वदा लाभप्रद एवं चिरस्थायी है।



विषय–सूची

भाग 01 (निगमित परिदृश्य)

- संदर्भ सूचना 04
- कार्य–निष्पादन : एक झलक 05-07
- अध्यक्ष का वक्तव्य 08-13
- निदेशकगण का प्रोफाइल 14-15

भाग 02 (निदेशक मंडल की रिपोर्ट)

- निदेशक मंडल की रिपोर्ट 2016-17 18-49
- फॉर्म सं. एमजीटी-9 वार्षिक विवरणी का सारांश 50-63
- वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए सीएसआर कार्यकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट 64-72
- फॉर्म सं. एओसी-2 73
- प्रबंधकीय विचार-विमर्श तथा विश्लेषण रिपोर्ट 74-82
- निगमित शासन पर रिपोर्ट 83-99
- निगमित शासन का प्रमाण-पत्र 100
- व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट 101-113
- सचिवालयी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट 114-119

भाग 03 (वित्तीय विवरणिका)

- एकल वित्तीय विवरणी पर स्वतंत्र लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट 122-128
- गैर–बैंकिंग वित्त कंपनी लेखा–परीक्षा रिपोर्ट 129
- सी एंड एजी की टिप्पणियां 130
- तुलन–पत्र 131
- लाभ एवं हानि विवरणिका 132
- नकदी प्रवाह विवरणिका 133-197
- समेकित वित्तीय विवरणिका पर लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट 198-202
- समेकित वित्तीय विवरणिका पर सी एंड एजी की टिप्पणी 203
- समेकित तुलन–पत्र 204-205
- समेकित लाभ एवं हानि विवरणिका 206
- समेकित नकदी प्रवाह विवरणिका 207-276

भाग 01

निगमित परिदृश्य

- संदर्भ सूचना
- कार्य–निष्पादन : एक झलक
- अध्यक्ष का वक्तव्य
- निदेशकगण का प्रोफाइल

संदर्भ सूचना

पंजीकृत कार्यालय

'ऊर्जानिधि',
1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली : 110001 टेलीफोन नं. (91)(11) 23456000
वेबसाइट : **http://www.pfcindia.com**

सहायक कंपनियां

पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड
पीएफसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड
पीएफसी कैपिटल एडवाइजरी सर्विसिस लिमिटेड
पावर इक्विटी कैपिटल एडवाइजर प्राइवेट लिमिटेड
छत्तीसगढ़ सरगुजा पावर लिमिटेड
(पूर्ववर्ती अकलतारा पावर लिमिटेड)
कोस्टल कर्नाटक पावर लिमिटेड
कोस्टल महाराष्ट्र मेगा पावर लिमिटेड
कोस्टल तमिलनाडु पावर लिमिटेड
उड़ीसा इंटीग्रेटिड पावर लिमिटेड
साखीगोपाल इंटीग्रेटिड पावर कंपनी लिमिटेड
घोगरपल्ली इंटीग्रेटिड पावर कंपनी लिमिटेड
तातिया आंध्रा मेगा पावर लिमिटेड
देवघर मेगा पावर लिमिटेड
चेय्यूर इंफ्रा लिमिटेड
ओडिशा इंफ्रपावर लिमिटेड
देवघर इंफ्रा लिमिटेड
बिहार इंफ्रा पावर लिमिटेड
बिहार मेगा पावर लिमिटेड
झारखंड इंफ्रा पावर लिमिटेड
टांडा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड*
बल्लभगढ़–जीएन ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड*
मोहिंदरगढ़–भिवानी ट्रांसमिशन लिमिटेड*
साउथ–सेंट्रल ईस्ट दिल्ली पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड*
फतेहगढ भाडला ट्रांसमिशन लिमिटेड*
विजावर विदर्भ ट्रांसमिशन लिमिटेड*
सोंगटोंग करचम वांगटू ट्रांसमिशन लिमिटेड*
गोवा तनमार ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट लिमिटेड*

सूचीबद्ध शेयर

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड

डिपोजिटरीज

नेशनल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड
सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसिस (इंडिया) लिमिटेड

कंपनी सचिव

श्री मनोहर बलवानी

लेखापरीक्षक

मैसर्स एम.के. अग्रवाल एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
मैसर्स के.बी. चांदना एंड कंपनी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

पंजीकृत एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट

कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड
''कार्वी सेलेनियम टॉवर बी''
प्लॉट नं. 31 एवं 32,
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, गाचीबोवली,
हैदराबाद–500 032, आंध्र प्रदेश, भारत
टेलीफोन :+91 40 67162222
फैक्स :+91 40 23420814
ई–मेल : **support@karvy.com**
वेबसाइट : **www.karvycomputershare.com**

बैंकर्स

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
बैंक ऑफ इंडिया
आईसीआईसीआई बैंक
एचडीएफसी बैंक
आईडीबीआई बैंक

**पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड की पूर्णतः स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी, पीएफसी की पूर्णतः स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी*

कार्य–निष्पादन : एक झलक

	विवरण	2012-13	2012-13	2014-15	2015-16	2016-17
I	**संसाधन** (वर्ष के अंत में) (₹करोड़ में)					
	इक्विटी पूंजी	1320	1320	1320	1320	2640
	भारत सरकार से ब्याज सब्सिडी निधि	146	124	111	107	110
	संचित एवं अधिशेष	22734	26055	30899	34446	33830
	ऋण:					
(i)	विदेशी मुद्रा ऋण (विदेशी मुद्रा नोट्स को मिलाकर)	8424	8926	9731	10776	8444
(ii)	बॉण्ड्स	105334	126505	159393	171137	189743
(iii)	दीर्घावधि रूपया ऋण	17005	22470	14585	11000	2000
(iv)	अल्पावधि रूपया ऋण	8820	1314	4064	7572	2401
II	**वित्तीय प्रचालन**					
	(वर्ष के दौरान) (₹ करोड़ में)					
	संस्वीकृत ऋण एवं अनुदान	75147	60729	60784	65042	100603
	संवितरित ऋण एवं अनुदान	45151	47162	44691	46588	62798
	पीएफसी को ऋणकर्ताओं द्वारा पुनर्भुगतान	14929	18822	16284	25826	19592
	ऋणदाताओं को पीएफसी द्वारा पुनर्भुगतान	11304	22231	34188	52735	2112
III	**कार्यात्मक परिणाम**					
	(वर्ष के लिए) (₹ करोड़ में)					
	कुल आय	17273	21538	24907	27564	27019
	कुल व्यय	11306	13979	16529	18504	21909
	कर पूर्व लाभ	5967	7558	8378	9060	5110
	कर व्यय	1547	2141	2419	2947	2983
	कर पश्चात् लाभ	4420	5418	5959	6113	2126
IV	**कार्मिकों की संख्या**	427	446	450	467	499

संस्वीकृत ऋण एवं अनुदान

(₹ करोड़ में)



संवितरण

क्षेत्र–वार

31.03.2017 की स्थिति के अनुसार



संवितरित किए गए ऋण और अनुदान

(₹ करोड़ में)



संचयी संवितरण

विषयवार

31.03.2017 की स्थिति के अनुसार



*परिवर्ती वित्त, एसटीएल, बीएलसी इत्यादि सहित

अध्यक्ष का वक्तव्य

राजीव शर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

देवियो और सज्जनो,

आपकी कंपनी की 31वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है।

आपकी कंपनी भारतीय विद्युत क्षेत्र में एक अग्रणी वित्तपोषक है और निवल मूल्य के आधार पर देश की सबसे बड़ी अवसंरचना वाली वित्तीय कंपनी है। लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा मार्च, 2017 में किए गए सर्वे के अनुसार, आपकी कंपनी वित्तीय वर्ष 2015-16 में लाभ के आधार पर देश के 320 सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के बीच 7वीं सबसे ज्यादा लाभ कमाने वाला सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है। मैं आप सभी के साथ वित्तीय वर्ष 2016-17 की व्यापार संबंधी कुछ प्रमुख विशेषताओं को साझा करना चाहूँगा। पहली बार, वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, वार्षिक ऋण संस्वीकृतियों की राशि का आंकड़ा ₹1,00,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है, जो वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्राप्त किए गए ₹65,042 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में 55% की वृद्धि को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2016-17 में ₹62,798 करोड़ का वार्षिक संवितरण किया गया, जो कि पिछले एक दशक में 35% की सर्वाधिक वृद्धि को दर्शाता है। यूडीएवाई के अंतर्गत ₹28,400 करोड़ के समय-पूर्व-भुगतान के बावजूद भी ऋण परिसंपत्तियों में सकारात्मक वृद्धि देखी गई। कंपनी ने वर्ष के दौरान ₹66,800 करोड़ की धनराशि जुटाई, जो कि किसी वित्तीय वर्ष में अब तक की सर्वाधिक राशि है। खास बात यह है कि इतनी बड़ी धनराशि महज 7.47% की स्पर्धी सीमांत लागत पर जुटाई गई जो कि रॉयटर्स की बेंचमार्क दर से भी कम है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, आपकी कंपनी ने ₹2,126 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।

> "आपकी कंपनी आरबीआई मानदंडों के कारण प्रभावित हुई इन ऋण परिसंपत्तियों में किसी भी प्रकार का तनाव महसूस नहीं करती है क्योंकि अगले कुछ वर्षों में ही उनके मानक परिसंपत्तियों के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है और वित्तीय वर्ष 2017-18 की दूसरी तिमाही से प्रावधानों को प्रत्यावर्तित करना शुरू कर दिया जाएगा।"

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए आपकी कंपनी का लाभ और अन्य वित्तीय मानदंड विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा अनुमोदित मानदंडों के बजाय भूतलक्षी प्रभाव से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अनुमोदित पुनर्गठन संबंधी मानदंडों को अपनाने के फलस्वरूप बुरी तरह से प्रभावित हुआ। 1 अप्रैल, 2015 से पहले संस्वीकृत किए गए उत्पादन परियोजनाओं संबंधी ऋणों के लिए पीएफसी विद्युत मंत्रालय द्वारा अनुमोदित पुनर्गठन संबंधी मानदंडों का अनुपालन कर रहा था। तथापि, पुनर्गठन संबंधी मानदंडों के बारे में दिनांक 11 अप्रैल, 2017 के आरबीआई के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए पीएफसी ने 1 अप्रैल, 2015 से पहले संस्वीकृत किए गए उत्पादन परियोजनाओं के ऋणों के लिए आरबीआई मानदंडों का अनुपालन करने का निश्चय किया और तदनुसार, 1 अप्रैल, 2015 से भूतलक्षी प्रभाव के साथ आरबीआई मानदंडों को लागू किया। इसके परिणामस्वरूप, ₹23,309 करोड़ के ऋण डाउनग्रेड होकर एनपीए में परिवर्तित हो गए और ₹35,995 करोड़ की राशि वाले ऋण डाउनग्रेड होकर पुनर्गठित परिसंपत्तियों में परिवर्तित हो गए। इस प्रकार, कुल प्रभावित ऋणों की राशि ₹59,304 करोड़ है। ऐसी सभी परिसंपत्तियां, जिन्हें डाउनग्रेड किया गया था, वे उत्पादन परियोजनाएं हैं और वे सभी 100% सरकारी स्वामित्वाधीन कंपनियां हैं। इन सभी कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 में 100% वसूली दर प्रदर्शित की है और इनमें से किसी भी ऋणकर्ता के लेखों को इस वर्ष से पहले कभी एनपीए घोषित नहीं किया गया।

आपकी कंपनी आरबीआई मानदंडों के कारण प्रभावित हुई इन ऋण परिसंपत्तियों में किसी भी प्रकार का तनाव महसूस नहीं करती है क्योंकि अगले कुछ वर्षों में ही उनके मानक परिसंपत्तियों के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है और वित्तीय वर्ष 2017-18 की दूसरी तिमाही से प्रावधानों को प्रत्यावर्तित करना शुरू कर दिया जाएगा। डाउनग्रेड की गई परिसंपत्तियों में से लगभग 80% मान्यता प्राप्त एनपीए और 58% पुनर्गठित परिसंपत्तियों के क्रमशः वित्तीय वर्ष 2017-18 और वित्तीय वर्ष 2018-19 में अपग्रेड होने की संभावना है। हम अपने शेयरधारकों को एक बार पुनः आश्वस्त करना चाहेंगे कि आपकी कंपनी यह सुनिश्चित

श्री राजीव शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीएफसी भारत के राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविन्द के कर-कमलों से वर्ष 2016-17 के लिए प्रतिष्ठित "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" ('क' क्षेत्र की श्रेणी में) प्राप्त करते हुए। यह पुरस्कार श्री राजनाथ सिंह, माननीय गृहमंत्री और श्री किरेन रीजीजू, माननीय गृहराज्य मंत्री की उपस्थिति में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। पीएफसी द्वारा राजभाषा के कार्यान्वयन के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए यह पुरस्कार लगातार चौथी बार प्राप्त किया गया।

करने के लिए हर संभव प्रयास करती है कि डाउनग्रेड की गई ये परिसंपत्तियां शीघ्र ही अपग्रेड कर दी जाएं। मुझे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि ₹23,309 करोड़ की एनपीए में से लगभग ₹11,000 करोड़ की राशि 15 जुलाई, 2017 तक पहले ही अपग्रेड की जा चुकी है।

उपर्युक्त पर विचार करने के पश्चात, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने आपकी कंपनी की क्रेडिट रेटिंग यथावत बनाए रखी है (घरेलू स्तर पर 'एएए' की सर्वोच्च रेटिंग और सॉवरन रेटिंग के साथ अंतरराष्ट्रीय रेटिंग)।

अर्थव्यवस्था का सिंहावलोकन

भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से उभरकर सामने आने वाले बाजारों की अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यह वैश्विक परिदृश्य में एक चमकते हुए सितारे की तरह है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में गिरावट से भारत में आर्थिक गतिविधियों को बल मिला है। इसके अतिरिक्त, बाह्य चालू खाता तथा राजकोषीय स्थिति में भी सुधार हुआ है और इससे मुद्रास्फीति को कम करने में सहायता मिली है। इसके अतिरिक्त, सरकारी ढांचे और कर्ज के रूप में जमा होने वाली राशि को घटाकर राजकोषीय स्थिति लगातार मजबूत हुई है और एक मुद्रास्फीति विरोधी मौद्रिक नीति (एंटी-इंफ्लेशनरी मॉनीटरी पॉलिसी) की सहायता से मैक्रोइकनॉमिक स्थिरता को मजबूती मिली है।

सरकार ने महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो आगे आने वाले समय में सुदृढ़ और सस्टेनेबल वृद्धि में सहायक होगी। विशेष रूप से, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का लागू किया जाना कर संबंधी सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे एक सामान्य भारतीय बाजार निर्मित होगा। इससे कर संबंधी अनुपालन और शासन व्यवस्था में सुधार होगा तथा यह निवेश और वृद्धि को प्रेरित करेगा।

केंद्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (सीएसओ) के अनुमान के अनुसार, वर्ष 2016-17 के लिए आर्थिक वृद्धि दर 7.1% रही। विश्व बैंक के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के वर्ष 2017-18 में 7.6% और वर्ष 2018-19 में 7.8% की वृद्धि दर के साथ बढ़ने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडी ने यह कहते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ भारत सरकार को बीएए3 रेटिंग प्रदान की है कि सरकार द्वारा किए गए सुधार मध्यम अवधि के दौरान इसके समकक्षों की तुलना में देश को बेहतर निष्पादन करने में समर्थ बनाएंगे।

विद्युत क्षेत्र का सिंहावलोकन

वित्तीय वर्ष 2016-17 में, भारत बिजली के एक निवल आयातक से बिजली का एक निवल निर्यातक बन गया है और यह नेपाल, बंगलादेश और म्यांमार जैसे देशों को 6,444 मिलियन यूनिट बिजली की आपूर्ति कर रहा है। बिजली का कुल उत्पादन वित्तीय वर्ष 2015-16 में 1,174 बिलियन यूनिट से बढ़कर वर्ष 2016-17 के दौरान 1,242 बिलियन यूनिट हो गया है, जो कुल मिलाकर 5.83% की वृद्धि को दर्शाता है। 12वीं पंचवर्षीय योजना में 88,537 मेगावाट के लक्ष्य की तुलना में 99,210 मेगावाट की क्षमता अभिवृद्धि की गई। 31 मार्च, 2017 तक भारत की कुल स्थापित क्षमता 3.26 गीगावाट थी। कुल स्थापित क्षमता में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 44% थी।

कोयला लगातार सबसे अधिक एवं व्यापक रूप से उपलब्ध तथा प्रयोग किया जाने वाला ईंधन बना हुआ है। पिछले एक वर्ष के दौरान, कोयले की उपलब्धता में आशातीत सुधार हुआ है और सीआईएल द्वारा प्रचुर मात्रा में घरेलू स्तर पर कोयले का उत्पादन किया गया है। आयातित कोयले के प्रयोग को घटाने और ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतीक्षारत पावर प्लांटों को पर्याप्त मात्रा में ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने "भारत में पारदर्शी रूप से कोयला दोहन और आबंटन" की एक योजना अर्थात शक्ति का शुभारंभ किया है। योजना के अंतर्गत विद्युत यूनिटों के बीच प्राकृतिक संसाधनों के इष्टतम आबंटन की परिकल्पना की गई है। क्रिसिल द्वारा किए गए एक अनुसंधान के अनुसार, अगले पांच वर्षों में विद्युत क्षेत्र को घरेलू नॉन कोकिंग कोयला की आपूर्ति 8-9% के सीएसीआर की दर से बढ़कर 2020-21 में 728 मिलियन टन होने की उम्मीद है।

जल-विद्युत परियोजनाओं के समक्ष मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार एक सक्रिय जल-विद्युत नीति तैयार करने की योजना बना रही है, जिससे कि रुकी हुई जल-विद्युत परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जा सके और पवन तथा सौर विद्युत परियोजनाओं जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए उपलब्ध 100 मेगावाट (मौजूदा 25 मेगावाट) तक की जल-विद्युत परियोजनाओं को भी लाभ प्रदान करने की संभावनाएं तलाशी जा सकें।

मार्च, 2017 तक भारत की अंतरक्षेत्रीय विद्युत पारेषण क्षमता 75 गीगावाट है। बेहतर ग्रामीण विद्युतीकरण के साथ क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय ग्रिडों के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार से तुलनात्मक रूप से कम दरों पर अधिशेष विद्युत उपलब्ध कराकर विद्युत की खरीद की लागत को कम करने की उम्मीद है और यह विद्युत उत्पादकों के लिए भी लाभप्रद सिद्ध होगा।

विद्युत क्षेत्र की मूल्य शृंखला में वितरण एक जटिल परंतु महत्वपूर्ण कड़ी है। वितरण कंपनियों की कमजोर वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (यूडीएवाई) शुरू की है, जिसका उद्देश्य वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) की माली हालत में सुधार करना है। दिसंबर, 2016 तक ऋणों के अधिग्रहण और पुनर्गठन के फलस्वरूप ब्याज लाभ के रूप में वितरण कंपनियों की संचित बचत की गणना लगभग ₹12,000 करोड़ के रूप में की गई है। इसके अतिरिक्त, ऐसी उम्मीद है कि यूडीएवाई योजना के कार्यान्वयन से वर्ष 2020-21 तक एसीएस-एआरआर का अंतर उल्लेखनीय रूप से घट जाएगा। समग्र रूप से, यह अंतर वित्तीय वर्ष 2016-17 में 59 पैसा प्रति यूनिट से घटकर वित्तीय वर्ष 2016-17 (दिसंबर, 2016) में लगभग 45 पैसा प्रति यूनिट हो गया है। इसके अतिरिक्त, ₹1.41 लाख करोड़ के कुल अनुमानित परिव्यय से आईपीडीएस और डीडीयूजीजेवाई नामक दो वितरण योजनाएं भारत सरकार द्वारा क्रमशः शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इस इरादे से शुरू की गई हैं कि देशभर में वितरण क्षेत्र की स्थिति में सुधार किया जा सकता है। ये योजनाएं निश्चित ही वितरण क्षेत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में उपयोगी सिद्ध होंगी।

अन्य व्यापारिक उपलब्धियां :

1. पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड

पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) पीएफसी के पूर्ण स्वामित्वाधीन एक सहायक कंपनी है और यह विद्युत क्षेत्र से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में परामर्शी सेवाएं प्रदान करती है। पीएफसीसीएल ने 23 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फैले 57 ग्राहकों को परामर्शी सेवाएं प्रदान की है। अब तक कंपनी द्वारा 104 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, पीएफसीसीएल अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं के विकास से जुड़े कार्य भी करता है और स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में भी कार्य करता है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, पीएफसीसीएल की कुल आय वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹73.55 करोड़ की तुलना में ₹120.67 करोड़ रही। पीएफसीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹37.06 करोड़ के निवल लाभ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹57.85 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।

2. पीएफसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड

पीएफसी जीईएल तथा पीएफसी के निदेशक मंडलों ने क्रमशः 18 जुलाई, 2016 और 9 अगस्त, 2016 को आयोजित उनकी संगत बैठकों में पीएफसी के साथ पीएफसी जीईएल के विलय के लिए अपना सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया। विलय की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। पीएफसी जीईएल की धारक कंपनी के साथ कंपनी के प्रस्तावित विलय को ध्यान में रखते हुए इसके द्वारा पहले से संस्वीकृत की गई बहुत-सी चालू नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को इसने ₹283.51 करोड़ की राशि संवितरित की है। 31 मार्च, 2017 तक कंपनी का ऋण पोर्टफोलियो ₹629.60 करोड़ है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, प्रचालन से प्राप्त होने वाले कुल राजस्व में 67% की वृद्धि हुई और यह वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹38.71 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2016-17 में ₹64.79 करोड़ हो गया है। इसी प्रकार, कंपनी के कर पश्चात लाभ (पीएटी) में भी 33% की वृद्धि हुई है और यह वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹22.60 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2016-17 में ₹30.15 करोड़ हो गया है।

भारत के माननीय पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी, पीएफसी के सीएमडी श्री राजीव शर्मा को वर्ष 2014-15 के लिए उत्कृष्ठ कॉर्पोरेट गवर्नेंस हेतू 'स्कोप गोल्ड ट्रॉफी' प्रदान करते हुए। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अनंत गीते, भारी उद्योग तथा पब्लिक एंटरप्राइजेज तथा श्री बाबुल सुप्रियो, माननीय राज्य मंत्री भारी उद्योग तथा पब्लिक एंटरप्राइजेज भी उपस्थित थे।

3. पीएफसी कैपिटल एडवाइजरी सर्विसिस लिमिटेड

पीएफसी के निदेशक मंडल द्वारा पीएफसी कैपिटल एडवाइजरी सर्विसिस लिमिटेड (पीएफसीसीएएस) का पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) के साथ नियामक और अन्य अनुपालनों की शर्त के अध्यधीन विलय के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया। विलय की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, पीएफसीसीएएस की प्रचालन से प्राप्त होने वाली कुल आय ₹1.53 करोड़ थी, जबकि कंपनी का कर पश्चात लाभ ₹1.06 करोड़ रहा।

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की योजनाओं के लिए पीएफसी द्वारा सहायता

1. एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस)

आपकी कंपनी को आईपीडीएस के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹3,018 करोड़ राशि वाली परियोजनाएं संस्वीकृत की गई और समेकित रूप से ₹26,066 करोड़ राशि की परियोजनाएं संस्वीकृत की गईं। आपकी कंपनी ने आईपीडीएस के अंतर्गत संस्वीकृत की गई परियोजनाओं के लिए राज्य क्षेत्र की विद्युत कंपनियों को वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹2,333 करोड़ की राशि संवितरित की है तथा समेकित रूप से ₹2,660 करोड़ की राशि संवितरित की।

आर–एपीडीआरपी (आईपीडीएस में विलय के बाद)

आपकी कंपनी ने भाग-क आईटी कार्यान्वयन के अंतर्गत 1,405 कस्बों, भाग-क (एससीएडीए) के अंतर्गत 72 कस्बों और आर-एपीडीआरपी के भाग-ख के अंतर्गत 1228 कस्बों के लिए समेकित रूप से ₹37,956 करोड़ की राशि वाली परियोजनाएं संस्वीकृत की। आपकी कंपनी ने आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत संस्वीकृत की गई परियोजनाओं के लिए राज्य क्षेत्र की विद्युत कंपनियों को वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹1,581 करोड़ और समेकित रूप से ₹10,187 करोड़ की राशि संवितरित की।

प्रशासनिक और अन्य उपायों के साथ-साथ आईटी प्रणालियों की स्थापना और विभिन्न कस्बों में भाग-ख के अंतर्गत परियोजनाओं को पूरा करने से 1024 आर-एपीडीआरपी कस्बों (पोस्ट गो-लाइव रिपोर्टों के अनुसार) में एटी और सी हानियों में कमी पहले से ही दिखाई दे रही है। इस प्रकार, आपकी कंपनी विद्युत वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार की दिशा में अपना योगदान देती रहेगी।

2. **अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाएं (यूएमपीपी)**

पीएफसी को लगभग 4000 मेगावाट क्षमता वाली प्रत्येक अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं (यूएमपीपी) के विकास के लिए विद्युत मंत्रालय (एमओपी), भारत सरकार द्वारा नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। देश के विभिन्न स्थानों में ऐसी 15 यूएमपीपी की पहचान की गई है।

मार्च 2017 तक, यूएमपीपी के लिए आपकी कंपनी द्वारा 19 विशेष प्रयोजनीय कंपनियां (एसपीवी) स्थापित की गईं। उनमें से 14 एसपीवी (प्रचालनरत एसपीवी) की स्थापना इन परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया के संचालन हेतु आवश्यक आरंभिक स्थल जांच से जुड़ी गतिविधियों को पूरा करने के लिए की गई। ये एसपीवी कार्यान्वयन और प्रचालन के लिए टैरिफ आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सफल बोलीदाता (बोलीदाताओं) को हस्तांतरित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, पीएफसी द्वारा घरेलू कोयला आधारित यूएमपीपी (उड़ीसा, बिहार और देवघर यूएमपीपी) के मामले में पावर प्लांट और कोयला ब्लॉकों के लिए भूमि अधिग्रहण और आयातित कोयला आधारित यूएमपीपी (चेय्यूर यूएमपीपी) के मामले में पावर प्लांट/बंदरगाह के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु कुछ एसपीवी (इंफ्रा एसपीवी) स्थापित किए गए। ये एसपीवी इन परियोजनाओं से विद्युत की खरीद करने वाले संबंधित खरीददार को हस्तांतरित किए जाएंगे।

3. **स्वतंत्र पारेषण परियोजनाएं (आईटीपी)**

विद्युत मंत्रालय ने निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से पारेषण प्रणाली के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए भी टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया शुरू की है। मार्च 2017 तक, स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं (आईटीपी) के लिए पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियों के रूप में कुल 25 विशेष प्रयोजनीय कंपनियां (एसपीवी) स्थापित की गईं, जिनमें से दो की स्थापना पीएफसी द्वारा और अन्य 23 कंपनियों की स्थापना पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड द्वारा की गई। इन 25 एसपीवी में से बोकारो-कोडरमा मैथन ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का परिसमापन दिसंबर, 2010 में किया गया और 31 मार्च, 2017 तक 17 एसपीवी सफल बोलीदाताओं को हस्तांतरित की गईं। वर्ष के दौरान, विद्युत मंत्रालय ने टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से कार्यान्वित की जाने वाली चार नई स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं के लिए पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड को बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में नियुक्त किया। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड ने इन परियोजनाओं के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनियों के रूप में चार एसपीवी की स्थापना की और तदनुसार बोली प्रक्रिया प्रारंभ की।

निगमित सामाजिक दायित्व

पीएफसी की सीएसआर और सस्टेनेबल नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी मुख्य रूप से समाज की विद्युत और ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सस्टेनेबल विकास के लिए बड़े पैमाने पर परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर समाज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध और सामाजिक रूप से जवाबदेह निगमित निकाय बन सके। वर्ष के दौरान, पीएफसी ने सौर ऊर्जा, कौशल विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्यकलापों का संचालन किया और विशेष रूप से सक्षम लोगों को सहायता प्रदान की। वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए निदेशक मंडल ने कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार औसत स्टेंड अलोन कर पूर्व लाभ के 2% की दर से ₹166.15 करोड़ का सीएसआर बजट अनुमोदित किया था। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, सीएसआर संबंधी कार्यकलापों के लिए ₹125.87 करोड़ की राशि संवितरित की गई।

निगमित शासन व्यवस्था

आपकी कंपनी का निगमित शासन संबंधी सिद्धांत इस विश्वास पर आधारित है कि सुशासन की अवधारण सर्वोच्च स्तर की पारदर्शिता, जवाबदेही और सैद्धांतिक व्यापार प्रक्रियाओं, कानून के अक्षरशः अनुपालन, पर्याप्त प्रकटन, निगमित निष्पक्षता, सामाजिक जवाबदेही और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता के अनुपालन में निहित होता है, ताकि शेयरधारकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरा जा सके और सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। आपकी कंपनी, कंपनी अधिनियम, सूचीकरण करार और डीपीई के दिशा-निर्देशों में यथोल्लिखित निगमित शासन की आवश्यकताओं का अनुपालन करती आ रही है और इसने अपने निगमित शासन के सिद्धांतों को कंपनी के निगमित ढांचे, व्यापार संचालन और प्रकटन संबंधी प्रक्रियाओं के अनुरूप बनाया है।

कार्यनीति

भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक 175 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा में वृद्धि करने के लिए एक मिशन तैयार किया है और इसलिए सौर तथा गैर सौर ऊर्जा स्रोतों के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा विकासकर्ताओं को यह बहुत से प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। टैरिफ नीति में किए गए संशोधन में मार्च, 2022 तक सौर ऊर्जा से 8% नवीकरणीय ऊर्जा खरीद संबंधी बाध्यता और नई कोयला आधारित ताप-विद्युत परियोजनाओं के विकासकर्ताओं के लिए एक नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन बाध्यता शामिल हैं। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार के बढ़े हुए फोकस की वजह से इस क्षेत्र में निवेश के लिए काफी आकर्षक अवसर पैदा हुए हैं। ऐसा अनुमान है कि वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग ₹6 लाख करोड़ के निवेश की आवश्यकता होगी। आपकी कंपनी इस व्यापारिक अवसर की महत्वपूर्ण बाजार भागीदारी का लाभ उठाना चाहती है और इसके लिए कंपनी ने लक्ष्य निर्धारित किया है। रीइन्वेस्ट 2015 के दौरान, पीएफसी ने वर्ष 2015-19 के दौरान ₹15,000 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिसमें से कंपनी ने ₹9,954 करोड़ की राशि पहले ही संस्वीकृत कर दी है और 2,880 मेगावाट की कुल क्षमता वाली विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ₹6,260 करोड़ की राशि संवितरित की है।

इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी व्यापार वृद्धि की गति तेज करने के लिए बाजार में उपलब्ध ऋणों के पुनर्वित्तीयन संबंधी अवसरों पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। आपकी कंपनी निजी क्षेत्र की उन पारेषण परियोजनाओं को भी वित्तीय सहायता प्रदान करना चाहती है, जिनके लिए बोलियां लगाई जा रही हैं और साथ ही, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) द्वारा गठित संयुक्त उद्यमों (जेवी) की पारेषण परियोजनाओं को भी निधि उपलब्ध कराने के लिए इच्छुक है।

सस्टेनेबल वृद्धि के लिए जिन क्षेत्रों में आपकी कंपनी संभावनाएं तलाश रही है, उनमें नवीकरणीय ऊर्जा उपस्कर विनिर्माताओं, शेष उपस्कर, परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं, विद्युत क्षेत्र के लिए पश्चवर्ती संपर्क क्षेत्र, जैसे एलएनजी टर्मिनलों की संस्थापना, गैस पाइपिंग, कोयला खनन आदि के लिए निधियन शामिल हैं। भारत सरकार विद्युत क्षेत्र में विभिन्न इक्विटी निधियों की भी परिकल्पना कर रही है। आपकी कंपनी इन इक्विटी निधियों में भी निवेश के अवसर तलाश करेगी।

आपकी कंपनी भारत सरकार के ऐसे विभिन्न महत्वाकांक्षी (फ्लैगशिप) कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना जारी रखेगी, जिनका उद्देश्य भारतीय विद्युत क्षेत्र का समग्र रूप से विकास करना है। आपकी कंपनी विद्युत क्षेत्र में भारत सरकार के इन विभिन्न कार्यक्रमों के फलस्वरूप उभरकर सामने आने वाले निधि आधारित और शुल्क आधारित दोनों प्रकार के विभिन्न व्यावसायिक अवसरों का भी लाभ उठाएगी। अतः आपकी कंपनी भारतीय विद्युत क्षेत्र के समग्र विकास में एक उल्लेखनीय भूमिका अदा करती रहेगी।

स्वीकारोक्ति

मैं अपने शेयरधारकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ और उनका हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने हम पर विश्वास बनाए रखा है। मैं माननीय कोयला, विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों के प्रति उनके द्वारा लगातार दिए गए सहयोग और मार्ग-दर्शन के लिए अपनी ओर से और कंपनी की ओर से हृदय से आभार प्रकट करता हूँ और धन्यवाद देता हूँ। मैं वस्तुतः कंपनी के निदेशक मंडल, निवेशकों और मूल्यवान ग्राहकों के प्रति भी उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ और उनका आभारी हूँ।

मैं वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक, लोक उद्यम विभाग, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, भारतीय राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, नीति आयोग, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सी एंड एजी), सांविधिक लेखापरीक्षकों, रजिस्ट्रार, विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थानों और केंद्र एवं राज्य स्तर पर अन्य संबंधित सरकारी विभागों एवं एजेंसियों द्वारा हमें दिए गए निरंतर सहयोग के लिए उनके प्रति भी आभार प्रकट करता हूँ। मैं प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में हमारे भागीदारों द्वारा दिए गए निरंतर और अथक सहयोग की भी प्रशंसा करता हूँ।

अंत में, मैं कंपनी के सभी कार्मिकों के प्रति भी आभार प्रकट करता हूँ, जिनके निरंतर और अथक प्रयासों के बिना ये सब उपलब्धियां संभव नहीं थीं।

राजीव शर्मा

(राजीव शर्मा)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

डीआईएन सं.: 00973413

निदेशकगण का प्रोफाइल

श्री राजीव शर्मा

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं.: 00973413

57 वर्षीय राजीव शर्मा पीएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हैं। पीएफसी के सीएमडी के रूप में वे पीएफसी के प्रचालनों का नेतृत्व कर रहे हैं और भारत सरकार की विद्युत क्षेत्र में की जा रही प्रमुख पहलों अर्थात एकीकृत विद्युत विकास योजना, सभी के लिए 24X7 विद्युत, अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं, स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं और उज्ज्वल डिस्कॉम आश्वासन योजना आदि के कार्यान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं।

श्री शर्मा के पास जी. बी. पंत विश्वविद्यालय से बी.टेक (विद्युत) की डिग्री और आईआईटी रूड़की से इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री है। इसके अलावा उनके पास एफएमएस, दिल्ली विश्वविद्यालय से व्यापार प्रशासन में भी मास्टर डिग्री है।

श्री शर्मा के पास विद्युत क्षेत्र की विभिन्न विधाओं में 32 वर्ष से भी अधिक का कार्य अनुभव है। श्री शर्मा को विद्युत क्षेत्र के लिए नीति निर्माण, सुधार कार्यक्रमों के शुभारंभ और क्रियान्वयन तथा परियोजना कार्यान्वयन आदि के क्षेत्र में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), विद्युत मंत्रालय (एमओपी) और पावरग्रिड जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्य करने का 20 वर्ष से अधिक का अनुभव प्राप्त है। उन्हें भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे कि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना और पुनर्गठित - त्वरित विकास एवं सुधार कार्यक्रम (आर-एपीडीआरपी) के आर्किटेक्ट के रूप में भी माना जाता है। इसके अलावा, उन्हें विद्युत क्षेत्र के वित्त–पोषण और विद्युत क्षेत्र से संबंधित सुधारों के कार्यान्वयन का भी 12 वर्ष से अधिक का अनुभव प्राप्त है, जिसमें से विद्युत क्षेत्र की अग्रणी नवरत्न कंपनियों अर्थात पीएफसी और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरईसी) में बोर्ड स्तर पर कार्य करने का कम से कम 8 वर्ष का अनुभव शामिल है।

श्री शर्मा ने पीएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार 01 अक्तूबर 2016 से ग्रहण किया है। श्री शर्मा पीएफसी ज्वाइन करने से पहले आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे। उनके गतिशील नेतृत्व में श्री शर्मा ने आरईसी के वित्तीय और प्रचालनात्मक निष्पादन को बड़ी ऊंचाईयों तक पहुंचाया और पिछले पांच वर्ष में कंपनी के राजस्व और लाभ को दोगुना करने में अभूतपूर्व सहायता प्रदान की। वे बिजनेस टुडे द्वारा किसी पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम) के 'सर्वश्रेष्ठ सीईओ' के रूप में चुने गए।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) में वे नाथपा झाकरी जल विद्युत परियोजना (1500 मेगावाट) के डिजाइन, इंजीनियरिंग और परामर्श से जुड़े कार्यों में शामिल थे। विद्युत मंत्रालय में उप सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान ही भारत सरकार द्वारा पावरग्रिड की 2000 मेगावाट क्षमता वाली तालचर-कोलार एचवीडीसी बाइपोल और ताला ट्रांसमिशन सिस्टम (पहली सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजना) अनुमोदित की गईं। उन्होंने केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों अर्थात टीएचडीसी, नीपको, बीबीएमबी और एसजेवीएनएल के अलावा एपीडीआरपी, आरजीजीवीवाई का भी काम देखा है।

31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार श्री राजीव शर्मा के पास कंपनी के 32574 इक्विटी शेयर थे।

श्री डी. रवि

निदेशक (वाणिज्यिक)
डीआईएन सं. : 00038452

59 वर्षीय श्री डी. रवि व्यापार प्रबंधन में डिप्लोमा के साथ बी.ई. (इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग) हैं। निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में वह पीएफसी के वाणिज्य विभाग के लिए उत्तरदायी रहे हैं।

श्री डी. रवि ने पीएफसी में 1993 में अपनी सेवाएं प्रारंभ कीं। इससे पहले वे लगभग 13 वर्ष तक एनएचपीसी में कार्यरत थे। पीएफसी में इन्होंने सभी लोन प्रस्तावों तथा लोन दस्तावेजों के स्व मूल्यांकन का कार्य संभाला था। पीएफसी में उन्होंने उत्तर और दक्षिण क्षेत्र के साथ-साथ निजी क्षेत्र की विद्युत परियोजनाओं के परियोजना मूल्यांकन संबंधी कार्य भी संभाला हुआ है। उन्होंने कॉर्पोरेशन के परियोजना प्रभाग के लिए आईएसओ प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की जिम्मेदारी भी स्वीकार की। इसके अलावा, उन्होंने विद्युत मंत्रालय के साथ राज्य क्षेत्र की वितरण कंपनियों की एकीकृत रेटिंग के समन्वय संबंधी कार्य भी किए हैं।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार श्री डी. रवि के पास कंपनी के 2000 इक्विटी शेयर थे।

श्री चिन्मय गंगोपाध्याय

निदेशक (परियोजना)
डीआईएन सं. : 02271398

58 वर्षीय श्री चिन्मय गंगोपाध्याय को आईआईटी खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा एफएमएस, नई दिल्ली से एमबीए की डिग्री प्राप्त है। इनका विद्युत क्षेत्र में 36 साल से ज्यादा का अनुभव है, जिसमें एनटीपीएसी, पीएफसी (जिसमें पीएफसीसीएल) शामिल है जैसे सेवा संस्था सम्मिलित हैं। इनका पीएफसी के साथ 28 सालों से ज्यादा का अनुभव है तथा इन्होंने यूएमपीपी यूएमपीपी, आईटीपी तथा इक्विटी और वित्तीय उत्पादों तथा विद्युत क्षेत्र परामर्शक के रूप में कार्य किया है। इन्होंने पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड में बतौर सीईओ भी अपनी सेवा दी है।

31 मार्च 2017 की स्थिति के अनुसार, श्री चिन्मय गंगोपाध्याय के पास कंपनी के 21488 इक्विटी शेयर थे।

श्री नवीन भूषण गुप्ता

निदेशक (वित्त)

डीआईएन सं. : 00530741

57 वर्षीय श्री नवीन भूषण गुप्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के एक सदस्य हैं। इनका विद्युत क्षेत्र में 30 साल से ज्यादा का अनुभव है तथा इन्होंने एनटीपीएसी, पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड तथा पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसे संस्थानों में विभिन्न पदों पर कार्य किया। इन्हें फंड मैनेजमेंट, अंतरराष्ट्रीय वित्त, आंतरिक लेखापरीक्षा, अकाउंट फाइनलाइजेशन, उधार नीतियों, संसाधन जुटाव आदि के क्षेत्रों का बहुत ही गहरा अनुभव रहा है। इन्होंने सितंबर, 2005 में पीएफसी में योगदान दिया है तथा पीएफसी में निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्ति के पूर्व पीएफसी में कार्यपालक निदेशक (वित्त) के रूप में कार्य करते आ रहे हैं।

श्री नवीन भूषण गुप्ता के पास कंपनी में निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के समय आज की तारीख में 24584 इक्विटी शेयर थे।

डॉ. अरुण कुमार वर्मा

सरकारी नामिती निदेशक

डीआईएन सं. 02190047

58 वर्षीय डॉ. अरुण कुमार वर्मा 13 अक्तूबर, 2015 से पीएफसी में सरकारी नामिति निदेशक के पद पर हैं। वे गुजरात कैडर के भारतीय वन सेवा के 1986 बैच के अधिकारी हैं तथा वर्तमान में विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वह भौतिकी में मास्टर की डिग्री लिए हुए हैं तथा एफआरआई एंड सी, देहरादून से इंदिरा गांधी नेशनल फॉरेस्ट एकेडेमी (एआईजीएनएफए) के सहायक सदस्य हैं। उनके पास आदिवासी विकास नीति में डॉक्टरेट की डिग्री, भौतिकी और वानिकी में विज्ञान की परास्नातक डिग्री और आईआईएम बैंगलोर से लोक नीति एवं प्रबंधन में परास्नातक डिप्लोमा तथा सिरेसस विश्वविद्यालय, यूएसए से मैक्सवेल स्कूल ऑफ सिटिजनशिप एंड इंटरनेशनल अफेयर की डिग्री है।

इनके पास प्रशासनिक और प्रबंधन का 30 साल से ज्यादा का अनुभव है। इससे पहले इन्होंने विद्युत क्षेत्र में उत्तर गुजरात विज कंपनी लिमिटेड में प्रबंध निदेशक, के तौर पर कार्य किया है। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार में योगदान करने के पहले ये 29 जुलाई 2011 से 14 नवंबर 2014 तक गुजरात इकोलॉजी कमीशन, गांधीनगर के मेंबर सेक्रेटरी तथा विश्व बैंक निधियन इंटीग्रेटिड कोस्ट जोन मैनेजमेंट में बतौर परियोजना निदेशक रहे। ये रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में सरकारी नामिती निदेशक भी रह चुके हैं।

2017 की स्थिति के अनुसार, डॉ. अरुण कुमार वर्मा के पास कंपनी के शून्य इक्विटी शेयर थे।

श्री सीताराम पारीक

स्वतंत्र निदेशक

डीआईएन सं. : 00165036

65 वर्षीय श्री सीताराम पारीक के पास बी. कॉम, एफसीए, तथा डीआईएसए की डिग्री है। सन् 1975 से ये इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के सदस्य हैं। ये मैसर्स शारदा एंड प्रतीक, चार्टर्ड अकाउंटेंट, मुंबई के फाउंडर पार्टनर हैं तथा इनका कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षा, जिसमें सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं, सरकारी कंपनियां, बीमा और एनबीएफसी, गैर-लाभ वाले संस्थान इत्यादि में करीब 40 वर्षों से ज्यादा का अनुभव रहा है। इन्होंने कंपलाएंस ऑफ टैक्सेशन, अंतरराष्ट्रीय टैक्सेशन, ट्रांसफर प्राइसिंग, आयकर प्राधिकरण के समक्ष रिप्रेजेंटेशन, अपीलीय ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) तथा सेटलमेंट कमीशन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को संभाला।

ये मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में भी हैं जो एमएआरडीए तथा रिलायंस एडीए ग्रुप, जो कि मुंबई का पहला मेट्रो रेल परियोजना का संयुक्त उद्यम है। फरवरी, 2017 में पीएफसी में इनकी बोर्ड में नियुक्ति हुई थी।

31 मार्च 2017 के अनुसार श्री सीताराम पारीक के पास कंपनी का शून्य शेयर था।

भाग 02

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

- निदेशक मंडल की रिपोर्ट 2016-17
- फॉर्म सं. एमजीटी-9 वार्षिक विवरणी का सारांश
- वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए सीएसआर कार्यकलापों पर वार्षिक रिपोर्ट
- फॉर्म सं. एओसी-2
- प्रबंधकीय विचार-विमर्श तथा विश्लेषण रिपोर्ट
- निगमित शासन पर रिपोर्ट
- निगमित शासन का प्रमाण-पत्र
- व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट
- सचिवालयी लेखा-परीक्षा रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट 2016 –17

सेवा में,

सदस्यगण,

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.

आपके निदेशकों को 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान आपकी कंपनी के कार्य-निष्पादन पर 31वीं रिपोर्ट और लेखा-परीक्षित वित्तीय विवरण, लेखापरीक्षक रिपोर्ट, सचिवालय लेखापरीखक की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखाओं की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

1.0 वित्तीय और प्रचालनात्मक विशेषताएं

(क) लाभप्रदता

(₹ करोड़ में)

विवरण	2016-17	2015-16
अधिशेष निधियों का अथशेष	8898.37	8871.98
वर्ष के दौरान कर पूर्व लाभ	2126.39	6113.48
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (vii क) (ग) के अंतर्गत अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के प्रावधान हेतु आरक्षित निधि	(467.55)	(429.21)
आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अंतर्गत विशेष रूप से सृजित और अनुरक्षित निधि	(1803.78)	(2004.16)
डिबेंचर मोचन रिजर्व में हस्तांतरण	(298.02)	(316.27)
सामान्य संचित निधि में हस्तांतरण	0.00	(1101.00)
अंतरिम लाभांश	(1320.04)	(1755.66)
प्रस्तावित अंतिम लाभांश	0.00	(79.20)
अंतरिम लाभांश पर प्रदत्त निगमित लाभांश कर	(268.73)	(356.74)
प्रस्तावित निगमित लाभांश कर	0.00	(16.12)
उपयोगिता के आधार पर डिबेंचर मोचन निधि से हस्तांतरण	36.40	0.00
वर्ष के दौरान किया गया समायोजन	0.03	0.03
आयकर अधिनियम 1961 के अंतर्गत स्पेशल रिजर्व में अंतरण	0.00	(28.76)
अधिशेष राशि का इतिशेष	6903.07	8898.37

(ख) लैडिंग ऑपरेशन (आर–एपीडीआरपी/आईपीडीएस को छोड़कर)

(₹ करोड़ में)

विवरण	2016-17	2015-16
संस्वीकृति	100603	65042
संवितरण	62798	46588

(ग) एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस) प्रचालन (आर–एपीडीआरपी योजना सहित)

(₹ करोड़ में)

विवरण	2016-17	संचयी (मार्च 17 तक)
स्वीकृत परियोजना राशि		
क. आर-एपीडीआरपी	(922)*	37956
ख. आईपीडीएस	3018	26066
संवितरण		
क. आर-एपीडीआरपी	1581	10187
ख. आईपीडीएस	2333	2660

*नकारात्मक स्वीकृतियां ऋणों के रद्द होने को इंगित करती हैं।

2.0 वित्तीय निष्पादन

2.1 राजस्व

गत वित्त वर्ष 2015-16 में कमाए गए ₹27,564.31 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान, आपकी कंपनी द्वारा हासिल की गई कुल आय ₹27,018.57 करोड़ है। गत वर्ष के ₹27,473.65 करोड़ रुपए की तुलना में इस वर्ष प्रचालन आय ₹26,716.23 करोड़ है।

2.2 व्यय

पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, ₹18,503.65 करोड़ के व्यय की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल व्यय ₹21,908.78 करोड़ रहा। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बॉण्ड जारी करने में किए गए व्यय सहित वित्तीय प्रभार पिछले वर्ष 2015-16 में ₹16,507.25 करोड़ की तुलना में ₹16,459.27 करोड़ रहा। ये व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 में 89.21% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 में 75.13% हो गया है। कार्मिक लाभ और अन्य प्रशासनिक व्यय कुल व्यय का क्रमशः 0.52% तथा 0.31% रहा जो पिछले वर्ष 0.49% तथा 0.27% थे।

5X800 मेगावाट का कोयला आधरित यादादरी टीपीपी की स्थापना हेतु 'टीएसजीईएनसीओ' को ₹4009 करोड़ का सावधि ऋण जारी करने के लिए ऋण करार हस्ताक्षारित करते हुए। इस समारोह में श्री राजीव शर्मा, सीएमडी, पीएफसी, श्री डी प्रभाकर राव, सीएमडी, 'टीएसजीईएनसीओ' तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

2.3 लाभ

आपकी कंपनी ने वित्तीय 2015-16 में ₹6113.48 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 में ₹2126.39 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।

आपकी कंपनी आरबीआई पुनर्गठन संबंधी शर्तों के कार्यान्वयन के संदर्भ में आरबीआई के साथ पत्राचार कर रही थी। किए गए विभिन्न पत्राचार के आधार पर आरबीआई ने दिनांक 11 अप्रैल, 2017 को आपकी कंपनी को आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू करने का निर्देश दिया है और राज्य क्षेत्र की कंपनियों को ऋणों के ऋणकर्तावार वर्गीकरण, जिन्हें आरबीआई की विहित सीमाओं के भीतर डी सी सी ओ (वाणिज्यिक प्रचालन शुरू करने की तारीख) का लक्ष्य प्राप्त न करने के कारण एन पी ए के रूप में डाउनब्रेक किया जाता है, के लिए 31 मार्च, 2022 तक छूट प्रदान की है।

आपकी कंपनी 1 अप्रैल, 2015 से स्वीकृत किए गए उत्पादन परियोजनाओं के नए ऋणों के संदर्भ में आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू करती आ रही थी (1 अप्रैल, 2015 से पहले विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यथानुमोदित पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू किया)। आरबीआई का दिनांक 11 अप्रैल, 2017 के पत्र की प्राप्त होने के बाद आपकी कंपनी ने बकाया ऋणों (पारेषण और वितरण, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण और जीवन विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं के साथ-साथ हिमालयी क्षेत्र अथवा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्र में स्थित जल-विद्युत परियोजनाओं

को दिए गए ऋणों से इतर) के संबंध में आरबीआई पुनर्गठन संबंधी शर्तों का अनुपालन शुरू किया है। उत्पादन परियोजनाओं के ऐसे ऋणों, जो 31 मार्च, 2015 से पहले स्वीकृत किए गए थे और जिनका पुनर्गठन 1 अप्रैल, 2015 से किया गया है, के संदर्भ में परिणामी प्रावधान के साथ आरबीआई की शर्तों के अनुसार परिसंपत्ति वर्गीकरण 31 मार्च, 2017 से किया गया है। आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू करने (विद्युत मंत्रालय द्वारा यथानुमोदित शर्तों को छोड़कर) के परिणामस्वरूप वित्तीय प्रभाव (पी बी टी में कमी) ₹3954.55 करोड़ के रूप में है।

आरबीआई की शर्तों के अनुरूप संरेखण के कारण ₹59,304.01 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को डाउनग्रेड कर दिया गया, जिसमें से ₹35994.70 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को पुनर्गठित के रूप में और ₹23309.30 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को एन पी ए के रूप में डाउनग्रेड किया गया। इसके फलस्वरूप, कंपनी का लाभ ₹3954.55 करोड़ के रूप में बुरी तरह प्रभावित हुआ।

₹59304.01 करोड़ की प्रभावित सभी ऋण परिसंपत्तियां राज्य सरकार अथवा केंद्रीय क्षेत्र के पीएसयू से संबंधित हैं और सभी उत्पादन परियोजनाओं के लिए दी गई। इसके अलावा, सरकारी क्षेत्र के सभी ऋणकर्ता वित्तीय वर्ष 2016-17 में 100 प्रतिशत की वसूली दर से नियमित रूप से अपने ऋणों का भुगतान कर रहे हैं अर्थात 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार उनकी कोई देयताएं (₹4 करोड़ की राशि, जिसे 31 मार्च, 2017 के बाद समाशोधित किया गया, को छोड़कर) नहीं थी।

आरबीआई शर्तों के कारण प्रभावित हुए खातों के विवरण

(क) 4.25% के प्रावधान के साथ पुनर्गठित के रूप में डाउनग्रेड की गई ऋण परिसंपत्तियां

- प्रभावित सभी ऋण परिसंपत्तियां राज्य सरकार अथवा केंद्रीय क्षेत्र के पीएसयू से संबंधित हैं और सरकारी क्षेत्र के सभी ऋणकर्ता वित्तीय वर्ष 2016-17 में 100% की वसूली दर से नियमित रूप से अपने ऋणों का भुगतान कर रहे हैं ।
- ₹35994.70 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को मानक से पुनर्गठित परिसंपत्तियों के रूप में डाउनग्रेड किया गया, जिसका लाभ पर ₹1403.79 करोड़ का नकारात्मक प्रभाव पड़ा, पुनर्गठित की गई परिसंपत्तियां नीचे दिए अनुसार हैं :
  - 58% अथवा ₹ 20,890 करोड़ : पहले से ही स्थापित हैं और वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रत्यावर्तित कर दी जाएंगी
  - 31% अथवा ₹ 11,165 करोड़ : वित्तीय वर्ष 2017-18 में स्थापना के लिए अनुसूचित
  - 10% अथवा ₹ 3,670 करोड़ : वित्तीय वर्ष 2018-19 में स्थापना के लिए अनुसूचित
  - 1% अथवा ₹ 270 करोड़ : वित्तीय वर्ष 2019-20 में स्थापना के लिए अनुसूचित

(ख) 10% के प्रावधान के साथ एनपीए के रूप में डाउनग्रेड की गई ऋण परिसंपत्तियां

₹ 23,309.31 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को एनपीए के रूप में डाउनग्रेड किया गया, जिसका लाभ पर ₹ 2,550.76 करोड़ का नकारात्मक प्रभाव पड़ा, एनपीए के रूप में घोषित की गई परिसंपत्तियां नीचे दिए अनुसार हैं :

- 79% अथवा ₹ 18504 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2017-18 में अपग्रेड किया जाएगा, जिसमें से :
  - 68% अथवा ₹ 15,883 करोड़ : सी ओ डी पहले ही प्राप्त कर ली गई है
  - 2% अथवा ₹ 525 करोड़ : सी ओ डी प्राप्त की जानी है
  - 9% अथवा ₹ 2,096 करोड़ : सी ओ डी प्राप्त की जानी है
- 19% अथवा ₹ 4,494 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2018-19 में अपग्रेड किया जाएगा,
- 1% अथवा ₹ 312 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2019-20 में अपग्रेड किया जाएगा,

उपर्युक्त सभी परियोजनाओं राज्य सरकार की स्वामित्व वाली उत्पादन परियोजनाएं हैं और उनके पास एफ एस ए तथा पी पी ए उपलब्ध हैं और 100% वसूली के साथ नियमित रूप से ऋण का भुगतान भी कर रही हैं।

प्रबंधन को आरबीआई की शर्तों के कारण प्रभावित हुई ₹ 59,304.01 करोड़ की इन ऋण परिसंपत्तियों को लेकर कोई चिंता दिखाई नहीं देती है और उनके अगले कुछ वर्षों में भी मानक परिसंपत्तियों के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके अलावा, 79% एन पी ए के वित्तीय वर्ष 2017-18 में स्वत: ही अपग्रेड होने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, पिछले रिकार्ड के अनुसार सरकारी क्षेत्र के ऋणकर्ताओं को कभी भी एन पी ए के रूप में घोषित नहीं किया गया है (सिक्किम पावर, जो कि अब मानक परिसंपत्ति है तथा रत्नागिरी, जो एनटीपीसी तथा गेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के दो उपक्रमों का एक संयुक्त उद्यम है, को छोड़कर)।

यद्यपि आपकी कंपनी ने 1 अप्रैल, 2015 से निजी क्षेत्र की उत्पादन कंपनियों के लिए भी आरबीआई की शर्तों को भूतलक्षी प्रभाव से लागू किया है, फिर भी निजी क्षेत्र की उत्पादन परियोजनाओं के लिए कंसोर्टियम आधार पर निधियन के कारण बड़े पैमाने पर आरबीआई की शर्तों को लागू करने के बाद से अभी तक निजी क्षेत्र के किसी भी ऋण खाते को डाउनग्रेड नहीं किया है।

₹413.03 करोड़ की एक मानक परिसंपत्ति (आर के एम) से होने वाली आय के प्रत्यावर्तन और यू डी ए वाई से संबंधित भुगतान के कारण ₹ 225 करोड़ के अतिरिक्त कर बोझ के कारण वर्ष के दौरान लाभ भी प्रभावित हुआ। इसके अलावा, यह भी नोट किया जाए कि आय के इस प्रत्यावर्तन और आरबीआई की प्रावधानीकरण की नीति के अनुरूप अतिरिक्त प्रावधान के प्रभाव पर विचार किए बिना आपकी कंपनी का लाभ ₹6400 करोड़ रहा होता।

आरबीआई के प्रभाव के बिना परिसंपत्ति की गुणवत्ता

(i) वस्तुतः आरबीआई के प्रभाव के बिना वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आपकी कंपनी ने वास्तविक रूप से अपनी एन पी ए को निम्नानुसार घटाया है :

- ₹ 920 करोड़ के 4 ऋण खातों को मानक के रूप में अपग्रेड किया गया
- ₹442 करोड़ की एक उत्पादन क्षेत्र की ऋण परिसंपत्ति को एन पी ए के रूप में डाउनग्रेड किया गया

(ii) इसके साथ ही वर्ष के लिए एन पी ए का अनुपात निम्नानुसार रहा :

	आरबीआई के प्रभाव के साथ	आरबीआई के प्रभाव के बिना
सकल एन पी ए	12.50%	3.01% (पिछले वर्ष में 3.15% की तुलना में सुधार)
निवल एन पी ए	10.55%	1.68% (पिछले वर्ष में 2.55 % की तुलना में सुधार)

(iii) जहां तक बकाया पुनर्गठित बही का संबंध है, तो आरबीआई की शर्तों के कारण प्रभावित एक परिसंपत्ति से इतर ₹19,445.92 करोड़ है।

- 26% अथवा ₹ 5,000 करोड़ की परिसंपत्तियों की स्थापना पहले ही कर ली गई है, ₹4,500 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रत्यावर्तित किया जाएगा और ₹ 500 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रत्यावर्तित किया जाएगा।
- इस पुनर्गठित बही की 70% या ₹ 13,500 करोड़ की परिसंपत्तियों की सी ओ डी वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुसूचित है।
- ₹ 19,445.92 करोड़ की ये पूरी पुनर्गठित बही निजी क्षेत्र से संबंधित है।

अन्य वित्तीय विशेषताएं

(i) क्षेत्रीय चुनौतियों के बावजूद भी आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान मजबूत व्यापारिक वृद्धि दर्ज की है, जो निम्नलिखित के माध्यम से प्रदर्शित की गई है :

- ऋण स्वीकृतियों में 55% की वृद्धि अर्थात यह ₹ 65,042 करोड़ से बढ़कर ₹ 1,00,603 करोड़ हो गया है।
- संवितरण में 35% की वृद्धि अर्थात यह ₹ 46,588 करोड़ से बढ़कर ₹ 62,798 करोड़ हो गया है।
- वर्ष के दौरान ₹ 28,400 करोड़ के यू डी ए वाई से संबंधित भुगतानों के बावजूद भी संवितरण में वृद्धि के कारण एक सकारात्मक ऋण परिसंपत्ति वृद्धि देखी गई और ऋण परिसंपत्तियां 3% की वृद्धि के साथ ₹ 2,38,920 करोड़ से बढ़कर ₹ 2,45,525 करोड़ हो गई हैं।

(ii) आरबीआई के प्रभाव को ध्यान में रखे बिना पीएफसी ने ब्याज विस्तार के स्तर को भी 3.00% के स्वास्थ्यकर स्तर पर बनाए रखा था और वर्ष के लिए एन आई एम का प्रतिशत 4.50% बना रहा।

संसाधनों का दोहन

(i) आपकी कंपनी ने 7.47% की आंशिक लागत पर वर्ष के दौरान ₹ 66,800 करोड़ की राशि जुटाई है।

(ii) आपकी कंपनी ने पूंजी पर्याप्तता अनुपात आरबीआई की अपेक्षाओं के अनुरूप क्रमशः टियर-1 पूंजी के लिए 16.20% की तुलना में 19.28% तथा टियर-2 पूंजी के लिए 10% की तुलना में 15% के सहज स्तर पर बनाए रखा है।

(iii) आपकी कंपनी को 54 ईसी बॉण्ड जारी कर निधियां जुटाने की अनुमति दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप निधियां जुटाने के लिए पीएफसी की लगात को घटानें में सहायता मिलगी।

सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा विधिवत रूप से अधिप्रमाणित आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों के अनुरूप संरेखण के प्रभाव पर विचार किए बिना वित्तीय 2016-17 के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखाओं पर आधारित कंपनी का वित्तीय निष्पादन उपर्युक्त के बारे में बेहतर समझ के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में संलग्न है।

2.4 शेयर पूंजी

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार, आपकी कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी ₹ 2,640.08 करोड़ थी। इसमें ₹ 10 के अंकित मूल्य वाले 2,64,00,81,408 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिसमें से भारत सरकार के पास 66.35% प्रदत्त शेयर पूंजी है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, कंपनी ने मौजूदा इक्विटी शेयरधारकों को 1:1 के अनुपात में 1,32,00,40,704 बोनस इक्विटी शेयर आबंटित किए हैं।

2.5 लाभांश

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, ₹1,320.04 करोड़ के प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर ₹13.90 प्रति इक्विटी शेयर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹2,640.08 करोड़ के प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर ₹5 प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान भुगतान किए जाने वाले कुल लाभांश की राशि ₹1,320.04 करोड़ है जो कर पश्चात लाभ का 62.08% है तथा पिछले वर्ष लाभांश की राशि ₹1834.86 करोड़ थी जो कर पश्चात लाभ का 30.01% था।

आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों के अनुरूप संरेखण को ध्यान में रखते हुए कंपनी का लाभ पिछले वर्ष की तुलना में ₹2,126.39 करोड़ तक घट गया है। घटी हुई लाभप्रदता और ₹1588.77 करोड़ की राशि के रूप में पहले ही भुगतान कर दिए गए अंतरिम लाभांश (निगमित लाभांश कर सहित) को ध्यान में रखते हुए आपकी कंपनी का निदेशक मंडल आगामी लाभांश की घोषणा करने के लिए सिफारिश नहीं कर सका। तदनुसार इक्विटी शेयर पूंजी के 50% की दर से अंतरिम लाभांश को वर्ष के लिए कुल लाभांश के रूप में माना गया है।

3.0 प्रचालनात्मक निष्पादन

आपकी कंपनी ने राज्य, केंद्र और निजी क्षेत्र की कंपनियों (निकायों) को वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹1,00,603 करोड़ के ऋण की मंजूरी दी है। जिसमें ₹62,798 करोड़ की राशि उसी अवधि में संवितरित कर दी गई। इसके साथ 31 मार्च, 2017 को संचित रूप से मंजूर की गई कुल राशि ₹6,05,864 करोड़ हैं, तथा ₹4,55,355 करोड़ की राशि संवितरित की गई।

उपरोक्त के अलावा, वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान, आईपीडीएस योजना के तहत ₹3,018 करोड़ तथा आर-एपीडीआरपी योजना के तहत ₹28 करोड़ संवितरित किए गए। इसमें आईपीडीएस योजना के तहत ₹2,333 करोड़ तथा आर-एपीडीआरपी योजना के तहत ₹1,581 करोड़ उसी अवधि में संवितरित कर दिए गए। इस तरह आईपीडीएस के अंतर्गत ₹26,066 करोड़ तथा आर-एपीडीआरपी के तहत ₹37,956 करोड़ का परियोजना लागत तथा आईपीडीएस के तहत ₹2,660 करोड़ तथा आर-एपीडीआरपी के तहत ₹10,187 करोड़ का संवितरण किया गया।

श्री राजीव शर्मा, सीएमडी, पीएफसी, श्री डी. रवि निदेशक (वाणिज्यिक) एवं श्री सी. गंगोपाध्याय, निदेशक, (परियोजना), पीएफसी की उपस्थिति में श्री एस.पी. पिंमपलखुटे, निदेशक (वित्त), एमएस डीसी एल के साथ 3,000 करोड़ के लिए ऋण समझौता करते हुए।

3.1 वित्तीय सहायता (आर–एपीडीआरपी/आईपीडीएस को छोड़कर)

3.1.1 क्षेत्रवार

(₹ करोड़ में)

श्रेणी	2016-17		मार्च, 2017 तक जुड़ने वाला	
	स्वीकृतियां	संवितरण	स्वीकृतियां	संवितरण
राज्य क्षेत्र	82263	45757	441113	327802
केंद्रीय क्षेत्र	4118	4659	44865	42068
निजी क्षेत्र	11462	7652	92266	61137
संयुक्त क्षेत्र	2760	4730	27620	24348
जोड़	**100603**	**62798**	**605864**	**455355**

3.1.2 विषय–वार

(₹ करोड़ में)

श्रेणी	2016–17		मार्च 2017 तक संचयी	
	स्वीकृतियां	संवितरण	स्वीकृतियां	संवितरण
ताप-विद्युत उत्पादन	25884	21451	288662	223530
जल-विद्युत उत्पादन	8156	1327	53271	34058
पवन एवं सौर, बायोगैस और बायोमास	7021	2471	12298	6302
ताप-विद्युत केंद्रों और जल विद्युत - परियोजनाओं का नवीनीकरण एव आधुनिकीकरण	733	518	13656	10247
पारेषण	16666	3605	63542	32013
संवितरण	5697	1580	32399	18069
अल्पावधि ऋण	10638	8754	59381	56916
मध्यावधि ऋण	15749	14149	15962	14362
परिवर्ती वित्त	-	325	45532	42357
बायर्स लाइन ऑफ क्रेडिट	800	736	3704	2645
अन्य*	9259	7882	17457	14856
जोड़	**100603**	**62798**	**605864**	**455355**

*अन्य में, नियामक परिसंपत्तियों का निधियन, क्रेताओं की ऋण सीमा, उपस्कर विनिर्माण ऋण, ईंधन संसाधन विकास, बॉण्डों के मोचन (रिडेम्पशन) के लिए ऋण, कंप्यूटराईजेशन, परियोजना समाधान, पीएक्सआई के जरिए विद्युत क्रय, प्राप्त होने वाली धनराशियों के सापेक्ष ऋण, अध्ययन, बिल में छूट, अध्ययन, पूर्व -निवेश निधि, विकेंद्रीकृत प्रबंध, तकनीकी सहायता परियोजना आदि शामिल हैं।

3.2 आईपीडीएस/आर–एपीडीआरपी के अंतर्गत वित्तीय सहायता

(₹ करोड़ में)

योजना	2016–17		मार्च 2017 तक संचयी	
	स्वीकृत परियोजना लागत	संवितरण*	स्वीकृत परियोजना लागत	संवितरण*
आर–एपीडीआरपी				
भाग क (आईटी)	(28)#	604	5382	3397
भाग क (स्काडा)	0	51	1556	512
भाग ख	(894)	926	31018	6278
जोड़	**(922)**	**1581**	**37956**	**10187**
आईपीडीएस				
आईपीडीएस	**3018**	**2333**	**26066**	**2660**

*उपर्युकत के अलावा, वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान विद्युत मंत्रालय द्वारा आईपीडीएस के अंतर्गत नोडल एजेंसी की फीस के रूप में/विभिन्न समर्थकारी कार्यकलापों के लिए ₹47 करोड़ की राशि जारी की गई, इसके अलावा आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत पीएफसी द्वारा किए गए वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति सहित भाग-ग के अंतर्गत ₹101 करोड़ की राशि जारी की गई और पीएफआरपी - 2015 के अंतर्गत जम्मू और कष्मीर राज्य की परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों को विद्युत मंत्रालय द्वारा ₹304.70 करोड़ की राशि का सीधे संवितरण किया गया है। विद्युत मंत्रालय द्वारा आईपीडीएस के अंतर्गत नोडल एजेंसी के शुल्क के रूप में/समर्थकारी कार्यकलापों के लिए समेकित रूप से ₹77 करोड़ की राशि और आर - एपीडीआरपी के भाग-ग के अंतर्गत ₹364 करोड़ की राशि जारी की गई है।
#आर-एपीडीआरपी (भाग क - आईटी) के अंतर्गत अनुमोदित परियोजना लागत ही निवल लागत है (वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान स्वीकृत राशि ₹28 करोड़ और रद्द की गई राशि ₹55.35 करोड़ है)।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए आईपीडीएस/आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत एमओपी के साथ स्वीकृत एमओयू लक्ष्य और वर्ष के दौरान प्राप्त की गई वास्तविक उपलब्धियों के विवरण नीचे तालिका में दिए गए हैं :

क्र. सं.	एमओयू के मानदंड	वित्त वर्ष		समेकित	
		लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक
1	भाग-क पूर्ण-कार्यान्वयन शुरू (कस्बे)	171	134	1393	1356
2	आईपीडीएस के अंतर्गत कस्बों में कार्य सौंपा गया (कस्बे)	361	1203	361	1203
3	नेशनल पावर पोर्टल (एनपीपी) (फीडर) के जरिए ऊर्जा की निगरानी	17374	17521	24248	24395
4	भाग - ख कार्यों का पूर्ण होना (कस्बे)	358	358	783	783
5	स्काडा नियंत्रण केंद्रों की स्थापना (कस्बे)	6	7	51	52
6	स्काडा प्रणाली का पूर्ण होना (कस्बे)	18	18	18	18

4.0 वसूली

आपकी कंपनी अपने मूलधन, ब्याज आदि की बकाया राशि की वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। रुपए सावधि ऋणों के अंतर्गत मूलधन, ब्याज आदि, बिल डिस्काउंटिंग, कार्यशील पूंजी, लीज फाइनेंस, विदेशी मुद्रा ऋणों, उपस्कर वित्त घोषणा एवं गारंटी फीस की फ्रइस वर्ष वसूल की जाने वाली ₹47,657.03 करोड़ की राशि में से वास्तविक रूप से ₹46,076.16 करोड़ की राशि वसूल की गई, जो 96.68% (पिछले वर्ष 94.50%) की समग्र वसूली दर है।

वर्ष के दौरान, कंपनी के गैर-निष्पादन ऋण परिसंपत्तियों में ₹3,898.23 करोड़ की वृद्धि हुई है। कंपनी ने वर्ष 2016-17 तक अपने वार्षिक लेखाओं में ऋण परिसंपत्तियों की तुलना में गैर-निष्पादन परिसंपत्तियों (एनपीए) के लिए ₹5356.25 करोड़ की कुल राशि का प्रावधान किया है। एनपीए के लिए प्रावधान करने के पश्चात निवल गैर-निष्पादन परिसंपत्तियों (एनपीए) का स्तर ₹25,345.96 करोड़ रिकॉर्ड किया गया है जो 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कुल ऋण परिसंपत्तियों का 10.55% है।

उपर्युक्त के अलावा कंपनी ने 31 मार्च, 2017 को मानक परिसंपत्तियों तथा बकाया मानक परिसंपत्तियों के लिए क्रमशः ₹557.84 करोड़ तथा ₹2,356.23 करोड़ का प्रावधान किया है, जिससे बफर प्रावधान उपलब्ध कराकर पीएफसी का तुलन-पत्र सुदृढ़ होगा और आपकी कंपनी में निवेशकों, नियामकों और अन्य शेयरधारकों का विश्वास बढ़ाने के लिए उन्हें प्रेरित करेगा।

शोलायर पावर हाऊस–I के नवीनीकरण आधुनिकीकरण और ऑपरेटिंग तथा 2X800 मेगावाट कोयला आधारित 'यूवीपीयूआर टीपीएस' की स्थापना के लिए टेनजेडको को ₹ 5474 करोड़ तथा विद्युत पारेषण नेटवर्क के सुदृढीकरण के लिए टेनट्रांसको को ₹ 3654 करोड़ के लिए ऋण करार करते हुए।

5.0 पुनर्गठित ऋण

वर्ष 2016-17 के दौरान पुनर्गठित ऋणों के विवरण निम्नानुसार हैं:

(₹ करोड़ में)

विवरण		वित्तीय वर्ष 2016–17	वित्तीय वर्ष 2015–16
पुनर्गठित मानक ऋण	कर्जदारों की संख्या	11	5
	बकाया राशि	36,445.60	14192.68
पुनर्गठित उप मानक ऋण	कर्जदारों की संख्या	-	-
	बकाया राशि	-	-
पुनर्गठित संदेहास्पद ऋण	कर्जदारों की संख्या	-	-
	बकाया राशि	-	-
जोड़	**कर्जदारों की संख्या**	11	5
	बकाया राशि	**36445.60**	**14192.68**

2 ऋणकर्ताओं के बीच में ₹735.67 करोड़ का पुनर्गठन किया गया है।

6.0 ऋण

6.1 जमा

आपकी कंपनी एक गैर जमाकर्ता एनबीएफसी है और इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान इसने कोई भी सार्वजनिक राशियां स्वीकार नहीं की हैं।

6.2 घरेलू बाजार से ऋण

घरेलू बाजार से मुख्य ऋण निम्नलिखित हैं :

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	स्रोत	राशि
1.	वाणिज्यिक कागजात	28,673.91
2.	बॉण्ड्स- निजी स्थान (टैक्स योग्य)	36,115.00
3.	आवधिक ऋण	2,000.00
	जोड़	**66788.91**

इसके अलावा, निजी प्लेसमेंट के द्वारा भारत सरकार का पूर्णत: सेवा बॉण्ड जारी करके ₹5000 करोड़ अर्जित किए गए।

6.3 बाह्य ऋण

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आपकी कंपनी ने बाह्य वाणिज्यिक ऋण के जरिए कोई निधि नहीं जुटाई है ।

6.4 नकदी क्रेडिट/ओवरड्राफ्ट सुविधाएं

अपने दिन प्रतिदिन के प्रचालनों के लिए आपकी कंपनी ने निधि आधारित संसाधनों के अधिकतम सदुपयोग के लिए आपकी कंपनी ने विवेकपूर्ण रणनीतियों का अनुपालन जारी रखा। किसी भी वित्तीय तरलता को हैज करने के लिए या उस कठिनाई को दूर करने के लिए अल्पकालिक निधियन हेतु विभिन्न अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों के साथ 31 मार्च, 2017 को ₹12,960 करोड़ तक की बड़ी क्रेडिट लाइनें बनाए रखी गई, जिसके लिए सदुपयोग की सीमाओं के मद में कोई प्रतिबद्धता प्रभार लागू नहीं होता है।

7.0 ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी आमेलन तथा विदेशी विनिमय उपार्जन एवं व्यय का विवरण

7.1 ऊर्जा संरक्षण/प्रौद्योगिकी आमेलन

चूंकि आपकी कंपनी के पास अपनी कोई विनिर्माणकारी सुविधा नहीं हैं इसलिए ऊर्जा संरक्षण तथा प्रौद्योगिकी आमेलन के संबंध में कोई महत्वपूर्ण विवरण नहीं है।

श्री राजीव शर्मा, सीएमडी, पीएफसी तथा श्री संतानु बासु, सीएमडी, डब्लूबीपीडीसीएल, पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में सागार्दिघी टीपीएस के चरण-प्प के अंतर्गत (1x660 मेगावाट) यूनिट-5 के निर्माण के लिए डब्लूबीपीडीसीएल के लिए ₹2,703.88 करोड़ के सावाधि ऋण हेतु 'ऋण करार' आदान-प्रदान करते हुए।

7.2 विदेशी विनिमय उपार्जन एवं व्यय

₹254.01 करोड़ की विदेशी विनिमय व्यय ऋण सेवाओं, वित्तीय एवं अन्य प्रभारों तथा प्रशिक्षण खर्चों हेतु किया गया।

वित्त वर्ष 2016-17 के लिए विदेशी विनिमय उपार्जन शून्य था।

8.0 क्रेडिट रेटिंग

घरेलू

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कंपनी के घरेलू कार्यक्रम के लिए घरेलू क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के द्वारा क्रेडिट रेटिंग किया गया, जो निम्नलिखित हैं:-

क्र. सं.	रेटिंग एजेंसी	दीर्घावधि रेटिंग	अल्पावधि रेटिंग
1.	सीआरआईएसआईएल	स्थायी आउटलुक के साथ सीआरआईएसआईएल एएए	सीआरआईएसआईएल ए1+
2.	आईसीआरए	आईसीआरए एएए	आईसीआरए ए1+
3.	सीएआरई	सीएआरई एएए	सीएआरई ए1+

अंतरराष्ट्रीय

अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के द्वारा क्रेडिट रेटिंग :

क्र. सं.	रेटिंग एजेंसी	रेटिंग
1.	फिच रेटिंग	बीबीबी–/ स्थायी
2.	स्टैडर्ड एंड पुअर (एस एंड पी)	बीबीबी–/ स्थायी
3.	मूडीज़	बीएए3/ सकारात्मक

9.0 जोखिम प्रबंधन

9.1 परिसंपत्ति देयता प्रबंधन

आपकी कंपनी ने एक प्रभावी परिसंपत्ति देयता प्रबंधन प्रणाली लागू की है और निदेशक वित्त की अध्यक्षता में एक परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) गठित की गई है। एएलसीओ तरलता और ब्याज दर से संबंधित जोखिमों की निगरानी करती है और एएलसीओ की बैठकों में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन पर नजर रखती है। परिसंपत्ति देयता प्रबंधन ढांचा (वित्त) में परिसंपत्ति प्राप्ति और कर्ज संबंधी सेवा बाध्यताओं के दीर्घकालिक तरलता प्रोफाइल का आवधिक विश्लेषण शामिल है। ऐसा विश्लेषण आगामी 10 वर्षों के लिए वार्षिक बकेट में हर माह किया जाता है और इसका प्रयोग समय, मात्रा और ऋण प्रोफाइल की परिपक्वता, नई परिसंपत्तियों का सृजन और समयावधि अल्पकालिक, मध्यम और दीर्घकालिक) के संदर्भ में परिसंपत्तियों और देयताओं के मिश्रण से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए किया जाता है जहां एक ओर तरलता जोखिम की निगरानी तरलता अंतराल विश्लेषण की सहायता से की जा रही है, वहीं दूसरी ओर ब्याज दर जोखिम का प्रबंधन ब्याज दर संवेदनशीलता संबंधी अंतराल विवरण के विश्लेषण, ब्याज दर के परिवर्तन पर जोखिम से अर्जन (ईएआर) के मूल्यांकन और निर्धारित तथा फ्लोटिंग ब्याज दरों के मिश्रण से परिसंपत्तियों और देयताओं का सृजन कर किया जा रहा है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार परिसंपत्तियों व देयताओं की कुछ मदों का परिपक्वता प्रोफाईल नीचे दिया गया

(₹ करोड़ में)

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार, लेखापरीक्षित तुलन–पत्र पर आधारित परिसंपत्तियों व देयताओं की कुछ मदों का परिपक्वता पैटर्न							
विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2021-22 के बाद	जोड़
अग्रिम (रुपए ऋण परिसंपत्तियां)	32652	18241	20830	19371	18911	135260	**245265**
विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां	5	0	0	0	0	255	**260**
निवेश (निवल प्रावधान)	1326	0	0	0	0	2265	**3591**
विदेशी मुद्रा देयताएं	1187	19	1641	2810	1836	951	**8444**
ऋण (रुपए देयताएं)	26980	31907	26444	25562	22591	60931	**194415**

9.2 विदेश मुद्रा जोखिम प्रबंध

आपकी कंपनी ने विदेशी मुद्रा ऋणों से संबंधित जोखिमों के प्रबंधन के लिए मुद्रा जोखिम प्रबंधन (सीआरएम) नीति बनाई है। कंपनी ने मुद्रा वायदा, विकल्प, मुख्य विनिमय (स्वाप), ब्याज दर स्वाप और वायदा दर करारों जैसे विभिन्न लिखितों के माध्यम से मुद्रा विनिमय के लिए विनिमय दर एवं ब्याज दर जोखिम को कवर करने के लिए कई संव्यवहार किए हैं।

31 मार्च, 2017 को कुल विदेशी मुद्रा देयताएं 895 मिलियन अमेरिकी डॉलर, 43,668 मिलियन जापानी येन और 17 मिलियन यूरो की हैं। समग्र आधार पर मुद्रा विनिमय दर जोखिम को संव्यवहार लिखतों के माध्यम से और विदेशी मुद्रा में ऋण देकर क्रमशः 24% की सीमा तक सुरक्षित किया गया है।

9.3 उद्यमव्यापी एकीकृत जोखिम प्रबंधन

आपकी कंपनी ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि जोखिमों की निगरानी और प्रबंधन प्रभावशाली ढंग से की जाती है इसके लिए एक तंत्र स्थापित किया है। इस संबंध में आपकी कंपनी ने विभिन्न जोखिमों की निगरानी करने, विभिन्न जोखिम प्रबंधन नीतियों और पद्धतियों की जांच करने और प्रचालनों के दौरान होने वाले जोखिमों के नियंत्रण के उपाय करने के लिए निदेशकों की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया था। इसकी सुविधा के लिए कंपनी ने एकीकृत उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन नीति (आईआरएम नीति) बनाई है।

कंपनी ने ऐसे 21 जोखिमों (8 मात्रा निर्धारणीय जोखिम और 13 मात्रा अनिर्धारणीय जोखिम) का अभिनिर्धारण किया है जिससे कंपनी की लाभप्रदता/कारोबार प्रभावित हो सकता है। आईआरएम नीति को कार्यान्वित करने के लिए तथा पहचान किए गए जोखिमों की मॉनीटरिंग/रिपोर्टिंग के लिए जोखिम प्रबंध अनुपालन समिति का गठन किया गया।

10.0 अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाएं (यूएमपीपी) और स्वतंत्र पारेषण परियोजनाएं (आईटीपी)

10.1 यूएमपीपी

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आपकी कंपनी को लगभग 4000 मेगावाट क्षमता वाली अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना (यूएमपीपी) के विकास हेतु 'नोडल एजेंसी' के रूप में नामित किया गया है। ऐसी सोलह अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं की पहचान की गई है जिन्हें मध्य प्रदेश (सासन), गुजरात (मुंद्रा), आंध्र प्रदेश (कृष्णापट्टनम), झारखंड (तिलैया), छत्तीसगढ़ (सर्गुजा), कर्नाटक, महाराष्ट्र (मुंगे), तमिलनाडु (चेय्यूर), उड़ीसा (सुंदरगढ़), बिहार (बांका), उत्तर प्रदेश, उड़ीसा में दो अतिरिक्त यूएमपीपी और दो यूएमपीपी तमिलनाडु, गुजरात और झारखंड (देवघर) में यूएमपीपी के रूप में स्थापित किया जाना है।

यूएमपीपी एक सुविधा प्रदाता के रूप में विद्युत मंत्रालय के साथ मिलकर इन यूएमपीपी के विकास हेतु भारत सरकार की एक पहल है जबकि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) इस पहल का एक तकनीकी भागीदार है। 31 मार्च, 2017 तक आपकी कंपनी द्वारा 19 विशेष प्रयोजनीय वाहनों (एसपीवी) की स्थापना की गई है, जिसमें से 14 एसपीवी का उपयोग इन परियोजनाओं के लिए बोली प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु आरंभिक स्थल निरीक्षण संबंधी आवश्यक कार्य के लिए किया गया। इन एसपीवी को कार्यान्वयन और प्रचालन के लिए टैरिफ आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चयनित सफल बोलीदाता (बोलीदाताओं) को हस्तांतरित किया जाएगा। पीएफसी के द्वारा दो पांच अतिरिक्त एसपीवी (इंफ्रा एसपीवी) घरेलू कोयला आधारित यूएमपीपी (उड़ीसा, बिहार, देवघर तथा तिलैया यूएमपीपी) के मामले में पावर प्लांट तथा जमीन के होल्ड करने के लिए तथा चेय्यूर यूएमपीपी के लिए जमीन के लिए तथा उड़ीसा यूएमपीपी के कोल ब्लॉक के लिए स्थापित किया गया है। इन परियोजनाओं से विद्युत के खरीददारों को इन एसपीवी को स्थानांतरित कर दिया जाएगा

नीचे दर्शाए अनुसार इन 19 (उन्नीस) एसपीवी में से 4 (चार) सफल बोलीदाताओं को हस्तांतरित कर दिए गए हैं:

क्र. सं.	एसपीवी का नाम	सफल बोलीदाता	हस्तांतरण की तारीख
1	कोस्टल गुजरात पावर लिमिटेड	दि टाटा पावर कंपनी लिमिटेड	22 अप्रैल 2007
2	सासन पावर लिमिटेड	रिलायंस पावर लिमिटेड	7 अगस्त 2007
3	कोस्टल आंध्रा पावर लिमिटेड	रिलायंस पावर लिमिटेड	29 जनवरी 2008
4	झारखंड इंटीग्रेटिड पावर लिमिटेड*	रिलायंस पावर लिमिटेड	7 अगस्त 2009

*रिलायंस पावर लिमिटेड/झारखंड इंटीग्रेटिड पावर लिमिटेड (जेआईपीएल) ने 28 अप्रैल, 2015 को विद्युत क्रय करार (पीपीए) का बर्खास्तगी नोटिस जारी किया है। खरीददारों ने बर्खास्तगी को स्वीकार कर लिया है जिसके बाद जेआईपीएल को पीएफसी के द्वारा पुनर्बोली के लिए स्वीकार किया जाएगा।

10.2 आईटीपी

विद्युत मंत्रालय ने निजी क्षेत्र की सहभागिता से पारेषण प्रणाली के विकास और सुदृढ़ीकरण हेतु भी टैरिफ आधारित प्रतियोगी बोली प्रक्रिया शुरू की है।

इस पहल का उद्देश्य भारत में पारेषण क्षमता का विकास और आरंभिक सर्वेक्षण कार्य, मार्ग की पहचान, सर्वेक्षण रिपोर्ट की तैयारी, सब-स्टेशनों, यदि कोई हैं के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ करने, वन स्वीकृति, यदि आवश्यक है, प्राप्त करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करने और बोली प्रक्रिया संचालित आदि करने के लिए आरंभिक कार्य पूर्ण होने पर ऐसी परियोजनाओं के विकास के पश्चात संभावित निवेशकों की तलाश करना है।

मार्च, 2017 तक स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं (आईटीपी) के लिए अब तक 25 (पच्चीस) विशेष प्रयोजनीय वाहनों (एसपीवी) की स्थापना की गई है। इसमें से 2 पीएफसी द्वारा और अन्य 23 (तेईस) पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड, पीएफसी के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी द्वारा स्थापित किए गए हैं। इन 25 एसपीवी में से बोकारो-कोडर्मा मैथोन ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का दिसंबर, 2010 में परिसमापन कर दिया गया तथा 17 (सत्रह) एसपीवी 31 मार्च 2017 तक सफल बोलीदाताओं को हस्तांतरित कर दिए गए हैं।

वर्ष के दौरान, विद्युत मंत्रालय ने टैरिफ आधारित प्रतियोगी बोली प्रक्रिया के द्वारा शामिल की जाने वाली चार नई स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं के लिए बोली पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड को प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में नियुक्त किया है। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड ने इन परियोजनाओं तथा शुरूआती बोली प्रक्रिया के लिए निम्नलिखित विवरण के अनुसार चार एसपीवी को पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में शामिल किया है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	एसपीवी	स्थापना की तारीख	वर्तमान स्थिति
1.	जैसलमेर, राजस्थान के फतेहगढ़ में अल्ट्रा मेगा सौर पार्क के लिए पारेषण प्रणाली	फतेहगढ़- भाडला ट्रांसमिशन लिमिटेड	30.12.2016	बोली प्रक्रिया होने वाली है।
2.	i) गोवा को अतिरिक्त 400 केवी फीड ii) राजगढ़ (तमनार) पूल में उत्पादन परियोजना पूल से पावर इवैक्युएशन के लिए अतिरिक्त प्रणाली	गोवा-तमनार ट्रांसमिशन लिमिटेड	16.01.2017	बोली प्रक्रिया होने वाली है।
3.	शांगटांग करचम एचईपी से 450 मेगावाट एचपीपीसीएल तक दीर्घावधि पहुंच एलटीए) तथा कनेक्टिविटी	शांगटांग करचम-वांगटू ट्रांसमिशन लिमिटेड	13.01.2017	बोली प्रक्रिया होने वाली है।
4.	i) लैंको विदर्भ थर्मल पावर प्राइवेट लिमिटेड (एलवीटीपीपीएल) के लिए कनेक्टिविटी प्रणाली ii) मध्य प्रदेश के छत्तरपुर क्षेत्र में अंतरराज्यीय पारेषण प्रणाली सुदृढीकरण	बिजावर-विदर्भ ट्रांसमिशन लिमिटेड	13.01.2017	आरएफक्यू इनपुट सीईए से प्रतीक्षित है।

वर्ष के दौरान निम्नलिखित पांच एसपीवी सफल बोलीदाताओं को हस्तांतरित किए गए :

क्र. सं.	एसपीवी	सफल बोलीदाता	हस्तांतरण की तारीख
1.	उड़ीसा जेनरेशन फेज -II ट्रांसमिशन लिमिटेड	स्टरलाईट ग्रिड 3 लिमिटेड	08.04.2016
2.	वरोरा-कुर्नुल ट्रांसमिशन लिमिटेड	एसेल इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड	06.07.2016
3.	गुड़गांव-पलवल ट्रांसमिशन लिमिटेड	स्टरलाईट ग्रिड 4 लिमिटेड	14.07.2016
4.	मेदनीपुर-जीरत ट्रांसमिशन लिमिटेड	पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	28.03.2017
5.	कोहिमा-मरियानी ट्रांसमिशन लिमिटेड	कल्पतरू पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड	31.03.2017

उत्तर क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना- XXXIII'' (बल्लभगढ़-जीएन ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, तथा ''उत्तर क्षेत्र प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना-XXXV'' (एसपीवी-मोहिंदरगढ़ - भिवानी ट्रांसमिशन लिमिटेड) नामक योजनाओं को टैरिफ आधारित बोली प्रक्रिया के जरिए डी नोटिफाई कर दिया गया है। इन दो एसपीवी के परिसमापन के लिए प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

11.0 एकीकृत विद्युत विकास योजना (पुनर्गठित–त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम (आर– एपीडीआरपी) को आईटी में आमेलित करने के बाद)

शहरी क्षेत्र में विद्युत वितरण क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रेरणा प्रदान करने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 03 दिसंबर, 2014 में ''एकीकृत विद्युत विकास योजना'' (आईपीडीएस) नामक एक सुधार कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

(i) शहरी क्षेत्रों में वितरण नेटवर्कों तथा उप पारेषण का सुदृढ़ीकरण;

(ii) शहरी क्षेत्रों में वितरण ट्रांसफॉर्मरों/फीडरों/उपभोक्ताओं की मीटरिंग;

(iii) आर-एपीडीआरपी के लिए अनुमोदित परिव्यय को आईपीडीएस के लिए आगे ले जाकर 12वीं और 13वीं पंचवर्षीय योजनाओं के लिए आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत वितरण क्षेत्र को सूचना प्रौद्योगिकी की दृष्टि से सक्षम बनाना और वितरण नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण।

पूर्ववर्ती आर-एपीडीआरपी की नई योजना शुरू की गई तथा आईपीडीएस योजना में आमेलित कर दिया गया है।

उपर्युक्त घटकों (i) और (ii) के लिए ₹32612 करोड़ का अनुमानित परिव्यय रखा गया है, जिसमें कार्यान्वयन की पूरी अवधि के दौरान भारत सरकार की ओर से ₹25354 करोड़ की बजटीय सहायता शामिल है।

सीसीईए द्वारा दिए गए अनुमोदन के अनुसार ₹22,727 करोड़ की बजटीय सहायता सहित ₹44,011 करोड़ की आर-एपीडीआरपी योजना लागत को आईपीडीएस की नई योजना के लिए आगे ले जाया जाएगा, जो घटकों (i) और (ii) के लिए यथानिर्धारित परिव्यय के अलावा होगा।

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आईपीडीएस कार्यक्रम (आर-एपीडीआरपी योजना का इसमें विलय किए जाने के बाद) के कार्यान्वयन में नोडल एजेंसी होने के नाते वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण योगदान दिया है :

आईपीडीएस

- वित्तीय वर्ष 2016-17 तक आपकी कंपनी ने आईपीडीएस के अंतर्गत ₹3,018 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की है तथा संचित रूप से ₹26,066 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।
- आपकी कंपनी ने आईपीडीएस के अंतर्गत स्वीकृत किए गए कस्बों के लिए लाभार्थी बिजली कंपनियों को वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ₹2,333 करोड़ की राशि स्वीकृत भी कर दी है तथा ₹2,660 करोड़ की राशि संवितरित की गई है।

श्री राजीव शर्मा, सीएमडी, पीएफसी तथा श्रीमती राधिका झा, पूर्व कार्यपालक निदेशक (आईपीडीएस), पीएफसी माननीय केंद्रीय विधि तथा न्याय राज्यमंत्री श्री पी.पी. चौधरी से पीएफसी द्वारा विकसित 'ऊर्जा ऐप' के लिए 'वन ग्लोब आवार्ड फार एक्सीलेंस इन इनेबलिंग ए मोबाइल इकॉनमी' प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्राप्त करते हुए।

आर–एपीडीआरपी

- आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016-17 तक संचित रूप से सभी पात्र 1405 कस्बों के लिए भाग - क (आईटी) योजनाओं, भाग - क (स्काडा) योजनाओं और 1228 कस्बों के लिए भाग - ख योजनाओं को स्वीकृत किया है तथा ₹37,956 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 की स्थिति के अनुसार आपकी कंपनी ने ₹1581 करोड़ की राशि संवितरित भी की है तथा आर-एपीडीआरपी के अंतर्गत राज्य क्षेत्र की बिजली कंपनियों को संचित रूप से ₹10187 करोड़ की राशि संस्वीकृत की है।

कार्यान्वयन की प्रगति

आईपीडीएस

आईपीडीएस के अंतर्गत परियोजना प्रबंधन एजेंसी की नियुक्ति 55 कंपनियों में कर दी गई है और 53 कंपनियों में टीपीए पर हस्ताक्षर कर दिए गए हैं।

₹22,483 करोड़ मूल्य के जारी किए गए एनआईटी में से स्वीकृत किए गए कुल 538 सर्किलों में से 223 सर्किलों में ₹13,809 करोड़ मूल्य की परियोजनाएं पहले ही सौंप दी गई हैं और उपर्युक्त सर्किलों में परियोजनाओं का कार्यान्वयन शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा आपकी कंपनी ने काउंटरपार्ट ऋण के रूप में ₹2,233 करोड़ की राशि भी स्वीकृत की है तथा वर्ष के दौरान आईपीडीएस के अंतर्गत ₹57 करोड़ की राशि संवितरित की जा चुकी है।

नोडल एजेंसी के रूप में आपकी कंपनी आईपीडीएस के अंतर्गत परियोजनाओं के संवर्ती मूल्यांकन और नमूना आधार पर जांच के लिए तृतीय पक्षकार की संवर्ती मूल्यांकन एजेंसी (टीपीएसीईए) की नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

आर–एपीडीआरपी

अब तक किए गए उपायों से 21 राज्यों में से संचित रूप से 20 राज्यों में डेटा केंद्र, 21 में से 19 केंद्रों में आपदा रिकवरी केंद्र तथा 46 में से 40 कस्टमर केयर केंद्रों की स्थापना कर दी गई है। इसके अलावा 28 राज्यों के 1356 शहरों को गो-लाइव घोषित कर दिया गया है तथा 49 शहरों में गो-लाइव की प्रक्रिया जारी है अर्थात जम्मू कश्मीर (15) तमिलनाड (8), पुद्दूचेरी (4), ओडिशा (12), अरूणाचल प्रदेश (4), मिजोरम (3) तथा नागालैंड (3) ऐसे 1356 गो-लाइव कस्बों में सभी व्यापार प्रक्रिया सॉफ्टवेयर मॉड्यूल प्रचालनरत हैं और प्रणाली की सहायता से ऊर्जा लेखापरीक्षा रिपोर्ट तैयार की जा रही हैं।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने आर-एपीडीआरपी के भाग 'ख' के अंतर्गत ₹457 करोड़ की राशि और काउंटरपार्ट ऋण के रूप में समेकित रूप से ₹1,877 करोड़ की राशि संवितरित की है। वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने और उसमें सुधार करने तथा एकीकृत तकनीकी और वाणिज्यिक (एटी एंड सी) हानियों को 15% या उससे नीचे लाने के लिए भाग-ख के अंतर्गत समेकित रूप से 1227 कस्बों में कार्यान्वयन का कार्य शुरू कर दिया गया है और समेकित रूप से 783 कस्बों में प्रणाली सुदृढ़ीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

स्वीकृत किए गए कुल 72 स्काडा नियंत्रण केंद्रों में से समेकित रूप से 52 स्काडा नियंत्रण केंद्रों की स्थापना कर ली गई है और 72 स्काडा कस्बों में से 18 में कार्य पूरा हो चुका है।

प्रशासनिक और अन्य उपायों के साथ-साथ विभिन्न कस्बों में भाग-ख परियोजनाओं के पूरा होने और आईटी प्रणालियों की स्थापना के कारण 1024 आर-एपीडीआरपी कस्बों कार्यान्वयन के पश्चात वाली रिपोर्टों के अनुसार) में एटी एंड सी हानियों में कमी पहले ही दिखाई दे रही है। इस प्रकार, आपकी कंपनी वितरण कंपनियों की वित्तीय हालत में सुधार की दिशा में अपना योगदान देती रहेगी।

अन्य विकास कार्य :

- 10 वितरण कंपनियों का अध्ययन किया गया, जहां पिछले 5 वर्षों के दौरान एटी एंड सी हानियों में कमी हुई थी। समिति ने एटी एंड सी हानियों को कम करने के लिए इन कंपनियों द्वारा अपनाए गए विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी और वाणिज्यिक हस्तक्षेपों (उपायों) के बारे में जानकारी दी । जुलाई, 2016 में सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट प्रकाशित की गई।
- नेशनल पावर पोर्टल (एनपीपी) के एक अभिन्न भाग के रूप में शहरी वितरण फीडर निगरानी प्रणाली का विकास किया जा रहा है। पीएफसी के साथ-साथ एनआईसी इस परियोजना का कार्यान्वयन कर रहा है। 28 राज्यों में 46 डिस्कॉमों का 11 केवी फीडर डाटा प्राप्त हो गया है और उसे एनपीपी पर एकीकृत किया जा चुका है। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार एनपीपी पर डिस्कॉमों द्वारा 24395 फीडरों का लेन-देन डाटा अपलोड किया जा चुका है और 28878 फीडरों का मास्टर डाटा ऑनबोर्ड किया जा चुका है। इसके अलावा, 6752 अतिरिक्त फीडरों से डाटा वित्तीय वर्ष 2017-18 में उपलब्ध होने की संभावना है।
- आईपीडीएस/आर-एपीडीआरपी की वेब आधारित परियोजना निगरानी के लिए घरेलू स्तर पर एक प्रणाली विकसित की गई है। वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) नियमित अंतराल पर परियोजनाओं के अधिनिर्णय संबंधी विवरण, क्रियान्वयन के विवरण के साथ-साथ उनकी वित्तीय प्रगति के विवरण पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड कर रही हैं। विद्युत मंत्रालय/पीएफसी इस प्रणाली के माध्यम से परियोजना कार्यान्वयन और प्रगति की निगरानी ऑनलाइन कर रहे हैं।
- आर -एपीडीआरपी कस्बों के लिए एसएआईडीआई/एसएआईएफआई रिपोर्टों के रूप में विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता से जुड़ा डाटा संकलित किया जा रहा है। कार्यान्वयन के बाद वाली रिपोर्टों (डी1 से डी7) के आधार पर एटी एंड सी हानियों को कम करने के लिए उत्तरवर्ती आवश्यक प्रशासनिक उपाय करने के लिए विद्युत कंपनियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- कार्यान्वयन शुरू होने के पश्चात मानदंडों के लिए वेब विश्लेषण सुविधा के साथ आईटीडीएस पोर्टल को सुदृढ़ किया गया : अब इसमें 7 गो-लाइव मानदंड शामिल हैं : अर्थात एटी एंड सी हानियों को कम करना, उपभोक्ता शिकायत निवारण, नए कनेक्शन देना, उच्च हानि वाले फीडर और विद्युत विश्वसनीयता सूचकांक (एसएआईएफ/एसएआईडीआई), फीडर मीटर संचार तथा ई-भुगतान रिपोर्ट के साथ-साथ उनका ग्राफीय वेब विश्लेषण।
- पीएफसी ने विद्युत मंत्रालय की ओर से पीएफसी की नीति के अनुसार पूरी तरह से संविदा आधार पर शहरी विद्युत अभियंता (यूवीए) के रूप में आईपीडीएस परामर्शदाताओं को नियुक्त किया है। आज की स्थिति के अनुसार पीएफसी ने ऐसे 42 यूवीए नियुक्त किए हैं। पीएफसी ने इन यूवीए को आईपीडीएस परियोजना कार्यान्वयन की निगरानी के लिए डिस्कॉमों में तैनात किया है।
- पीएफसी ने विद्युत मंत्रालय की ओर से शहरी क्षेत्रों में वितरण परियोजनाओं की निगरानी, शहरी विद्युत वितरण क्षेत्र से उपभोक्ताओं के बेहतर संपर्क आदि के लिए 'ऊर्जा' नामक एक मोबाइल ऐप (अर्बन ज्योति अभियान) का विकास किया है। इस ऐप में विभिन्न बिजली कंपनियों में दैनिक आधार पर आउटेज की अनुसूचियां भी उपलब्ध हैं। www.urjaindia.co.in. नामक वेबसाईट पर 'ऊर्जा' ऐप का वेब संस्करण भी उपलब्ध है। इस ऐप को तृतीय ई-लेट पीएसयू समिट में बेहतर उपभोक्ता संपर्क के लिए 'संचार और सूचना प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के सर्वाधिक कुशल इस्तेमाल' हेतु पुरस्कार के रूप में पहला लॉरेल पुरस्कार दिया गया। आपकी कंपनी को भी 6वें वार्षिक एकल वैश्विक फोरम में ऊर्जा ऐप के लिए ''मोबाईल अर्थव्यवस्था को समर्थ बनाने में उत्कृष्टता के लिए एक प्रतिष्ठित वैश्विक पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया।
- एनटीपीसी के विद्युत प्रबंधन संस्थान (पीएमआई) में आयोजित ''वितरण प्रणाली की कार्य कुशलता में सुधार के लिए उपाय'' विषय पर पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ आईपीडीएस के अंतर्गत बिजली कंपनियों के कार्मिकों के लिए क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण फिर से शुरू किया गया।

12.0 सुधार और पुनर्गठन की दिशा में पहल

विद्युत कंपनियों का श्रेणीकरण

निधिकरण के उद्देश्य से आपकी कंपनी राज्य की विद्युत कंपनियों, अपने प्रधान ऋणकर्ताओं को ए++, ए+, ए, बी और सी श्रेणियों में वर्गीकृत करती है। राज्य विद्युत उत्पादन एवं पारेषण कंपनियों का श्रेणीकरण (द्विवार्षिक) इनके प्रचालन एवं वित्तीय निष्पादन जिसमें नियामक वातावरण लेखापरीक्षा आदि शामिल है, सहित पूर्व निर्धारित मानदंडों के आधार पर किया जाता है। राज्य विद्युत वितरण कंपनियों के (एसईबी/एकीकृत प्रचालन सहित कंपनियां भी शामिल हैं), पीएफसी की मानक श्रेणीकरण नीति में विद्युत मंत्रालयों की एकीकृत रेटिंग ए+, ए, बी और सी श्रेणियों को अपनाने का प्रावधान किया गया है। यह श्रेणीकरण पीएफसी को ऋण सीमाओं का विनिर्धारण करने और राज्य विद्युत कंपनियों को दी जाने वाली क्रेडिट सीमा व ऋण की कीमत निर्धारित करने में समर्थ बनाता है। 03 अगस्त 2017 की स्थिति के अनुसार 106 विद्युत कंपनियों की श्रेणियां बनाई गई जिनमें से 4 को ''ए++'' 31 को ''ए+'' श्रेणी में रखा गया, 35 को ''ए'' श्रेणी में 23 को ''बी'' श्रेणी में और 13 को ''सी'' श्रेणी में रखा गया।

राज्य विद्युत संस्थाओं की तिमाही और वार्षिक निष्पादन रिपोर्ट

वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने राज्य विद्युत कंपनियों के मौजूदा निष्पादन की तिमाही रिपोर्ट को वितरण क्षेत्रों पर फोकस करने तथा इस रिपोर्ट को और भी सूचनापरक और आकर्षक बनाने के लिए प्रकाशित करने की पहल की है। संशोधित तिमाही रिपोर्ट के सूचना/फॉर्मेट को सीएआरई तथा आईसीआर से परामर्श करने तथा विभिन्न स्टेकहोल्डरों से विचार-विमर्श करने के बाद विकसित किया गया।

नए तिमाही रिपोर्ट के लिए डेटा 40 वितरण कंपनिया, जो वार्षिक एकीकृत रेटिंग अभ्यास के अंदर आती हैं, से एकत्र किया गया है।

जुलाई-सितंबर 2015 के साथ–साथ अप्रैल- जून 2015 तथा वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए आंकड़ों के साथ संशोधित रिपोर्ट का पहला संस्करण विद्युत मंत्रालय द्वारा जून, 2016 में प्रकाशित किया गया। 2016-17 की चौथी तिमाही का अद्यतन संस्करण अपने पूरे रिपोर्ट के साथ जून 2017 में सौंपा गया।

पीएफसी राज्य क्षेत्र की विद्युत कंपनियों (एसपीयू) के निष्पादन पर वार्षिक आधार पर भी एक रिपोर्ट प्रकाशित करता है। वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2014-15 के लिए राज्य क्षेत्र की 100 विद्युत कंपनियों को शामिल करते हुए उनके निष्पादन पर रिपोर्ट का 13वां संस्करण जुलाई, 2016 में विद्युत मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया। वित्तीय वर्ष 2013-14 से 2015-16 के लिए 14वां संस्करण के रिपोर्ट का अभी संकलन किया जा रहा है। यह रिपोर्ट प्रमुख वित्तीय और प्रचालनात्मक मानदंडों पर राज्य क्षेत्र की विद्युत कंपनियों के निष्पादन का एक व्यापक अध्ययन है। रिपोर्ट में प्रमुख निष्पादन मानदंड अर्थात लाभप्रदता, आपूर्ति की औसत लागत और औसत वसूली (रुपए प्रति किलोवाट) के बीच अंतर, निवल मूल्य, नियोजित पूंजी, प्राप्त होने वाली राशियों, देय राशियों, क्षमता (मेगावाट), उत्पादन (एमकेडब्ल्यूएच), एटी एंड सी हानियों का प्रतिशत (%) आदि और कंपनी, राज्य, क्षेत्र और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र में खपत के पैटर्न का विश्लेषण शामिल हैं ।

13.0 नीतिगत पहलें

आपकी कंपनी अपनी उधार एवं प्रचालन नीतियों/दिशा-निर्देशों/उत्पादों को बाजार की अपेक्षाओं और निगम के उद्देश्यों के अनुरूप बनाने के लिए इनकी सतत समीक्षा और संशोधन करती है।

वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफसी ने अपनी नीतियों/दिशा-निर्देशों/उत्पादों को अल्पावधि और ऋणकर्ता की दृष्टि से अधिक अनुकूल बनाने के प्रयोजन से ऋण के पुनर्वित्तपोषण और निजी क्षेत्र द्वारा विद्युत उत्पादन के लिए ग्रिड से जुड़ी सोलर पीवी परियोजनाओं के लिए निधियां उपलब्ध कराने के संदर्भ में समीक्षा की है।

वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने सावधि ऋण और अल्पकालिक ऋण के संदर्भ में उनके स्थायित्व और उन्हें बाजार के अनुकूल बनाने के लिए ब्याज दरों तथा वित्तीय दरों/मूल्यों की समीक्षा की और उन्हें संशोधित किया।

बाजार में बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ ब्याज दरों को लेकर चिंताओं के बावजूद भी आपकी कंपनी अपने व्यापार विकास और लाभप्रदता के लक्ष्यों को संतुलित बनाए रखने में सफल रही ।

14.0 नवीकरणीय ऊर्जा तथा स्वच्छ विकास प्रक्रिया

विद्युत अवसंरचना के सबसे महत्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो स्थायी आर्थिक विकास के लिए नितांत आवश्यक हैं। भारतीय विद्युत क्षेत्र महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसके फलस्वरूप उद्योग जगत का दृष्टिकोण पुनः परिभाषित हो रहा है। स्थायी आर्थिक विकास से भारत में विद्युत की मांग लगातार बढ़ रही है। भारत सरकार ने 'सभी के लिए बिजली' जैसी पहलों पर जोर दिया है, जिसके फलस्वरूप देश में विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ग्रिड संबंधी विद्युत उत्पादन क्षमता के क्षेत्र में एक उदीयमान क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। यह जहां एक ओर सरकार की स्थायी विकास की सूची का समर्थन करता है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समाधान के एक अभिन्न अंग के रूप में भी उभरकर सामने आया है और ऊर्जा अभिगम के लिए एक अनिवार्य क्षेत्र बन गया है। यह महसूस किया गया है कि आनेवाले वर्षों में ऊर्जा सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने में नवीरकणीय ऊर्जा क्षेत्र को अपेक्षाकृत अधिक जिम्मेदार भूमिका अदा करनी होगी और इसे ऊर्जा आयोजना प्रक्रिया के एक अभिन्न अंग के रूप में काम करना होगा।

भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के परिदृश्य में पिछले कुछ वर्षों के दौरान आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं। ये परिवर्तन मुख्यतया सौर ऊर्जा के योगदान को बढ़ाने के लिए त्वरित और महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ नीतिगत ढांचे में देखने को मिले हैं। भारत सरकार ने 2022 तक 175 गीगावाट संस्थापित क्षमता का लक्ष्य प्राप्त करने का निष्चय किया है। इसमें पवन ऊर्जा से 60 गीगावाट, सौर ऊर्जा से 100 गीगावाट बायोमास ऊर्जा से 10 गीगावाट और लघु जल विद्युत परियोजनाओं से 5 गीगावाट ऊर्जा उत्पादन शामिल है।

भारत सरकार द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिए जाने के फलस्वरूप इस क्षेत्र में निवेश के लिए बहुत ही आकर्षक अवसर पैदा हुए हैं।

उपर्युक्त के अलावा वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफसी ने जल विद्युत उत्पादन के लिए ₹8,156 करोड़ की राशि स्वीकृत की है और ₹1,327 करोड़ की राशि संवितरित की है। इसके अतिरिक्त पीएफसी ने पवन, सौर, बायो गैस और बायोमास क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं के लिए ₹7,021 करोड़ की राशि स्वीकृत की है और इसी अवधि के दौरान ₹2,471 करोड़ की राशि संवितरित की है।

आध्र प्रदेश राज्य में गरीब बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने हेतू एपी एस एस डी सी को ₹ 5 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। अमरावति में आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री एन. चन्द्रबाबू नायडू की उपस्थिति में पीएफसी तथा एपीएसएसडीसी के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

15.0 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋणों, गारंटियों अथवा निवेश के विवरण

आपकी कंपनी एक गैर–वित्तीय बैंकिंग कंपनी होने के नाते वित्त–पोषण कंपनियों के कारोबार में लगी हुई है और इस प्रकार इसके ऋण प्रचालन को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के संगत प्रावधानों से छूट प्राप्त है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान किए गए निवेश के विवरण निम्नानुसार हैं :

- एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसिज लिमिटेड (ईईएसएल), जो पीएफसी, आरईसी, एनटीपीसी और पावर ग्रिड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, में पीएफसी ने ₹124 करोड़ की राशि वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान निवेश किया हैं । इनमें से ₹99 करोड़ की शेयर अनुप्रयोग धनराशि आबंटन के लिए लंबित है। आबंटन के लिए लंबित अनुप्रयोग धनराशि पीएफसी को वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान 25.04.2016 को पूरी तरह से आबंटित की गई।
- वर्ष के दौरान कंपनी ने भारत सरकार के निर्णय के अनुसार ₹10 प्रति इक्विटी शेयर के आधारभूत मूल्य पर ओएफएस मार्ग के जरिए एनएचपीसी के 26,05,42,051 इक्विटी शेयरों में निवेश किया है। शेयरों को ₹21.78 प्रति शेयर के हिसाब से सब्सक्राइब किया गया है, कुल निवेश का मूल्य ₹567.50 करोड़ है, जिसमें सभी सांविधिक और अन्य व्यय शामिल हैं।

श्री माहेश्वरम जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसएमएचपीसीएल) के एक ऋणदाता होने के नाते, जिसे संदेहास्पद ऋण संपत्ति के रूप में श्रेणीकृत किया गया है, कंपनी ने इक्विटी शेयर के प्लेज लिए गए। इसलिए 6,57,46,779 इक्विटी शेयर जिसमें प्रत्येक ₹10 के इक्विटी शेयर शामिल हैं, प्रमोटरों द्वारा प्लेज किए गए तथा कंपनी को 01 जून, 2016 को हस्तांतरित किए गए। ये इक्विटी शेयर ₹1 के मूल्य वाले शेयर के रूप में जाने गए।

इसके अलावा ₹66.10 करोड़ की सीमा के भीतर पहले दिए गए उप ऋणों के प्राथमिक प्रत्यावर्तन पर 01 जून, 2016 को आपकी कंपनी को प्रत्येक ₹10 के 6,61,00,000 के इक्विटी शेयर आबंटित किए गए हैं। ₹66.10 करोड़ की राशि वाले इन शेयरों के मूल्य में कमी के लिए आरबीआई के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार एक प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड जीसीईएल)नामक अन्य ऋणकर्ता के मामले में आपकी कंपनी ने अनुमोदित रणनीतिक ऋण पुनर्गठन (एसडीआर) पैकेज के अंतर्गत इसके ऋण को इक्विटी के रूप में परिवर्तत किया है और दिनांक 23 फरवरी, 2017 को प्रत्येक ₹10 के 27,50,00,000 इक्विटी शेयर कंपनी को आबंटित किए गए हैं। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार निवेश के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान की गणना ₹81.95 करोड़ के रूप में की गई है। कंपनी ने आरबीआई के एसडीआर मानदंडों के अनुसार चार कैलेंडर तिमाहियों में प्रावधान को वितरित करने का विकल्प चुना है। तदनुसार चालू वर्ष की अंतिम तिमाही में ₹20.49 करोड़ के निवेश के मूल्य में कमी के लिए एक प्रावधान किया गया है। ₹61.46 करोड़ के निवेश के मूल्य में बकाया कमी के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रावधान किया जाएगा।

16.0 सहायक कंपनियां

परामर्श सेवाओं, नवीकरणीय ऊर्जा, कंसोर्टियम लैंडिंग, इक्विटी वित्त–पोषण आदि के क्षेत्रों में अतिरिक्त कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आपकी कंपनी द्वारा आज की तारीख तक अपने पूर्ण स्वामित्व वाली निम्नलिखित सहायक कंपनियों की स्थापना है :

(i) पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड
(ii) पीएफसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड
(iii) पीएफसी कैपिटल एडवायजरी सर्विसिस लिमिटेड
(iv) पावर इक्विटी कैपिटल एडवायजर्स प्राइवेट लिमिटेड

कंपनी के निदेशक मंडल ने पीएफसी कैपिटल एडवायजरी सर्विसिस लिमिटेड (पीएफसीसीएएस) का पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) के साथ विलय करने के लिए अपना अनुमोदन प्रदान किया है। यह परिकल्पना की गई है कि पीएफसीसीएएस का प्रचालन क्षेत्र (ऋण सिंडिकेशन, डिबेंचर ट्रस्टी, रणनीतिक/वित्तीय परामर्श सेवाएं) पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के प्रचालन क्षेत्र (सुधार संबंधी परामर्श सेवाएं), टैरिफ आधारित बोली प्रक्रिया परामर्श सेवाएं, संचार सेवाएं आदि) के पूरक के रूप में हो सकता है और इस प्रकार पीएफसीसीएल तथा पीएफसीसीएएस के आपस में विलय से दोनों के बीच सहस्ताक्रिया स्थापित होगी।

इसके अलावा पीएफसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (पीएफसी जीईएल) और पीएफसी लिमिटेड के निदेशक मंडलों ने क्रमशः अपनी दिनांक 18 जुलाई, 2016 और 09 अगस्त, 2016 को आयोजित की गई संगत बैठकों में पीएफसी जीईएल के पीएफसी के साथ विलय के लिए अपना सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया।

विलय की प्रक्रिया चल रही है।

इसके अतिरिक्त, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने आपकी कंपनी को अल्ट्रा मेगा पावर परियोजनाओं के विकास को सुकर बनाने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी यानि पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं के लिए एक 'बोली प्रक्रिया समन्वयक' है। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार, इस उद्देश्य के लिए कंपनी को निम्नलिखित विशेष प्रयोजनीय वाहनों (एसपीवी) के जरिए निम्नलिखित सहायक कंपनियों की स्थापना की है।

i) छत्तीसगढ़ सरगुजा पावर लिमिटेड (पूर्ववर्ती अकलतारा पावर लिमिटेड)
ii) कोस्टल कर्नाटक पावर लिमिटेड
iii) कोस्टल महाराष्ट्र मेगा पावर लिमिटेड
iv) कोस्टल तमिलनाडु पावर लिमिटेड
v) उड़ीसा इंटीग्रेटिड पावर लिमिटेड
vi) साखीगोपाल इंटीग्रेटिड पावर कंपनी लिमिटेड
vii) घोगरपल्ली इंटीग्रेटिड पावर कंपनी लिमिटेड
viii) तातिया आंध्रा मेगा पावर लिमिटेड
ix) देवघर मेगा पावर लिमिटेड
x) चेय्यूर इंफ्रा लिमिटेड
xi) उड़ीसा इंफ्रा पावर लिमिटेड
xii) देवघर इंफ्रा लिमिटेड
xiii) बिहार इंफ्रा पावर लिमिटेड
xiv) बिहार मेगा पावर लिमिटेड
xv) झारखंड इंफ्रा पावर लिमिटेड
xvi) बल्लभगढ़-जीएन ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड*
xvii) टांडा ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड*
xviii) मोहिंदरगढ़-भिवानी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड*
xix) दक्षिण-केंद्रीय पूर्वी दिल्ली ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड*
xx) फतेहगढ़-भाडला ट्रांसमिशन लिमिटेड*
xxi) बिजावर्-विदर्भ ट्रांसमिशन लिमिटेड*
xxii) शौंगटांग करचम-वांगटू ट्रांसमिशन लिमिटेड*
xxiii) गोवा-तमनार ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट लिमिटेड*

**पीएफसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी*

16.1 पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड

आपकी कंपनी अपनी सलाहकारी सेवा समूह (सीएसजी) के माध्यम से ही विद्युत क्षेत्र को अक्तूबर 1999 से ही परामर्शी सहायता उपलब्ध करा रही है। सीएजी कंपनी के अनुभव को बल प्रदान करके, इस समूह द्वारा दी गई सेवाओं की प्रशंसा करके तथा विद्युत क्षेत्र को सुधारने में ऐसी सेवाओं की क्षमता को पहचानकर आपकी कंपनी ने इन सेवाओं को विशेष समर्पित व्यवसाय उद्यम के तहत आयोजित करने का फैसला लिया है। विद्युत क्षेत्र को व्यावसायिक परामर्श सहायता प्रदान करने और विद्युत क्षेत्र में सुधार के लिए ऐसी सेवाओं की क्षमता को मान्यता देने के उद्देश्य से आपकी कंपनी ने 25 मार्च, 2008 को आपकी कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी के रूप में पीएफसी कंसल्टिंग लि. (पीएफसीसीएल) का गठन किया, जिससे कि इसे अपने कार्यकलापों में अपेक्षित स्वायत्तता और लचीलापन प्रदान किया जा सके। पीएफसीसीएल को विद्युत क्षेत्र में परामर्श सेवाओं को बढ़ावा देने, संगठित करने और संचालित करने का अधिदेश दिया गया और वर्तमान में यह अल्ट्रा मेगा पावर परियोजना (यूएमपीपी) और स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं (आईटीपी) के विकास से संबंधित कार्य भी कर रही है। पीएफसीसीएल को विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र पारेषण परियोजनाओं (आईटीपी) के लिए विकासकर्ताओं के चयन हेतु ''बोली प्रक्रिया समन्वयक'' (बीपीसी) के रूप में नामित किया गया है।

पीएफसीसीएल द्वारा प्रस्तावित सेवाएं मुख्य रूप से इन क्षेत्रों से है:-

- विद्युत अधिनियम 2003 के कार्यान्वयन के फलस्वरूप उत्पन्न होने वाले सुधार, पुनर्गठन और नियामक पहलू जैसे मुद्दों पर सलाहकारी सेवाएं।
- विद्युत क्षेत्र के विभिन्न अनुभागों के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार टैरिफ आधारित प्रतियोगी बोली प्रक्रिया
- परियोजना गठन/योजना/विकास/विशेष अध्ययन, कार्यान्वयन निगरानी, दक्षता सुधार परियोजनाएं
- मानव संसाधन प्रबंधन योजना
- संगठन निष्पादन सुधार योजनाओं की तैयारी
- विद्युत क्षेत्र हेतु समझौते से संबंधित सेवाए
- वित्तीय प्रबंधन, संसाधन लामबंदी, लेखा प्रणाली आदि
- कोयला ब्लॉक विकास
- नवीकरणीय तथा गैर पारंपरिक ऊर्जा परियोजना विकास
- वितरण प्रणाली सुधार योजना के लिए सलाहकारी सेवाएं
- आईपीडीएस तथा डीडीयूजीजेवाई योजनाओं के अंतर्गत परियोजना प्रबंधन कार्यकलाप
- स्मार्ट ग्रिड के लिए कार्यान्वयक एजेंसी की पूरी परियोजना रिपोर्ट तथा चयन
- विद्युत की खरीद के लिए डीईईपी पोर्टल के तहत बोली प्रक्रिया

अब तक, पीएफसीसीएल द्वारा 23 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में फैल 57 क्लाइंट तक कंसल्टेंसी सर्विस पहुंचाई है। अब तक पूरे किए गए कुल असाइंमेंटों की संख्या 104 है।

इसके अलावा वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफसीसीएल की प्रचालनगत आय ₹120.67 करोड़ थी जबकि वित्त वर्ष 2015-16 में यह ₹73.55 करोड़ रही तथा वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफसीसीएल द्वारा कमाया गया निवल लाभ ₹57.85 करोड़ रहा जोकि पिछले वित्त वर्ष में ₹37.06 करोड़ था।

16.2 पीएफसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड

पीएफसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (पीएफसीजीईएल) 30 मार्च, 2011 को एक पूर्ण स्वायत्त वाली सहायक कंपनी के रूप में हरित (नवीकरणीय एवं गैर-पारंपरिक) ऊर्जा संसाधनों को बढ़ावा देने हेतु वित्त–पोषण करने एवं वित्तीय सेवा प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया। 31 मार्च, 2017 को पीएफसी जीईएल लिमिटेड की प्राधिकृत शेयर पूंजी ₹1200 करोड़ रूपए है और प्रदत्त शेयर पूंजी ₹300 करोड़ जिसमें ₹10 मूल्य के 10 करोड़ इक्विटी शेयर तथा ₹10 मूल्य के 20 करोड़ पूर्णतः परिवर्तनीय प्राथमिकता शेयर शामिल हैं।

पीएफसीजीईएल और पीएफसी के बोर्ड निदेशकों ने पीएफसी में पीएफसीजीईएल के विलय को अपनी बैठकों जो क्रमशः 18 जुलाई, 2016 तथा 9 अगस्त, 2016 को आयोजित हुई थी, में अनुमोदन दिया।

पीएफसी जीईएल ने वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान अपनी वृद्धि जारी रखी है। वित वर्ष 2016-17 के दौरान कुल राजस्व में 67% की वृद्धि हुई जो ₹38.71 करोड़ से बढ़कर ₹64.79 करोड़ हो गई है। वित्त वर्ष 2016-17 में कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 31% की वृद्धि के साथ ₹32.95 करोड़ से बढ़कर ₹43.14 करोड़ हो गई है तथा कर पश्चात लाभ (पीएटी) 33% की वृद्धि के साथ ₹22.60 करोड़ से बढ़कर ₹30.15 करोड़ हो गई है।

धारक कंपनी के साथ कंपनी के प्रस्तावित विलय को ध्यान में रखते हुए इसके द्वारा पहले से स्वीकृत की गई विभिन्न जारी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए कंपनी ने ₹283.51 करोड़ की राशि संवितरित की है। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी का ऋण पोर्टफोलियो ₹629.60 करोड़ था।

पीएफसी जीईएल ने वित्त वर्ष 2016-17 दौरान पीएफसी जीईएल ने 'स्वच्छ भारत कोष' में ₹53.85 लाख का योगदान किया है।

16.3 पीएफसी कैपिटल एडवाइजरी सर्विसिस लिमिटेड

पीएफसी कैपीटल एडवाइजरी सर्विसिस लिमिटेड (पीएफसीसीएएस) आपकी कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी के रूप में 18 जुलाई, 2011 को स्थापना की गई ताकि सिंडिकेशन सेवाओं सहित वित्तीय सलाहकार सेवाओं की क्षेत्रीय आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। कंपनी की प्राधिकृत पूंजी ₹1 करोड़ है तथा कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी ₹0.10 करोड़ है।

वर्ष के दौरान पीएफसी सीएएस की प्रचालन से कुल आय ₹1.53 करोड़ है जबकि कंपनी का कर पश्चात लाभ ₹1.06 करोड़ है।

इसके अलावा, पीएफसी लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पीएफसी कैपिटल एडवायजरी सर्विसिस लिमिटेड (पीएफसीसीएएस) के निदेशक मंडल की सिफारिशों के अनुरूप नियामक और अन्य अनुपालनों के अध्यधीन पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड (पीएफसीसीएल) के साथ पीएफसी सीएएस के विलय के लिए अपना सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया।

16.4 पावर इक्विटी कैपिटल एडवायजर्स प्राइवेट लिमिटेड

पावर इक्विटी कैपिटल एडवायजर्स प्राइवेट लिमिटेड (पीईसीएपी), आपकी कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी व्यापारिक प्रस्तावों के अभाव में कोई भी कारोबार करने में सफल नहीं रही है, जबकि पीएफसी द्वारा इसका अधिग्रहण भी कर लिया गया था और तदनुसार विद्युत मंत्रालय से इस कंपनी को समाप्त करने और कंपनियों के पंजीयक के रिकॉर्ड से कंपनी का नाम हटवाने के लिए अनुमोदन मांगा गया है, जो अभी तक विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के विचाराधीन है।

17.0 संयुक्त उद्यम, एसोसिएट कंपनियां और अन्य प्रमुख निवेश (31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार)

17.1 एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसिस लिमिटेड

एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसिस लिमिटेड (ईईएसएल) को 10 दिसंबर, 2009 को स्थापित किया गया। ईईएसएल को भारत और विदेश दोनों में ही एनर्जी एफिशिएंसी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक कंपनी द्वारा 25% की समान इक्विटी सहभागिता के साथ पावर ग्रिड, एनटीपीसी, आरईसी और पीएफसी के द्वारा संयुक्त रूप से प्रोत्साहित किया गया। यह उन्नत ऊर्जा दक्षता पर राष्ट्रीय मिशन (एनएमईईई) के प्रमुख कार्यान्वयन स्तंभों में से एक है। 31 मार्च, 2016 को आपकी कंपनी ने ₹10 प्रति शेयर के हिसाब से ईईएसएल की पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरपूंजी में 9,90,00,000 का सब्सक्राइब किया है तथा इसका आबंटन 25 अप्रैल, 2016 को किया गया। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार ईईएसएल में आपकी कंपनी की हिस्सेदारी 31.71% थी। ईईएसएल ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए ₹51.86 करोड़ पिछले वर्ष ₹37.08 करोड़ का कर पश्चात लाभ रिपोर्ट किया है।

17.2 पीटीसी इंडिया लिमिटेड

पीटीसी इंडिया लिमिटेड (पीटीसी) को पावर ग्रिड एनटीपीसी, एनएचपीसी और पीएफसी द्वारा संयुक्त रूप से बढ़ाया गया। आपकी कंपनी ने ₹12 हजार करोड़ का निवेश किया है जो पीटीसी की कुल इक्विटी का 4.05% है। पीटीसी भारत में पावर ट्रेडिंग सामाधान उपलब्ध कराने वाली एक अग्रणी कंपनी है। भारत सरकार ने सार्वजनिक निजी भागीदारी की शुरूआत की है, जिसका प्राथमिक फोकस देश में वाणिज्यिक रूप से अधिक सक्रिय विद्युत बाजार का विकास करना है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान पीटीसी ने 42.32 बीयू कंपनियाँ ट्रेडिंग वाल्यूम के साथ अपना नेतृत्व का स्थान बरकरार रखा है। पीटीसी ने वर्ष के दौरान ₹290.87 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज कराया है।

17.3 पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड

पावर एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड (पीएक्सआईएल) भारत का पहला संस्थागत रूप में संवर्धित पावर एक्सचेंज है जो भारतीय विद्युत बाजार का कायाकल्प करने के लिए नवाचारी और विश्वसनीय समाधान उपलब्ध कराता है। पीएक्सआईएल विद्युत के कारोबार के लिए राष्ट्रव्यापी इलेक्ट्रॉनिक एक्सचेंज की सुविधा प्रदान करता है और विद्युत कारोबार तथा पारेषण स्वीकृति से संबंधित सेवाएं प्रदान करता है। इसके साथ-साथ यह पारदर्शी, तटस्थ और दक्ष इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराता है। पीएक्सआईएल बहुत से उत्पाद जैसे डे अहेड, डे अहेड कंटिंजेंसी, एनीडे, इंट्राडे और साप्ताहिक संविदा आदि प्रस्तावित करता है। पीएक्सआईएल नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाण-पत्रों के लिए ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। पीएफसी ने इस एक्सचेंज में ₹3.22 करोड़ 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार पीएक्सआईएल की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का 6.64%) का इक्विटी निवेश किया है। पीएक्सआईएल के निवल मूल्य में ह्रास के कारण पीएफसी ने अपनी खाता बही में निवेश के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान के रूप में ₹3.22 करोड़ की पूरी निवेश राशि का प्रावधान किया है।

17.4 श्री माहेश्वर जल–विद्युत निगम लिमिटेड

जून, 2016 में पीएफसी ने श्री माहेश्वर जल–विद्युत निगम लिमिटेड (एसएमएचपीसीएल) के ऋणदाताओं में से एक ऋणदाता होने के नाते समय-समय पर यथा संशोधित दिनांक 30 नवंबर, 2006 के बंधक विलेख और दिनांक 29 सितंबर, 2006 के अधीनस्थ ऋण करार के अनुसार एसएमएचपीसीएल के प्रमोटरों द्वारा बंधक रखे गए शेयरों को पीएफसी के पक्ष में तलब करते हुए और उप कर्ज वाले ऋण को आंशिक रूप से इक्विटी शेयरों में परिवर्तित करते हुए अपने कानूनी अधिकारों का प्रवर्तन किया है। बंधक रखे गए शेयरों को तलब करने और उप कर्ज के परिवर्तन के फलस्वरूप एसएमएचपीसीएल में पीएफसी की शेयरधारिता ₹10 के प्रत्येक शेयर के रूप में 13,18,46,779 इक्विटी शेयर रह गई है, जो एसएमएचपीसीएल की कुल प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी के 23.32% के समतुल्य है।

17.5 नेशनल पावर एक्सचेंज लिमिटेड

पावर एक्सचेंज के माध्यम से अल्पकालिक ट्रेडिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2008-09 के दौरान पीएफसी ने एनटीपीसी, एनएचपीसी और टीसीएस के साथ संयुक्त रूप से राष्ट्रीय पावर एक्सचेंज लिमिटेड (एनपीईएक्स) को बढ़ावा दिया था। पीएफसी ने इक्विटी अंशदान के लिए एनपीईएक्स में ₹2.19 करोड़ (31 मार्च, 2016 तक प्रदत्त इक्विटी का 16.66% होने के नाते) का योगदान दिया है। एनटीपीसी और एनएचपीसी संयुक्त उद्यम कंपनी से अलग होने का इरादा व्यक्त कर चुके हैं तथा मार्च, 2014 में एनपीईएक्स के प्रोमोटर समूह (जीओपी) की अनुशंसाओं के आधार पर एनपीईएक्स के निदेशक मंडल ने एनपीईएक्स को स्वैच्छिक रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। एनपीईएक्स को स्वैच्छिक रूप से बंद करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और परिसमापक ने अधिशेष राशियों का इसके प्रमोटरों को वितरण कर दिया है। तदनुसार, पीएफसी को 21 जुलाई, 2016 को एनपीईएक्स के परिसमापन फलस्वरूप ₹1.21 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इस कंपनी को दिल्ली उच्च न्यायालय के दिनांक 26 मई, 2017 को जारी किए गए आदेश के अनुसरण में 31 मार्च, 2017 से भंग कर दिया गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 में पीएफसी की खाताबही में निवेश पर हानि के रूप में ₹0.98 करोड़ की बकाया निवेश राशि बट्टे खाते में डाली गई है।

श्री अजय कुमार भल्ला, सचिव (विद्युत) तथा श्री राजीव शर्मा, सीएमडी, पीएफसी क्रमशः भारत सरकार तथा पीएफसी के लिए कार्य-निष्पादन आधारित एमओयू हस्ताक्षरित करते हुए। इस अवसर पर सुश्री शालिनी प्रसाद, अवर सचिव, एमओपी, डा. अरुण कुमार वर्मा, संयुक्त सचिव, एमओपी तथा एमओपी और पीएफसी के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

18.0 भारत सरकार के साथ समझौता–ज्ञापन

वित्तीय वर्ष 2004-05 को छोड़कर वित्तीय वर्ष 1993-94 से आपकी कंपनी को भारत सरकार द्वारा ''उत्कृष्ट रेटिंग'' प्रदान की गई। वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए भी आपकी कंपनी को 'उत्कृष्ट रेटिंग' मिली है। वित्तीय वर्ष 2016-17 की कंपनी की रेटिंग अभी प्रतीक्षित है।

19.0 राष्ट्रपति के निदेश

कंपनी को तथा पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान राष्ट्रपति का कोई निदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

20.0 निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर)

आपकी कंपनी की निगमित सामाजिक जिम्मेदारी की नीति का लक्ष्य यह तय करना है कि कंपनी समाजिक रूप से उत्तरदायी निगमित कंपनी हो तथा वह समाज के लोगों के जीवन जीने के तरीके को उन्नत करता हो। इसका मुख्य फोकस समाज के विद्युत और ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करना है जिससे परियोजना का विकास सतत रूप से हो सके।

सीएसआर कार्यकलापों के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अनुसरण में तत्काल पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के दौरान कंपनी द्वारा अर्जित किए गए औसत स्टैंड अलोन निवल कर पूर्व लाभ के कम-से- कम 2% के बराबर धनराशि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आबंटित की जाती है।

पीएफसी ने अपनी सीएसआर और स्थायित्व नीति का पूरी ईमानदारी और जोश के साथ कार्यान्वयन किया है। सीएसआर से जुड़ी गतिविधियों का पर्यवेक्षण करने के लिए पीएफसी ने एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में बोर्ड स्तर पर निदेशकों की सीएसआर और एसडी समिति गठित की है।

वर्ष के दौरान, पीएफसी ने सौर ऊर्जा, कौशल विकास, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में बहुत से कार्यकलापों का कार्यान्वयन किया है और अन्यथा सक्षम (दिव्यांग) व्यक्तियों को सहायता प्रदान की है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए कंपनी के निदेशक मंडल ने कंपनी (सीएसआर नीति) नियमावली 2014 के नियम 2 (च) (ii) के अनुसार कंपनी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली और इसकी धारा 135 का अनुसरण करने वाली अन्य कंपनियों से प्राप्त लाभांश को छोड़कर कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसार औसत स्टैंड अलोन कर पूर्व लाभ के 2% की शर्त के आधार पर ₹166.15 करोड़ का सीएसआर बजट अनुमोदित किया है।

कंपनी (सीएसआर नीति) नियमावली 2014 अनुसरण में सीएसआर रिपोर्ट एतद्द्वारा संलग्न है।

'स्वच्छ भारत कोष' के अंतर्गत श्री राजीव शर्मा, सीएमडी, पीएफसी ₹56.43 करोड़ का रेमिटेंस टोकन श्री अशोक लवासा, वित्त सचिव तथा सचिव (व्यय), वित्त मंत्रालय तथा स्वच्छ भारत कोष (एसबीके) के अध्यक्ष को प्रदान करते हुए। श्री विवेक जोशी, प्रशासक, एसबीके तथा निदेशक और वरिष्ठ अधिकारी पीएफसी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

21.0 मानव संसाधन शुरूआत

विकास और प्रशिक्षण

निगमित लक्ष्यों के अनुरूप विशिष्ट कौशल विकास सुनिश्चित करने के प्रयोजन से वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान घरेलू स्तर पर कार्यक्रमों के संचालन पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा गया। अन्य आवश्यकता आधारित कार्यक्रमों के साथ-साथ भारतीय लेखांकन मानकों, वित्तीय मॉडलिंग और क्रेडिट विश्लेषण, निजी इक्विटी, गैर निष्पादन परिसंपत्तियों के प्रबंधन, शीघ्र चेतावनी संकेत और तनावग्रस्त खातों के पुनर्गठन, प्रवेश कार्यक्रम, पदोन्नत्ति के लिए प्रशिक्षण, स्वास्थ्य प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, सीडीए नियमावली और संपत्ति विवरणी भरने आदि जैसे जरूरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार आपकी कंपनी द्वारा अपने कार्मिकों के लिए घरेलू स्तर पर ऐसे 21 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। घरेलू स्तर पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर और बाह्य प्रशिक्षण एजेंसियों द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों के लिए पीएफसी के कार्मिकों को प्रायोजित कर कुल मिलाकर 1947 मानव कार्य दिवस का लक्ष्य प्राप्त किया गया।

मनोरंजन संबंधी कार्यकलाप

आपकी कंपनी जिमनेशियम, पुस्तकालय, टेबल टेनिस आदि जैसी सुविधाओं तथा विभिन्न खेल-कूद, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यकलापों में कार्मिकों की भागीदारी के माध्यम से अपने कार्मिकों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रगति मैदान में आयोजित सीएसआर मेले में उपस्थित श्री अनंत जी. गीते, माननीय केंद्रीय मंत्री भारी उद्योग तथा पब्लिक एंटरप्राइजेज्

विद्युत खेल-कूद नियंत्रण बोर्ड के सदस्य के रूप में आपकी कंपनी पीएससीबी के सदस्य संगठनों के कार्मिकों के लिए हर वर्ष इंटर सीपीएसयू खेल-कूद प्रतिस्पर्धा का आयोजन करती आ रही है। पीएफसी ने पीएससीबी के तत्वावधान में 16वें इंटर-सीपीएसयू क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। पीएफसी के कार्मिकों ने पीएससीबी के सदस्य संगठनों द्वारा आयोजित की गई विभिन्न इंटर-सीपीएसयू खेल-कूद प्रतिस्पर्धाओं जैसे कि क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज आदि में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इन खेल-कूद प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के फलस्वरूप कार्मिकों में बेहतर टीम भावना पैदा हुई और उनकी फिटनेस में सुधार हुआ।

पीएफसी के कार्मिक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा दिल्ली-एनसीआर स्तर पर आयोजित विभिन्न इंटर-पीएसयू प्रतियोगिताओं जैसे कि वाद-विवाद, कविता वाचन, श्रुतलेखन और हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में भी हर वर्ष भाग लेते हैं। पीएफसी नराकास के तत्वावधान में इंटर पीएसयू प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करता है। कार्मिक पीएफसी की तिमाही गृहस्तापत्रिका अर्थात ''ऊर्जा-दीप्ति'' के प्रकाशन में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लेखन, फोटोग्राफी आदि जैसी रचनात्मक विधाओं में भी अपना हाथ आजमाते हैं। पत्रिका के लिए चयनित प्रविष्टियों (लेख/कविताएं) के लिए भी कार्मिकों को नगद प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार दिया जाता है, जिससे कि उन्हें राजभाषा के संवर्धन और मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियों में प्रायः भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

पीएफसी ने अपने कार्मिकों की स्वास्थ्यकर जीवन शैली सुनिश्चित करने के लिए 20 दिन तक एक घंटे के योग सत्र का भी आयोजन किया है। अपने कार्मिकों के लिए वर्ष के दौरान ''तनाव प्रबंधन और टीम भावना का निर्माण'' विषय पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपर्युक्त के अलावा, पिछले एक वर्ष के दौरान, विभिन्न विशिष्ट अवसरों के आयोजन के लिए कंपनी में भाषण, वाद-विवाद, चित्राभिव्यक्ति प्रतिनिधित्व, नुक्कड़ नाटक आदि जैसे कई सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यकलापों का आयोजन किया गया।

मानव संसाधन प्रबंधन

आपकी कंपनी अपने मानव संसाधन के कौशल विकास को उन्नत करने पर बहुत जोर देती है। यह कॉर्पोरेट जगत में अपनाई जाने वाली मौजूदा सर्वश्रेष्ठ प्रक्रियाओं के अनुरूप अपनी प्रतिक्रियाएं तैयार करती हैं। यह अन्य रणनीतिक हस्तक्षेपों के अलावा मानव संसाधन प्रबंधन का प्रभावी नेतृत्व करती है जिससे उच्च स्तर की उत्पादकता सुनिश्चित होती है।

कंपनी के भीतर औद्योगिक संबंध कार्मिकों के साथ बहुत ही सौहार्द्रपूर्ण रहे और सामंजस्य बना रहा। इसके फलस्वरूप कार्मिक पूरी तरह से कंपनी के उद्देश्यों के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध रहे। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान एक भी व्यक्ति कार्यदिवस का नुकसान नहीं हुआ। 01 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 की अवधि के दौरान कार्य दिवस हानि दर की गणना 0.21% के रूप में की गई।

23 जनवरी, 2017 को श्री पीयूष गोयल, माननीय पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री, ऊर्जा, कोयला, एनआरई (आईसी) 'इंटलेक्ट 2017' में पी एफ सी स्टॉल का उद्घाटन करते हुए।

कल्याणकारी उपाय

आपकी कंपनी उत्तम प्रबंधन पद्धतियों का पालन करती है। कंपनी के कार्मिक उच्च प्रबंधन तक पहुंच बनाकर कंपनी के प्रबंधन और प्रगति में अपना योगदान दे सकते हैं।

कार्यबल की प्रतिबद्धता, कल्याणकारी उपायों के एक प्रभावशाली पैकेज के माध्यम से सुनिश्चित होती है जिसमें विस्तृत बीमा, चिकित्सकीय सुविधाएं और अन्य सुख-सुविधाएं शामिल हैं, जो बदले में एक स्वस्थ कार्यबल का सृजन करती हैं।

कंपनी की सेवाओं में एससी/एसटी/ओबीसी/भूतपूर्व सैनिकों तथा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पदों का आरक्षण

समूह	31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कुल कार्मिकों की संख्या	एससी	एससी %	एसटी	एसटी %	ओबीसी	ओबीसी %
क	388	67	17.27%	20	5.16%	68	17.53%
ख	92	15	16.30%	8	8.70%	12	13.04%
ग	17	3	17.65%	1	5.88%	3	17.65%
घ	2	0	0.00%	0	0.00%	1	33.33%
जोड़	**499**	**85**	**17.03%**	**29**	**5.81%**	**84**	**16.83%**

(घ) **पूंजी बाजार के माध्यम से निधियां जुटाना:** अभी हाल ही में देखा गया है कि विद्युत क्षेत्र की कंपनियां अर्हता प्राप्त संस्थागत निवेशकों के साथ आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) सार्वजनिक प्रस्ताव पर अनुवर्ती कार्रवाई (एफपीओ)/निजी नियोजन के माध्यम से बाजार से निधियां जुटाती रही हैं। पिछले 2-3 वर्षों में विद्युत क्षेत्र की कंपनियों के लगभग सभी आईपीओ/एफपीओ को निवेशकों से आशातीत रूझान प्राप्त हुए हैं अथवा ये स्टॉक बाजारों में बेहतर निष्पादन करते रहे हैं। कई विद्युत कंपनियों से आने वाले वर्षों में अपने आईपीओ लॉन्च करने की उम्मीद है।

(ङ) **ब्याज दरों में अस्थिरता:** कंपनी का व्यवसाय प्राथमिक रूप से इसके ऋण प्रचालन से होने वाली ब्याज आय पर निर्भर करता है। ब्याज दरों में अस्थिरता कंपनी के ऋण प्रचालन को प्रभावित करती है और इसके फलस्वरूप कंपनी को ब्याज से होने वाली निवल आय निवल ब्याज मार्जिन घट सकते हैं तथा यह कंपनी की परिसंपत्तियों से मिलने वाले रिटर्न और लाभप्रदता को भी बुरी तरह प्रभावित कर सकती है।

(च) **निधियों की लागत:** विद्युत क्षेत्र के वित्त–पोषण उद्योग के तेजी से प्रतिस्पर्धी होने के साथ इसकी वृद्धि निधियों की प्रभावी लागत को निम्नतर स्तर पर बनाए रखने योग्यता पर निर्भर करती है। ऐसा न कर पाने पर कंपनी के व्यापार, वित्तीय स्थिति और प्रचालनों के परिणामों पर एक बड़ा प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा में बने रहने की योग्यता और क्षमता समय पूंजी अधिगम, निधियां जुटाने से जुड़ी लागतों और भविष्य में निधियों की प्रभावी लागत को कम स्तर पर बनाए रखने की योग्यता पर निर्भर करती है, जो हमेशा अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बराबर अथवा कम होना चाहिए।

(छ) **विधान में परिवर्तन:** पीएफसी कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत एक सूचीबद्ध सरकारी कंपनी और एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान है। यह एक गैर जमा राशि लेने वाली व्यवस्थित ढंग से महत्वपूर्ण एनबीएफसी के रूप में आरबीआई के साथ पंजीकृत है और जुलाई, 2010 में इसे एक आईएफसी के रूप में वर्गीकृत किया गयां। इसके परिणामस्वरूप बहुत से विधान जैसे कि कंपनी अधिनियम, 2013, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015, सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशानिर्देश, आरबीआई अधिनियम और दिशानिर्देश, कर संबंधी विनियम आदि पीएफसी के लागू होते हैं। इन विधानों में परिवर्तन से हमारी कंपनी के प्रचालनात्मक परिणाम बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं।

(ज) कंपनी का उत्पादन पोर्टफोलियो 70% से अधिक है और यह कंपनी का मुख्य व्यवसाय है। उल्लेखनीय क्षमता अभिवृद्धि के कारण कई नई परियोजनाएं उत्पादन शुरू नहीं कर पा रही हैं और इसके फलस्वरूप क्रेडिट वृद्धि में उल्लेखनीय कमी हो रही है। साथ ही कंपनी के लिए ऋण मुहैया कराने के भी अवसर घट रहे हैं।

(झ) उदय पीएफसी के लिए एक नई चुनौती है, जिसके तहत डिस्कॉम द्वारा बड़ी धनराशि के भुगतान की परिकल्पना की गई है, जिसका अभिप्राय यह है कि पीएफसी को भारी मात्रा में परिसंपत्तियों/आय की हानि होना। इसके अलावा उदय के अनुसार संधिकालिक निधियों की अनुमति नहीं है, जिसके फलस्वरूप निधियन के अवसर न मिलने की संभावना है। इसके अलावा उदय के अंतर्गत डिस्कॉम के कायाकल्प का संपूर्ण विद्युत क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव होगा, जिससे दीर्घावधि में पीएफसी की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार होगा।

(च) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और इसकी पर्याप्तता

कंपनी ने उपयुक्त निगरानी प्रक्रियाओं सहित आंतरिक नियंत्रण के लिए सुदृढ़ प्रणाली लागू की और उसे बनाए रखा, जो विभिन्न लेन-देनों की समय पर और परिशुद्धता के साथ रिपोर्टिंग, प्रचालनों की दक्षता और सांविधिक कानूनों, विनियमों तथा कंपनी की नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करती है। लेखांकन के लिए शक्तियों का उपयुक्त ढंग से प्रत्यायोजन और दिशानिर्देश जारी किए गए हैं जिससे कि समान रूप से उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। यह सुनिश्चित करने कि सभी प्रकार की जांच और निगरानी तंत्र भलीभांति काम कर रहे हैं तथा सभी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियां यथावत हैं, के प्रयोजन से कंपनी के अपने आंतरिक लेखा विभाग के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित कर सनदी लेखाकारों की अनुभवी फर्मों द्वारा नियमित रूप से और सघन रूप से आंतरिक लेखापरीक्षाएं संचालित की जाती हैं। इसके अलावा, कंपनी की लेखापरीक्षा समिति आवधिक रूप से विभिन्न लेखापरीक्षाओं के महत्वपूर्ण निष्कर्षों की समीक्षा करती है और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के अनुपालन पर कड़ी नजर रखती है।

कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षक अर्थात मैसर्स ए.आर. एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट ने कंपनी के वित्तीय विवरणों के संदर्भों में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता के संबंध में तिमाही आधार पर अधिप्रमाणन किया है।

कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक अर्थात मैसर्स एम. के. अग्रवाल एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट और मैसर्स के. बी. चांदना एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान से मार्गदर्शी नोट के अनुसार आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा स्थापित किए गए वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार यह प्रमाणित करते हुए अपनी एक रिपोर्ट भी दी है कि कंपनी ने सभी वास्तविक संदर्भों में वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली लागू है, और इस प्रकार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली उस समय ठीक ढंग से कार्य कर रही थी।

पीएफसी की आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली सुदृढ़ और स्वतंत्र है तथा यह सतत् आधार पर कार्य करती है, जिसमें प्रचालन का संपूर्ण क्षेत्र और सेवाएं शामिल हैं। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली यह सुनिश्चित करने के लिए इस ढंग से डिजाइन की गई है कि वित्तीय विवरण और अन्य डाटा तैयार करने तथा परिसंपत्तियों की जवाबदेही बनाए रखने के लिए वित्तीय तथा अन्य रिकॉर्ड विश्वसनीय बने रहें। आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रबंधन द्वारा पूरक समीक्षा की जाती है और नीतियों, दिशानिर्देशों और प्रक्रियाओं का प्रलेखन किया जाता है। कंपनी में विश्वसनीय आंतरिक जांच प्रणाली मौजूद है जो आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार करने में सहायक है।

पीएफसी एक आईएसओ प्रमाणित कंपनी हैं। इन सुदृढ़ आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं और क्रेडिट समीक्षा तंत्र से चूक होने की संभावनाएं कम हो जाती है और ये सभी शेयरधारकों का विश्वास हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

(छ) प्रचालनात्मक निष्पादन के संदर्भ में वित्तीय निष्पादन पर चर्चा

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आपकी कंपनी द्वारा हासिल की गई कुल आय वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹27564.31 करोड़ की तुलना में ₹27018.57 करोड़ रही। आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में ₹6113.48 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2016-17 में ₹2126.39 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।

आपकी कंपनी आरबीआई पुनर्गठन संबंधी शर्तों के कार्यान्वयन के संदर्भ में आरबीआई के साथ पत्राचार कर रही थी। किए गए विभिन्न पत्राचार के आधार पर आरबीआई ने दिनांक 11 अप्रैल, 2017 को आपकी कंपनी को आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू करने का निर्देश दिया है और राज्य क्षेत्र की कंपनियों को ऋणों के ऋणकर्तावार वर्गीकरण, जिन्हें आरबीआई की विहित सीमाओं के भीतर डीसीसीओ (वाणिज्यिक प्रचालन शुरू करने की तारीख) का लक्ष्य प्राप्त न करने के कारण एनपीए के रूप में डाउनग्रेड किया जाता है, के लिए 31 मार्च, 2022 तक छूट प्रदान की है।

आपकी कंपनी 1 अप्रैल, 2015 से स्वीकृत किए गए उत्पादन परियोजनाओं के नए ऋणों के संदर्भ में आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू करती आ रही थी (1 अप्रैल, 2015 से पहले विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यथानुमोदित पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू किया)। आरबीआई का दिनांक 11 अप्रैल, 2017 का पत्र प्राप्त होने के बाद आपकी कंपनी ने बकाया ऋणों (पारेषण और वितरण, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण और जीवन विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं के साथ-साथ हिमालयी क्षेत्र अथवा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्र में स्थित जल विद्युत परियोजनाओं को दिए गए ऋणों से इतर) के संबंध में आरबीआई पुनर्गठन संबंधी शर्तों का अनुपालन शुरू किया है। उत्पादन परियोजनाओं के ऐसे ऋणों, जो 31 मार्च, 2015 से पहले स्वीकृत किए गए थे और जिनका पुनर्गठन 1 अप्रैल, 2015 से किया गया है, के संदर्भ में परिणामी प्रावधान के साथ आरबीआई की शर्तों के अनुसार परिसंपत्ति वर्गीकरण 31 मार्च, 2017 से किया गया है। आरबीआई की पुनर्गठन संबंधी शर्तों को लागू करने (विद्युत मंत्रालय द्वारा यथानुमोदित शर्तों को छोड़कर) के परिणामस्वरूप वित्तीय प्रभाव (पीबीटी में कमी) ₹3954.55 करोड़ के रूप में है।

आरबीआई की शर्तों के अनुरूप संरेखण के कारण ₹59,304.01 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को डाउनग्रेड कर दिया गया, जिसमें से ₹35994.70 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को पुनर्गठित के रूप में और ₹23309.30 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को एनपीए के रूप में डाउनग्रेड किया गया। इसके फलस्वरूप, कंपनी का लाभ ₹3954.55 करोड़ के रूप में बुरी तरह प्रभावित हुआ।

₹59304.01 करोड़ की प्रभावित सभी ऋण परिसंपत्तियां राज्य सरकार अथवा केंद्रीय क्षेत्र के पीएसयू से संबंधित हैं और सभी उत्पादन परियोजनाओं के लिए दी गई। इसके अलावा, सरकारी क्षेत्र के सभी ऋणकर्ता वित्तीय वर्ष 2016-17 में 100 प्रतिशत की वसूली दर से नियमित रूप से अपने ऋणों का भुगतान कर रहे हैं अर्थात 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार उनकी कोई देयताएं (₹4 करोड़ की राशि को छोड़कर, जिसे 31 मार्च, 2017 के बाद समाशोधित किया गया,) नहीं थी।

आरबीआई मानदंडों के कारण प्रभावित हुए लेखों का विवरण

(क) 4.25% के प्रावधान के साथ पुनर्गठित के रूप में डाउनग्रेड की गई ऋण परिसंपत्तियां

- सभी प्रभावित ऋण परिसंपत्तियां राज्य सरकार अथवा केंद्रीय क्षेत्र के पीएसयू से संबंधित हैं और सरकारी क्षेत्र के सभी ऋणकर्ता वित्तीय वर्ष 2016-17 में 100% की वसूली दर से नियमित रूप से अपने ऋणों का भुगतान कर रहे हैं ।
- ₹35994.70 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को मानक से पुनर्गठित परिसंपत्तियों के रूप में डाउनग्रेड किया गया, जिसका लाभ पर ₹1403.79 करोड़ का नकारात्मक प्रभाव पड़ा, पुनर्गठित की गई परिसंपत्तियां निम्नानुसार हैं :
  - 58% अथवा ₹20890 करोड़ : पहले से ही स्थापित हैं और वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रत्यावर्तित कर दी जाएंगी
  - 31% अथवा ₹11165 करोड़ : वित्तीय वर्ष 2017-18 में स्थापना के लिए अनुसूचित
  - 10% अथवा ₹3670 करोड़ : वित्तीय वर्ष 2018-19 में स्थापना के लिए अनुसूचित
  - 1% अथवा ₹270 करोड़ : वित्तीय वर्ष 2019-20 में स्थापना के लिए अनुसूचित

(ख) 10% के प्रावधान के साथ एनपीए के रूप में डाउनग्रेड की गई ऋण परिसंपत्तियां

₹23309.31 करोड़ की ऋण परिसंपत्तियों को एनपीए के रूप में डाउनग्रेड किया गया, जिसका लाभ पर ₹2550.76 करोड़ का नकारात्मक प्रभाव पड़ा, एनपीए के रूप में घोषित की गई परिसंपत्तियां नीचे दिए अनुसार हैं :

- 79% अथवा ₹18504 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2017-18 में अपग्रेड किया जाएगा, जिसमें से :
  - 68% अथवा ₹15883 करोड़ : सीओडी पहले ही प्राप्त कर ली गई है
  - 2% अथवा ₹525 करोड़ : सीओडी प्राप्त की जानी है
  - 9% अथवा ₹2096 करोड़ : सीओडी प्राप्त की जानी है
- 19% अथवा ₹4494 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2018-19 में अपग्रेड किया जाएगा,
- 1% अथवा ₹312 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2019-20 में अपग्रेड किया जाएगा,

उपर्युक्त सभी परियोजनाएं राज्य सरकार की स्वामित्व वाली उत्पादन परियोजनाएं हैं और उनके पास एफएसए तथा पीपीए उपलब्ध हैं और 100% वसूली के साथ नियमित रूप से ऋण का भुगतान भी कर रही हैं।

प्रबंधन को आरबीआई मानदण्डों के कारण प्रभावित हुई ₹59304.01 करोड़ की इन ऋण परिसंपत्तियों को लेकर कोई चिंता दिखाई नहीं देती है और उनके अगले कुछ वर्षों में भी मानक परिसंपत्तियों के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके अलावा, 80% एनपीए के वित्तीय वर्ष 2017-18 में स्वत: ही अपग्रेड होने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, पिछले रिकॉर्ड के अनुसार सरकारी क्षेत्र के ऋणकर्त्ताओं को कभी भी एनपीए के रूप में घोषित नहीं किया गया है (सिक्किम पावर, जो कि अब मानक परिसंपत्ति है तथा रत्नागिरी, जो एनटीपीसी तथा गेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के दो उपक्रमों के संयुक्त उद्यम को छोड़कर)।

यद्यपि आपकी कंपनी ने 1 अप्रैल, 2015 से निजी क्षेत्र की उत्पादन कंपनियों के लिए भी आरबीआई मानदण्डों को भूतलक्षी प्रभाव से लागू किया है, फिर भी निजी क्षेत्र की उत्पादन परियोजनाओं के लिए कंसोर्शियम आधार पर निधियन के कारण बड़े पैमाने पर आरबीआई मानदण्डों को लागू करने के बाद से अभी तक निजी क्षेत्र के किसी भी ऋण खाते को डाउनग्रेड नहीं किया है।

₹413.03 करोड़ की एक मानक परिसंपत्ति (आर के एम) से होने वाली आय के प्रत्यावर्तन और उदय से संबंधित भुगतान के कारण ₹225 करोड़ के अतिरिक्त कर बोझ के कारण वर्ष के दौरान लाभ भी प्रभावित हुआ। इसके अलावा, यह भी नोट किया जाए कि आय के इस प्रत्यावर्तन और आरबीआई की प्रावधानीकरण की नीति के अनुरूप अतिरिक्त प्रावधान के प्रभाव पर विचार किए बिना आपकी कंपनी का लाभ ₹6400 करोड़ रहा होता।

आरबीआई के प्रभाव के बिना परिसंपत्ति की गुणवत्ता

(i) वस्तुत: आरबीआई के प्रभाव के बिना वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आपकी कंपनी ने वास्तविक रूप से अपनी एनपीए को निम्नानुसार घटाया है:

- ₹920 करोड़ के 4 ऋण लेखों को मानक के रूप में अपग्रेड किया गया
- ₹442 करोड़ की उत्पादन क्षेत्र की ऋण परिसंपत्ति को एनपीए के रूप में डाउनग्रेड किया गया

(ii) इसके साथ ही वर्ष के लिए एनपीए का अनुपात निम्नानुसार रहा :

	आरबीआई के प्रभाव के साथ	आरबीआई के प्रभाव के बिना
सकल एनपीए	12.50%	3.01% (पिछले वर्ष में 3.15 % की तुलना में सुधार)
निवल एनपीए	10.55%	1.68% (पिछले वर्ष में 2.55 % की तुलना में सुधार)

(iii) जहां तक बकाया पुनर्गठित बही का संबंध है, तो आरबीआई मानदण्डों के कारण प्रभावित परिसंपत्ति से इतर वह ₹19445.92 करोड़ है।

- 26% अथवा ₹5000 करोड़ की परिसंपत्तियों की स्थापना पहले ही कर ली गई है, ₹4500 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्रत्यावर्तित किया जाएगा और ₹500 करोड़ की परिसंपत्तियों को वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रत्यावर्तित किया जाएगा।
- इस पुनर्गठित बही की 70% या ₹13500 करोड़ की परिसंपत्तियों की सीओडी वित्तीय वर्ष 2017-18 में अनुसूचित है।
- ₹19445.92 करोड़ यह सभी पुनर्गठित बही निजी क्षेत्र से संबंधित है।

अन्य वित्तीय विशेषताएं

(i) क्षेत्रीय चुनौतियों के बावजूद भी आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान मजबूत व्यापारिक वृद्धि दर्ज की है, जो निम्नलिखित के माध्यम से प्रदर्शित की गई है :

- ऋण संस्वीकृतियों में 55% की वृद्धि अर्थात यह ₹65042 करोड़ से बढ़कर ₹100603 करोड़ हो गया है।
- संवितरण में 35% की वृद्धि अर्थात यह ₹46588 करोड़ से बढ़कर ₹62798 करोड़ हो गया है।
- वर्ष के दौरान ₹28400 करोड़ के उदय से संबंधित भुगतानों के बावजूद भी संवितरण में वृद्धि के कारण एक सकारात्मक ऋण परिसंपत्ति वृद्धि देखी गई और ऋण परिसंपत्तियां 3% की वृद्धि के साथ ₹238920 करोड़ से बढ़कर ₹245525 करोड़ हो गई हैं।

(ii) आरबीआई के प्रभाव को ध्यान में रखे बिना पीएफसी ने ब्याज विस्तार के स्तर को भी 3% के स्वस्थ स्तर पर बनाए रखा और वर्ष के लिए एन आई एम का प्रतिशत 4.50% बना रहा।

संसाधनों को दोहन

(i) आपकी कंपनी ने 7.47% की आंशिक लागत पर वर्ष के दौरान ₹66800 करोड़ की राशि जुटाई है।

(ii) आपकी कंपनी ने पूंजी पर्याप्तता अनुपात आरबीआई की अपेक्षाओं के अनुरूप क्रमशः टियर-I पूंजी के लिए 16.20% की तुलना में 19.28% तथा टियर-2 पूंजी के लिए 1%% की तुलना में 15% के सहज स्तर पर बनाए रखा है।

(iii) आपकी कंपनी को 54 ईसी बॉण्ड जारी कर निधियां जुटाने की अनुमति दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप निधियां जुटाने के लिए पीएफसी की लगात को घटानें में सहायता मिलेगी।

सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा विधिवत रूप से अधिप्रमाणित आरबीआई के पुनर्गठन संबंधी मानदण्डों के अनुरूप संरेखण के प्रभाव पर विचार किए बिना वित्तीय 2016-17 के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक लेखों पर आधारित कंपनी का वित्तीय निष्पादन उपर्युक्त के बारे में बेहतर समझ के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में संलग्न है।

विदेशी विनिमय से अर्जन और बहिर्गमन

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ऋण प्रदान करने संबंधी सेवाओं, वित्तीय एवं अन्य प्रभारों और व्यापार व्यय के मद में ₹254.01 करोड़ का एकीकृत विदेशी विनिमय का बहिर्गमन किया गया। वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए विदेशी मुद्रा में अर्जन शून्य है।

(ज) मानव संसाधन/औद्योगिक संबंधों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास

आपकी कंपनी अपने कार्मिकों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण संसाधन और सबसे मूल्यवान परिसंपत्तियों के रूप में मानती है और इसका उद्देश्य मानव संसाधन प्रक्रियाओं को अपने व्यापार लक्ष्यों के अनुरूप संरेखित करना है। आपकी कंपनी अपने सर्वाधिक प्रेरित और प्रतिबद्ध कार्मिकों की टीम पर गर्व करती है। इसके कार्मिक कंपनी की वृद्धि और विकास के लिए अपने पूरे सामर्थ्य और प्रतिबद्धता के साथ अपना योगदान देते हैं। कंपनी प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास के माध्यम से अपने कार्मिकों की क्षमता निर्माण और उनके निष्पादन में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी कंपनी अपने कार्मिकों के कौशल अंतराल की पहचान करने, उनकी क्षमताओं को समझने और निखारने तथा प्रतिस्पर्धी वातावरण में परिवर्तन के लिए कार्मिकों को तैयार करने के साथ-साथ संगठनात्मक चुनौतियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करती है। इस दिशा में कंपनी ने विभिन्न प्रशिक्षण अपेक्षाओं का आकलन करने के लिए एक वार्षिक प्रशिक्षण योजना प्रणाली लागू की है। जरूरत के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से सभी स्तर के कार्मिकों को अपेक्षित कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाता है। कंपनी के अपने कार्मिकों के साथ बहुत ही सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण संबंध हैं। समीक्षाधीन अवधि के दौरान एक भी कार्य-दिवस का नुकसान नहीं हुआ। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी की नामावली में 449 कार्मिक शामिल थे।

(झ) निगमित सामाजिक जिम्मेदारी और स्थायी विकास (सीएसआर और एसडी)

सीएसआर गतिविधियां हमारे प्रचालन का एक आधार स्तंभ है और पीएफसी अपनी वृद्धि के सिद्धांत के भाग के रूप में अपने सामाजिक उत्तरदायित्व और बाध्यताओं को निर्वहन करता है। आपकी कंपनी का यह प्रयास रहा है कि वह एक जबावदेह निगमित नागरिक के रूप में कार्य करे, जो बड़े पैमाने पर समाज की जीवन गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

वर्ष के दौरान, पीएफसी ने सौर ऊर्जा, कौशल विकास, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, पर्यावरणीय स्थिरता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का कार्यान्वयन किया और अन्यथा सक्षम (दिव्यांग) व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के लिए सराहनीय कार्य किया।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने कंपनी (सीएसआर नीति) नियमावली, 2014 के नियम 2 (च) (ii) के अनुरूप अधिनियम की धारा 135 का अनुपालन करने वाली और इसके दायरे में आने वाली कंपनी से प्राप्त लाभांश को छोड़कर कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार औसत स्टैंड अलोन कर पूर्व लाभ के 2% के आधार पर ₹166.15 करोड़ का सीएसआर बजट अनुमोदित किया।

(ण) नवीकरणीय ऊर्जा

विद्युत अवसंरचना के सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटकों में से एक है, जो स्थायी आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है । भारतीय विद्युत क्षेत्र उल्लेखनीय परिवर्तनों के दौर से गुज़र रहा है जिससे उद्योग परिदृश्य पुनः परिभाषित हो रहा है। स्थायी अर्थिक विकास से भारत में विद्युत की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। भारत सरकार के 'सभी के लिए विद्युत' के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से देश में विद्युत उत्पादन क्षमता में तेजी से वृद्धि हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ग्रिड संबद्ध विद्युत उत्पादन क्षमता के मामले में एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आया है। यह राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समाधान के एक अभिन्न अंग और ऊर्जा अभिगम्यता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरकर सामने आते हुए यह सरकार के स्थायी विकास की कार्यसूची के लिए भी सहायक सिद्ध हो रहा है । यह स्वीकार किया गया है कि आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्य को पूरा करने में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को अपेक्षाकृत अधिक गंभीर भूमिका अदा करनी होगी और यह ऊर्जा आयोजना प्रक्रिया के एक अभिन्न अंग के रूप में होगा।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परिदृश्य में विस्तार करने के प्रयोजन से त्वरित और महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ नीतिगत ढांचे में अभूतपूर्ण परिवर्तन देखने को मिले हैं जिससे कि सौर ऊर्जा के योगदान को बढ़ाया जा सके। भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक 175 गीगावाट की संस्थापित क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें 60 गीगावाट की पवन विद्युत, 100 गीगावाट की सौर विद्युत, 10 गीगावाट की बायोमास विद्युत और लघु जल विद्युत स्रोतों से 5 गीगावाट विद्युत का योगदान शामिल है।

नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा अधिक ध्यान दिए जाने से इस क्षेत्र में निवेश के लिए बहुत ही आकर्षक अवसर पैदा हुए हैं।

उपर्युक्त के अलावा, वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफसी ने जल विद्युत उत्पादन परियोजनाओं के लिए ₹8156 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए हैं और ₹1327 करोड़ की धनराशि संवितरित की हैं। इसके अलावा, पीएफसी ने पवन, सौर, बगास और बायो मास क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं के लिए ₹7021 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए हैं और इसी अवधि के दौरान ₹2471 करोड़ की राशि संवितरित की है।

सचेतक टिप्पणी

''प्रबंधन के साथ चर्चा और विश्लेषण'' भाग में दिए गए कुछ बयान/विवरण दूरदर्शी प्रकृति के हो सकते हैं और उन्हें लागू विधियों और विनियमों के अनुसार आवश्यक बताया गया है। आर्थिक स्थितियों, सराकरी नीतियों और अन्य सहायक घटकों के आधार पर उनसे संबद्ध जोखिमों और अनिश्चितताओं के कारण वास्तविक परिणाम प्रभावित हो सकते हैं, जो भावी निष्पादन और दृष्टिकोण के संदर्भ में प्रबंधन द्वारा परिकल्पित लक्ष्यों से काफी अलग हो सकते हैं। पाठकों को सचेत किया जाता है कि वे भविष्य के लिए पूर्वपरिकल्पित इन विवरणों पर अनावश्यक विश्वास न करें।

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुबंध–छ

निगमित शासन पर रिपोर्ट

निगमित शासन एक ऐसी प्रणाली है जो किसी कंपनी में विभिन्न शेयरधारकों के सर्वश्रेष्ठ हित में निगमित निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने से संबंधित है। निगमित शासन की अनिवार्यता के अंतर्गत कॉर्पोरेशन में विभिन्न शेयरधारकों जैसे प्रबंधन, उपभोक्ता, आपूर्तिकर्ता, वित्तपोषक, सरकार और बड़े पैमाने पर समाज के हितों का संतुलन शामिल होता है। चूंकि इसमें ऐसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं जिनके माध्यम से कॉर्पोरेशन के उद्देश्य निर्धारित किए जाते हैं और समाज, नियामक तथा बाजार वातावरण के संदर्भ में उन्हें पूरा करने के लिए प्रयास किया जाता है। अतः इसमें व्यावहारिक रूप से प्रबंधन का हर पहलू शामिल होता है, जिसमें कार्य योजना से लेकर आंतरिक नियंत्रण, निष्पादन का मापन और निगमित प्रकटन भी शामिल होता है।

आपकी कंपनी का निगमित शासन सिद्धांत इस विश्वास पर आधारित है कि सुशासन का मूल सिद्धांत इसके शेयरधारकों की आकांक्षाओं और सामाजिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही, सैद्धांतिक व्यापार प्रक्रियाओं के सर्वोच्च मानकों के अनुपालन, सही मायने में और अक्षरशः कानून के अनुपालन, पर्याप्त प्रकटन, निगमित निष्पक्षता, सामाजिक रूप से प्रतिक्रियाशील होने और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता में निहित है।

लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए जारी किए गए निगमित शासन पर दिशानिर्देशों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 की आवश्यकताओं के अनुरूप एक रिपोर्ट निदेशकों की रिपोर्ट के एक भाग के रूप में नीचे दी गई है। साथ ही निगमित शासन के विभिन्न प्रावधानों के अनुपालन संबंधी एक व्यावसायिक कंपनी सचिव द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र भी संलग्न है।

1. निगमित शासन संहिता पर कंपनी के सिद्धांत (दर्शन) का संक्षिप्त विवरण

आपकी कंपनी का निगमित शासन संबंधी दर्शन दो प्रमुख सिद्धांतों पर आधारित हैं। ये निम्नानुसार हैं :

i) अनापेक्षित प्रतिबंधों के बिना स्थायी विकास के लिए उद्यम को आगे बढ़ाने हेतु प्रबंधन के पास पर्याप्त कार्यपालक स्वतंत्रता होनी चाहिए; और

ii) प्रबंधन की इस स्वतंत्रता का प्रयोग नियामक परिवेश और प्रभावी जवाबदेही के ढांचे के भीतर किया जाना चाहिए।

आपकी कंपनी का निगमित ढांचा, व्यापार संचालन और प्रकटन की पद्धतियों को इसके निगमित शासन सिद्धांत के अनुसार संरेखित किया गया है।

आपकी कंपनी प्रकटन संबंधी सिद्धांतों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 की आवश्यकताओं का भी मार्गदर्शी बल के रूप में पृष्ठांकन करती है।

2. निदेशक मंडल

आपकी कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी को नेतृत्व, वस्तुनिष्ठ निर्णय प्रक्रिया और रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। निदेशक मंडल अपनी शक्तियां स्वयं निर्धारित करता है और कंपनी के कार्यकलापों का प्रबंधन कंपनी अधिनियम में निर्धारित ढांचे, कंपनी के संगम ज्ञापन, संगम अनुच्छेद, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 और कंपनी की आंतरिक संहिताओं/प्रक्रियाओं आदि के अनुसार करता है।

यह निगमित नीतियों, संपूर्ण निष्पादन, लेखांकन और रिपोर्टिंग संबंधी मानकों और प्रबंधन, निगमित शासन और नियामक अनुपालनों के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों की समीक्षा करती है। आपकी कंपनी के निदेशक मंडल में विविध अनुभव और विशेषज्ञता वाले ख्यातिलब्ध लोग शामिल हैं।

गठन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 (45) के अर्थ में पीएफसी एक सरकारी कंपनी है, क्योंकि 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी की कुल प्रदत्त शेयर पूंजी के 66.35% की शेयरधारिता भारत के राष्ट्रपति के पास है और कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुसार निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार भारत के राष्ट्रपति को प्राप्त है। इसके अलावा, कंपनी के संगम अनुच्छेद के संदर्भ में कंपनी के निदेशकों की संख्या तीन से कम और पंद्रह से अधिक नहीं होगी।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल में छह निदेशक हैं, जिसमें चार पूर्णकालिक प्रकार्यात्मक निदेशक, एक अंशकालिक सरकारी नामिती निदेशक और एक गैर-सरकारी अंशकालिक (स्वतंत्र) निदेशक शामिल हैं। हमारे सभी निदेशकों का संक्षिप्त प्रोफाइल इस रिपोर्ट में दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं:

i) कार्यकाल पूरा करने के परिणामस्वरूप श्री विजय मोहन कौल, स्वतंत्र निदेशक 24 जून, 2016 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक नहीं रहे।

ii) कार्यकाल पूरा करने के परिणामस्वरूप श्री वाई सी गर्ग, स्वतंत्र निदेशक 22 अगस्त, 2016 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक नहीं रहे।

iii) अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति की आयु पूरा करने के परिणामस्वरूप श्री एम के गोयल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक 1 अक्तूबर, 2016 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नहीं रहे।

iv) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्ति के परिणामस्वरूप श्री राजीव शर्मा ने दिनांक 1 अक्तूबर, 2016 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का प्रभार ग्रहण किया।

v) अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति की आयु पूरा करने के परिणामस्वरूप श्री ए.के. अग्रवाल, निदेशक (परियोजना) 1 जनवरी, 2017 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक नहीं रहे।

vi) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्ति के परिणामस्वरूप श्री चिन्मय गंगोपाध्याय ने दिनांक 1 जनवरी, 2017 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (परियोजना) का प्रभार ग्रहण किया।

vii) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्ति के परिणामस्वरूप श्री सीताराम पारीक ने दिनांक 6 फरवरी, 2017 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक का प्रभार ग्रहण किया।

वर्ष के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की संख्या पर्याप्त न होने और कंपनी के निदेशक मंडल में महिला निदेशक के अभाव में कंपनी के निदेशक मंडल का स्वरूप कंपनी अधिनियम, 2013, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों और डीपीई द्वारा सीपीएसई के लिए जारी किए गए निगमित शासन पर दिशा-निर्देश के अनुरूप नहीं था। कंपनी ने नियोक्ता प्राधिकारी होने के नाते विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार से कंपनी के निदेशक मंडल में पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों और एक महिला निदेशक की नियुक्ति के लिए पहले ही अनुरोध किया है जिससे कि कंपनी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों और डीपीई द्वारा सीपीएसई के लिए जारी किए गए निगमित शासन पर दिशा-निर्देशों और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का अनुपालन करने में सक्षम बन सके।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल का स्वरूप निम्नानुसार था :

पूर्णकालिक निदेशक		
i)	श्री राजीव शर्मा	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक
ii)	श्री आर नागराजन*	निदेशक (वित्त), मुख्य वित्त अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक
iii)	श्री डी. रवि	निदेशक (वाणिज्यिक) एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक
iv)	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	निदेशक (परियोजना) एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक
सरकारी नामिती निदेशक		
v)	डॉ. अरुण कुमार वर्मा	निदेशक (सरकारी नामिती)
गैर–सरकारी अंशकालिक (स्वतंत्र) निदेशक		
vi)	श्री सीताराम पारीक	स्वतंत्र निदेशक

*अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्ति की आयु पूरा करने के परिणामस्वरूप श्री आर नागराजन, निदेशक (वित्त) 1 जनवरी, 2017 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक नहीं रहे।

इसके अलावा, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्ति के परिणामस्वरूप श्री नवीन भूषण गुप्ता ने दिनांक 18 अगस्त, 2017 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (वित्त) का प्रभार ग्रहण किया।

बोर्ड की बैठकें

निदेशक मंडल की बैठकें सामान्यतः कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाती हैं और उनकी अनुसूची पर्याप्त समय रहते तैयार कर ली जाती है। पीएफसी का निदेशक मंडल नियमित रूप से बैठकें आयोजित करता है। निदेशक मंडल की बैठकों में एक ढांचागत कार्य सूची पर चर्चा की जाती है और निदेशक मंडल का कोई भी सदस्य चर्चा के लिए कार्यसूची में कोई भी विषयवस्तु शामिल करने की सिफारिश हेतु स्वतंत्र है। स्पष्टीकरण नोट सहित विस्तृत कार्यसूची और सभी प्रमुख मुद्दों पर आवश्यक कागजात अग्रिम तौर पर परिचालित किए जाते हैं, जिससे कि निदेशक मंडल को पूरी तरह से सूचित और स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सुकर बनाया जा सके। आपकी कंपनी भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किए गए निदेशक मंडल की बैठकों से संबंधित सचिवालयी; मानकों-1 का अक्षरशः अनुपालन करती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल की 14 बैठकें आयोजित की गईं, जिनकी तारीखें निम्नानुसार हैं :

i) 16 मई, 2016, ii) 25 मई, 2016, iii) 14 जुलाई, 2016, iv) 9 अगस्त, 2016 v) 1 सितंबर, 2016 vi) 27 सितंबर, 2016 vii) 28 अक्तूबर, 2016, viii) 9 नवंबर, 2016, ix) 28 दिसंबर, 2016, x) 23 जनवरी, 2017 xi) 13 फरवरी, 2017 xii) 20 फरवरी, 2017 xiii) 24 मार्च, 2017 और (xiv) 31 मार्च, 2017

वार्षिक आम बैठक

कंपनी की पिछली वार्षिक आम बैठक 19 अगस्त, 2016 को आयोजित की गई।

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान बोर्ड की बैठकों और वार्षिक आम बैठक में निदेशकों की उपस्थिति, ऐसी अन्य कंपनियों की संख्या जिनमें निदेशक हैं और अन्य समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता आदि के विवरण निम्नानुसार हैं :

नाम और पद नाम	बोर्ड की बैठकें		31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों में निदेशक*	31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार अन्य कंपनियों की समितियों में अध्यक्षता /सदस्यता**		19 अगस्त, 2016 को आयोजित पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति
	कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति		सदस्य	अध्यक्ष	
श्री राजीव शर्मा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (1 अक्तूबर, 2016 से)	8	8	3	शून्य	शून्य	-
श्री एम. के. गोयल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (30 सितंबर, 2016 तक)	6	6	-	-	-	उपस्थित
श्री आर. नागराजन निदेशक (वित्त)	14	14	8	शून्य	2	उपस्थित
श्री डी रवि निदेशक (वाणिज्यिक)	14	14	8	2	शून्य	उपस्थित
श्री चिन्मय गंगोपाध्याय निदेशक (परियोजना) (1 जनवरी, 2017 से)	5	5	8	1	शून्य	-
श्री ए.के. अग्रवाल, निदेशक (परियोजना) (31 दिसंबर, 2016 से)	9	9	-	-	-	उपस्थित
श्री अरुण कुमार वर्मा निदेशक (सरकारी नामिती)	14	14	1	शून्य	शून्य	अनुपस्थित
श्री सीताराम पारीक, स्वतंत्र निदेशक (6 फरवरी, 2017 से)	4	4	शून्य	शून्य	शून्य	-
श्री विजय मोहन कौल, स्वतंत्र निदेशक (23 जून, 2016 तक)	2	2	-	-	-	-
श्री योगेश चन्द्र गर्ग स्वतंत्र निदेशक (21 अगस्त, 2016 तक)	4	4	-	-	-	उपस्थित

*निजी कंपनियों, कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत धारा 8 के तहत आने वाली कंपनियों और विदेशी कंपनियों में निदेशक के रूप में नहीं हैं।

**लेखापरीक्षा समिति और शेयरधारकों / निवेशकों की शिकायत समिति से इतर अन्य बोर्ड समितियों में अध्यक्षता/सदस्यता नहीं है।

बोर्ड में शामिल निदेशकों में से कोई भी निदेशक ऐसी सभी कंपनियों, जिनमें वे निदेशक हैं की 10 से अधिक समितियों के सदस्य और 5 से अधिक समितियों के अध्यक्ष नहीं हैं। कंपनी के कोई भी निदेशक एक दूसरे से किसी भी प्रकार संबंधित नहीं हैं।

स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची iv के संदर्भ में और सीपीएसई के गैर सरकारी निदेशकों (स्वतंत्र निदेशकों) की भूमिका और जिम्मेदारियों पर डीपीई द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की एक अलग बैठक 27 मई, 2016 को आयोजित की गई। अलग से आयोजित इस बैठक में सभी स्वतंत्र निदेशकों ने भाग लिया।

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा घोषणा

वित्तीय वर्ष की पहली बैठक में सभी स्वतंत्र निदेशकों ने एक घोषणा की कि वे भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) के अंतर्गत किए गए प्रावधानों, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों और स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीकरण करार और सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वतंत्रता संबंधी मानदंडों को पूरा करते हैं।

स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रम

निदेशक मंडल द्वारा समय-समय पर विभिन्न सेमिनारों, सम्मेलनों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों आदि में भाग लिया गया। इसके अलावा लोक उद्यम विभाग द्वारा सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के तहत निदेशक मंडल के प्रशिक्षण हेतु एक नीति बनाई गई है। इस नीति की प्रतिलिपि आपकी कंपनी की वेबसाईट अर्थात www.pfcindia.com पर भी उपलब्ध है।

3. निदेशक मंडल की समितियां

कंपनी के कार्यकलापों पर विशेष फोकस के साथ त्वरित ढंग से विचार करने और निर्णय प्रक्रिया को सुकर बनाने के लिए निदेशक मंडल ने पृथक भूमिका, जवाबदेही और प्राधिकार के साथ निम्नलिखित समितियां गठित की हैं :

i. लेखापरीक्षा समिति
ii. नामांकन और मेहनताना समिति
iii. शेयरधारक संबंध तथा शेयरधारक/निवेशकों की शिकायत समिति
iv. जोखिम और प्रबंधन समिति
v. निदेशकों की सीएसआर और स्थायी विकास समिति
vi. निदेशकों की ऋण समिति
vii. प्रकार्यात्मक निदेशकों की समिति
viii. केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के आईपीओ में निवेश के लिए निदेशकों की समिति
ix. मानव संसाधन समिति

3.1 लेखापरीक्षा समिति

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान दिनांक 23 जून, 2016 तक कंपनी की लेखापरीक्षा समिति का स्वरूप भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 की अपेक्षाओं के अनुरूप था, तथापि श्री विजय मोहन कौल, स्वतंत्र निदेशक का कंपनी के निदेशक मंडल में कार्यकाल समाप्त होने के कारण वे 24 जून, 2016 से लेखापरीक्षा समिति के सदस्य नहीं रहे। इसके अलावा, श्री योगेश चंद गर्ग, स्वतंत्र निदेशक का कंपनी के निदेशक मंडल में कार्यकाल समाप्त होने के कारण वे 22 अगस्त, 2016 से लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष नहीं रहे।

इसके अलावा, श्री सीताराम पारीक, स्वतंत्र निदेशक को दिनांक 10 फरवरी, 2017 से लेखापरीक्षा समिति में शामिल किया गया।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार लेखापरीक्षा समिति का स्वरूप निम्नलिखित था:

क्र. सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री सीताराम पारीक	अध्यक्ष
2.	श्री डी. रवि	सदस्य
3.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

कंपनी सचिव इस समिति के सचिव बने रहे। लेखापरीक्षा समिति की भूमिका, विचारार्थ विषय, कार्यक्षेत्र तथा प्राधिकार में कंपनी अधिनियम के संगत प्रावधानों के अधीन आवश्यकताओं, सीपीएसई के लिए निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देश और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों को भी शामिल किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान लेखापरीक्षा समिति ने अपनी सात (7) बैठकें आयोजित कीं। इनकी तारीखें निम्नानुसार थीं : i) 25 मई, 2016, ii) 14 जुलाई, 2016, iii) 9 अगस्त, 2016 iv) 9 नवंबर, 2016, v) 28 दिसंबर, 2016, vi) 23 जनवरी, 2017 और vii) 13 फरवरी,2017

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सदस्यों द्वारा जिन बैठकों में भाग लिया गया, उनके विवरण निम्नानुसार हैं;

सदस्यों का नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति
श्री विजय मोहन कौल (23 जून, 2016 तक)	स्वतंत्र निदेशक	1	1
श्री डी. रवि (24 जून, 2016 से)	निदेशक (वाणिज्यिक)	6	6
श्री योगेश चंद्र गर्ग (21 अगस्त, 2016 तक)	स्वतंत्र निदेशक	3	3
डा. ए के वर्मा, (28 अक्तूबर, 2016 से 9 फरवरी, 2017 तक)	निदेशक (सरकारी नामिती)	3	3
श्री ए.के. अग्रवाल, (31 दिसंबर, 2016 तक)	निदेशक (परियोजना)	5	5
श्री चिन्मय गंगोपाध्याय (1 जनवरी, 2017 से)	निदेशक (परियोजना)	2	2
श्री सीताराम पारीक (10 फरवरी, 2017 से)	स्वतंत्र निदेशक	1	1

निदेशक (वित्त), आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग के प्रमुख और सांविधिक लेखापरीक्षक (परीक्षकों) के प्रतिनिधि को लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है, जिससे कि वे समिति के सदस्यों के साथ चर्चा कर सकें।

3.2 नामांकन और मेहनताना समिति

आपकी कंपनी एक केंद्रीय क्षेत्र का सार्वजनिक उपक्रम है और ऐसा होने के नाते इसके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशकों की नियुक्ति तथा उनके मेहनताने का निर्धारण कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। हालांकि केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के लिए निगमित शासन पर लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशा-निर्देशों में किए गए प्रावधानों, कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी में एक मेहनताना समिति गठित की गई है ।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान दिनांक 23 जून, 2016 तक कंपनी की नामांकन और मेहनताना समिति का स्वरूप भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 की अपेक्षाओं के अनुरूप था, तथापि श्री विजय मोहन कौल, स्वतंत्र निदेशक का कंपनी के निदेशक मंडल में कार्यकाल समाप्त होने के कारण वे 24 जून, 2016 से नामांकन और मेहनताना समिति के सदस्य नहीं रहे। इसके अलावा, श्री योगेश चंद गर्ग, स्वतंत्र निदेशक का कंपनी के निदेशक मंडल में कार्यकाल समाप्त होने के कारण वे 22 अगस्त, 2016 से नामांकन और मेहनताना समिति के अध्यक्ष नहीं रहे।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार नामांकन, मेहताना तथा मानव संसाधन समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल थे

क्र. सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	डॉ अरुण कुमार वर्मा	अध्यक्ष
2.	श्री डी. रवि	सदस्य
3.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

निदेशक (वित्त) को उक्त समिति की बैठकों में स्थायी रूप से आमंत्रित किया जाता है।

नामांकन और मेहनताना समिति की भूमिका, विचारार्थ विषय, कंपनी अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों और समय-समय पर यथासंशोधित डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुसार हैं।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान नामांकन और मेहनताना समिति की दो बैठकें निम्नलिखित तारीखों i) 14 जुलाई, 2016, ii) 23 जनवरी, 2017 को आयोजित की गईं।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सदस्यों द्वारा जिन बैठकों में भाग लिया गया, उनके विवरण निम्नानुसार हैं:

सदस्यों का नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति
डा. अरूण कुमार वर्मा	निदेशक (सरकारी नामिती)	2	2
श्री डी. रवि (24 जून, 2016 से)	निदेशक (वाणिज्यिक)	2	2
श्री योगश चंद्र गर्ग (21 अगस्त, 2016 तक)	स्वतंत्र निदेशक	1	1
श्री चिन्मय गंगोपाध्याय (1 जनवरी, 2017 से)	निदेशक (परियोजना)	1	1

मेहनताना नीति

आपकी कंपनी केंद्रीय क्षेत्र का एक सार्वजनिक उपक्रम है, जिसमें बोर्ड के सभी सदस्यों की नियुक्ति प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के मार्फत भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है जो अन्य बातों के साथ–साथ उनके संगत नियुक्ति आदेशों/वेतन निर्धारण आदेशों के माध्यम से ऐसे पूर्णकालिक निदेशकों के मेहनताने का निर्धारण करता है। कंपनी के अन्य कार्मिकों की नियुक्ति और मेहनताने का निर्धारण डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है। सीएमडी और पूर्णकालिक निदेशकों के मामले में निदेशकों का मेहनताना प्राप्त करने वाले सदस्यों के अलावा निदेशक मंडल के सदस्यों का कंपनी, इसके प्रमोटरों अथवा इसकी सहायक कंपनियों के साथ ऐसा कोई वास्तविक धन संबंधी संबंध अथवा लेन-देन नहीं है जो निदेशक मंडल की दृष्टि से निदेशकों के निर्णय की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है।

पीएफसी एक सरकारी कंपनी होने के नाते, निदेशक मंडल के सभी सदस्यों का मूल्यांकन प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात विद्युत मंत्रालय, भारत सकरार द्वारा किया जाता है।

पूर्णकालिक निदेशकों का मेहनताना

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित सभी पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किया गया मेहनताना उनकी नियुक्ति संबंधी निबंधन एवं शर्तों के अनुसार था।

वर्ष 2016-17 के दौरान कंपनी के पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किए गए मेहनताने के विवरण नीचे दिए गए हैं :

निदेशक का नाम (₹)	वेतन (₹)	लाभ (₹)	बोनस / कमीशन एक्स–ग्रेसिया (₹)	निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (₹)	स्टॉक विकल्प	जोड़
श्री राजीव शर्मा (1 अक्तूबर, 2016 से)	12,47,724	1,471,410	0	0	0	27,19,134
श्री एम.के. गोयल (30 सितंबर, 2016 तक)	49,84,958	13,91,455	0	22,94,004	0	86,70,417
श्री आर. नागराजन	30,03,521	14,33,174	0	15,96,726	0	60,33,421
श्री डी. रवि	25,28,342	13,92,057	0	10,07,520	0	49,27,919
श्री चिन्मय गंगोपाध्याय (1 जनवरी, 2017 से)	6,34,728	4,32,651	0	0	0	10,67,379
श्री ए.के. अग्रवाल (31 दिसंबर, 2016 तक)	47,77,687	18,46,928	0	15,32,907	0	81,57,522

नोट :

1. निष्पादन संबद्ध प्रोत्साहनों का भुगतान कंपनी की निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली के अनुसार किया जाता है।
2. निदेशकों की नियुक्ति और उनके मेहनताने के भुगतान संबंधी निर्णय कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुसार भारत के राष्ट्रपति द्वारा लिए जाते हैं। अतः निदेशकों के लिए नोटिस अवधि और उसके बदले पृथककरण शुल्क का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

गैर कार्यपालक निदेशक/स्वतंत्र निदेशक और सरकारी नामिती निदेशकों का मेहनताना

स्वतंत्र और सरकारी नामिती निदेशकों के कंपनी के साथ वास्तविक रूप से धन संबंधी कोई संबंध नहीं हैं और न ही वे कंपनी से कोई लेन–देन करते हैं। हालांकि कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों को कंपनी के बोर्ड और समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई दरों से सिटिंग फीस का भुगतान किया गया। प्रत्येक स्वतंत्र निदेशक को निदेशक मंडल और समितियों की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए ₹20,000 की सिटिंग फीस का भुगतान किया गया।

सरकारी नामिती कंपनी से किसी भी मेहताना या सिटिंग फीस के लिए पात्र नहीं हैं।

3.3 शेयरधारक संबंध और शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत समिति

कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी में अपने शेयरधारकों और निवेशकों की शिकायतों का निराकरण करने के लिए निदेशकों की एक शेयरधारक संबंध और शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत समिति गठित की गई है, जिसकी अध्यक्षता एक स्वतंत्र निदेशक द्वारा की जाती है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार शेयरधारक संबंध तथा शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

क्रम सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	डॉ अरुण कुमार वर्मा	अध्यक्ष
2.	श्री आर. नागराजन	सदस्य
3.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

श्री मनोहर बलवानी, कंपनी सचिव कंपनी के अनुपालन अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान शेयरधारक संबंध और शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायत समिति की तीन बैठकें क्रमशः (i) 16 मई, 2016 (ii) 9 अगस्त, 2016 और (iii) 09 नवंबर, 2016 को आयोजित की गईं।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सदस्यों द्वारा जिन बैठकों में भाग लिया गया उनके विवरण नीचे दिए अनुसार हैं :

सदस्यों का नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति
श्री आर. नागराजन	निदेशक (वित्त)	3	3
श्री विजय मोहन कौल (23 जून, 2016 तक)	स्वतंत्र निदेशक	1	1
श्री योगेश चंद्र गर्ग (21 अगस्त, 2016 तक)	स्वतंत्र निदेशक	1	1
डॉ. अरूण कुमार वर्मा, (28 अक्तूबर, 2016 से)	निदेशक (सरकारी नामिती)	1	1
श्री ए.के. अग्रवाल, (31 दिसंबर, 2016 तक)	निदेशक (परियोजना)	3	3
श्री चिन्मय गंगोपाध्याय (1 जनवरी, 2017 से)	निदेशक (परियोजना)	-	-

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निवेशकों की शिकायतों पर सूचना निम्नानुसार हैं :

विवरण	इक्विटी
वर्ष के प्रारंभ में लंबित	1
वर्ष के दौरान प्राप्त	593
वर्ष के दौरान निपटाई गई	593
वर्ष के अंत में समाधान हेतु लंबित	1*

*न्यायालय में विचाराधीन है।

3.4 जोखिम प्रबंधन समिति के विवरण

जोखिम प्रबंधन समिति का गठन कंपनी की जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी और समीक्षा करने और बहुत से जोखिम प्रबंधन कार्यकलापों का संचालन करने के लिए निदेशक मंडल को सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए किया गया है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार इस जोखिम प्रबंधन समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

क्रम सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री आर. नागराजन	अध्यक्ष
2.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की तीन (3) बैठकें क्रमशः (i) 04 जुलाई, 2016 (ii) 08 दिसंबर, 2016 तथा (iii) 30 जनवरी, 2017 को आयोजित की गईं।
वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सदस्यों द्वारा जिन बैठकों में भाग लिया गया उनके विवरण निम्नानुसार हैं :

सदस्यों का नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति
श्री आर. नागराजन	निदेशक (वित्त)	3	3
श्री योगेश चंद्र गर्ग (21 अगस्त, 2016 तक)	स्वतंत्र निदेशक	1	1
श्री ए.के. अग्रवाल, (31 दिसंबर, 2016 तक)	निदेशक (परियोजना)	2	2
श्री चिन्मय गंगोपाध्याय (1 जनवरी, 2017 से)	निदेशक (परियोजना)	1	1

3.5 निदेशकों की सीएसआर और स्थायी विकास समिति

सीएसआर और स्थायी विकास समिति का गठन कंपनी के सीएसआर और स्थायी विकास संबंधी कार्यकलापों को दिशा-निर्देश देने और विभिन्न सीएसआर और एसडी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए निदेशक मंडल को सिफारिश करने हेतु किया गया है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार इस समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

क्रम सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री सीताराम पारीक	अध्यक्ष
2.	श्री डी. रवि	सदस्य
3.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान निदेशकों की सीएसआर और स्थायी विकास समिति की छह (6) बैठकें क्रमशः (i) 5 जुलाई, 2016 (ii) 23 नवंबर, 2016 (iii) 01 दिसंबर, 2016 (iv) 20 दिसंबर, 2016, (v) 6 फरवरी, 2017 तथा (vi) 24 मार्च, 2017 को आयोजित की गईं।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान सदस्यों द्वारा जिन बैठकों में भाग लिया गया, उनके विवरण निम्नानुसार हैं:

सदस्यों का नाम	पदनाम	बैठकों की संख्या	
		कार्यकाल के दौरान आयोजित	उपस्थिति
श्री डी. रवि (24 जून, 2016 से)	निदेशक (वाणिज्यिक)	6	6
श्री योगेश चंद्र गर्ग (21 अगस्त, 2016 तक)	स्वतंत्र निदेशक	1	1
श्री राजीव शर्मा (28 अक्तूबर, 2016 से 10 फरवरी, 2017 तक)	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	4	4
श्री ए.के. अग्रवाल, (31 दिसंबर, 2016 तक)	निदेशक (परियोजना)	4	4
श्री चिन्मय गंगोपाध्याय (1 जनवरी, 2017 से)	निदेशक (परियोजना)	2	2
श्री सीताराम पारीक (10 फरवरी, 2017 से)	स्वतंत्र निदेशक	1	1

3.6 ऋण समिति

निदेशकों की ऋण समिति का गठन एक वित्तीय वर्ष में ₹10,000 करोड़ की कुल सीमा के अध्यधीन वित्तीय और लीज सहायता में वृद्धि करने और पात्रता शर्तों में छूट प्रदान करने सहित किसी पृथक योजना और परियोजना के लिए ₹500 करोड़ तक की वित्तीय सहायता स्वीकृत करने के लिए किया गया है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार इस समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

क्रम सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री राजीव शर्मा	अध्यक्ष
2.	श्री अरुण कुमार वर्मा	सदस्य
3.	श्री आर. नागराजन	सदस्य
4.	श्री डी. रवि	सदस्य
5.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान ऋण समिति की छह (6) बैठकें क्रमशः (i) 13 मई, 2016 (ii) 4 जुलाई, 2016 (iii) 11 अगस्त, 2016 (iv) 06 फरवरी, 2017 (v) 20 फरवरी 2017 और (vi) 10 मार्च, 2017 को आयोजित की गईं।

3.7 प्रकार्यात्मक निदेशकों की समिति

प्रकार्यात्मक निदेशकों की समिति का गठन एक वित्तीय वर्ष में ₹4,000 करोड़ की कुल सीमा के अध्यधीन वित्तीय और लीज सहायता में वृद्धि करने और पात्रता शर्तों में छूट प्रदान करने सहित किसी पृथक योजना और परियोजना के लिए ₹100 करोड़ तक की वित्तीय सहायता स्वीकृत करने के लिए किया गया है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार इस समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

क्रम सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री राजीव शर्मा	अध्यक्ष
2.	श्री आर. नागराजन	सदस्य
3.	श्री डी. रवि	सदस्य
4.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान प्रकार्यात्मक निदेशकों की समिति की सात (07) बैठकें क्रमशः (i) 18 जुलाई, 2016 (ii) 23 अगस्त, 2016 (iii) 23 सितंबर, 2016 (iv) 26 अक्तूबर, 2016 (v) 16 नवंबर, 2016 (vi) 19 दिसंबर, 2016 और (vii) 18 जनवरी, 2016 को आयोजित की गईं।

3.8 केंद्रीय क्षेत्र के उपक्रमों के आईपीओ में निवेश के लिए निदेशकों की समिति

केंद्रीय क्षेत्र की विद्युत कंपनियों के आईपीओ में निवेश करने के लिए निदेशकों की समिति का गठन केंद्रीय क्षेत्र की विद्युत कंपनियों और उपक्रमों के आईपीओ में इक्विटी निवेश का अनुमोदन करने के लिए और अन्य संबंधित मामले जैसे इक्विटी वापस लेने/उनकी बिक्री करने के लिए निर्णय करने, आईपीओ के माध्यम से आवेदित किए जाने वाले शेयरों की संख्या निर्धारित करने, मामला दर मामला आधार पर प्रत्येक कंपनी में अलग निवेश सीमा आदि का निर्धारण करने के लिए किया गया है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार इस समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

क्रम सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री राजीव शर्मा	अध्यक्ष
2.	श्री आर. नागराजन	सदस्य
3.	श्री डी. रवि	सदस्य
4.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान केंद्रीय क्षेत्र की उपक्रमों के आईपीओ में निवेश के लिए निदेशकों की समिति की एक (1) बैठक 16 मई, 2016 को आयोजित की गईं।

3.9 मानव संसाधन समिति

मावन संसाधन समिति का गठन निदेशक मंडल के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले मानव संसाधन से संबंधित सभी मामलों पर निदेशक मंडल के विचारार्थ अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए किया गया है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार इस मानव संसाधन समिति में निम्नलिखित सदस्य थे :

क्रम सं.	सदस्य का नाम	पदनाम
1.	श्री आर. नागराजन	अध्यक्ष
2.	श्री डी. रवि	सदस्य
3.	श्री चिन्मय गंगोपाध्याय	सदस्य

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान मानव संसाधन समिति की दो (2) बैठकें क्रमशः i) 5 अगस्त, 2016 और (ii) 10 मार्च, 2017 को आयोजित की गईं।

4. वार्षिक आम बैठक

कंपनी की पिछली तीन वार्षिक आम बैठकों के विवरण निम्नानुसार हैं :

एजीएम	दिनांक	दिन	समय	स्थान	विशेष संकल्प
28वीं	26 सितंबर, 2014	शुक्रवार	प्रातः 10 बजे	मनेकशॉ सेंटर, परेड रोड, दिल्ली कैंट, नई दिल्ली- 110010	✓ नए संगम अनुच्छेद को अपनाया जाना। ✓ निजी नियोजन के आधार पर बॉण्ड/डिबेंचर आदि जारी करके निधियां जुटाने के लिए।
29वीं	24 सितंबर, 2015	गुरुवार	प्रातः 10 बजे	वेटलिफ्टिंग ऑडिटोरियम, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, लोदी रोड नई दिल्ली - 110003	✓ भारत अथवा विदेश में निजी नियोजन के आधार पर बॉण्ड/डिबेंचर आदि जारी करके ₹60,000 करोड़ तक की निधियां जुटाने के लिए।
30 वीं	19 अगस्त, 2016	शुक्रवार	प्रातः 11 बजे	वेटलिफ्टिंग ऑडिटोरियम, जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम, लोदी रोड नई दिल्ली-110003	✓ कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180 (1) (ग) के अंतर्गत अनुमोदित मौजूदा ऋण सीमा में संशोधन ✓ भारत अथवा विदेश में निजी नियोजन के आधार पर बॉण्ड/ डिबेंचर आदि जारी करके ₹55,000 करोड़ तक की निधियां जुटाने के लिए।

डाक मतपत्र

डाक मतपत्र के माध्यम से पिछले वर्ष कोई विशेष संकल्प पारित नहीं किया गया।

इसके अलावा आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तक डाक मतपत्र के माध्यम से कोई विशेष संकल्प पारित करने का प्रस्ताव नहीं किया गया है।

5. सहायक कंपनियां

आपकी कंपनी के पास ऐसी कोई सहायक कंपनियां नहीं हैं, जिनका गठन भारत में किया गया हो और जिनका टर्नओवर अथवा निवल मूल्य (अर्थात प्रदत्त पूंजी और मुक्त आरक्षित निधियां) तत्काल पूर्ववर्ती लेखांकन वर्ष में कंपनी और इसकी सहायक कंपनियों के क्रमशः समेकित टर्नओवर अथवा निवल मूल्य के 20% से अधिक हो।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 की अनुसूची-ट भाग-ग (10) (ड़) के साथ पठित विनियम 34(3) के अनुक्रम में कंपनी ने ''वास्तविक सहायक कंपनी पर नीति'' तैयार की है और यह http://www.pfcindia.com/Default/ViewFile/?id=1490186004628_Polciy on Material Subsidiary.pdf-path=Page पर उपलब्ध है।

6. प्रकटन

कंपनी ने ऐसा कोई भी महत्वपूर्ण संबंधित पक्षकार लेन-देन नहीं किया है, जिसके कंपनी के हित के प्रतिकूल हाने की संभावना हो। इसके अलावा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के अनुसार कंपनी ने ''संबंधित पक्षकार लेन-देन पर नीति'' तैयार की है और यह http://www.pfcindia.com/Default/ViewFile/?id=1490186033556_Polciy on Related Party Transaction. pdf-path=Page पर उपलब्ध है।

पिछले तीन वर्ष के दौरान सेबी, स्टॉक एक्सचेंज अथवा पूंजी बाजार से संबंधित किसी मामले पर किसी अन्य सांविधिक प्राधिकारी द्वारा न तो कोई शास्ति अधिरोपित की गई है और न ही कोई प्रतिबंध लगाया गया है। तथापि वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान आपकी कंपनी को कंपनी के निदेशक

मंडल में महिला निदेशक की नियुक्ति संबंधी अपेक्षा का अनुपालन पूरा न करने के लिए राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से शास्ति संबंधी एक नोटिस प्राप्त हुआ।

सगत नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धार 177 के अंतर्गत अपेक्षाओं के अनुक्रम में और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के अनुसरण में कंपनी को अन्य बातों के साथ - साथ कंपनी की आचार संहिता अथवा सिद्धांत नीति का उल्लंघन करने अथवा वास्तविक या संभावित धोखाधड़ी, अनैतिक व्यवहार या अपनी वास्तविक चिंताओं अथवा शिकायतों के बारे में रिपोर्ट करने के लिए एक 'सतर्कता तंत्र/विसिल ब्लोअर नीति' स्थापित करना आवश्यक है। ऐसे सतर्कता तंत्र के अभिन्न भाग के रूप में पीएफसी ने एक विसिल ब्लोअर नीति लागू की है और इस बात की पुष्टि की जाती है कि किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति से संपर्क करने के लिए कभी मना नहीं किया गया है। यह नीति http://www.pfcindia.com/ Default/ViewFile/?id=1490188785276_WBP.pdf-path=Page पर उपलब्ध है ।

कंपनी की लेखाबही में ऐसा कोई भी व्यय डेबिट नहीं किया गया जो कंपनी के व्यापारिक उद्देश्यों के लिए न किया गया हो। इसके अलावा ऐसा कोई व्यय नहीं किया गया जो निजी प्रकृति का और निदेशक बोर्ड तथा शीर्ष प्रबंधन के लिए किया गया हो।

आपकी कंपनी ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 की सभी अपेक्षाओं और भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय क्षेत्र के लोक उपक्रमों के लिए निगमित शासन पर दिशा-निर्देशों का व्यापक तौर पर अनुपालन किया है। गैर-जरूरी अपेक्षाओं को पूरा करने (और अनुपालन)/न अपनाने (अननुपालन) संबंधी सूचना अनुबंध-क में दी गई है।

कंपनी में जोखिम मूल्यांकन और उनको न्यूनतम करने अथवा उन्मूलन के बारे में बोर्ड को सूचित करने के लिए प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं। कंपनी का निदेशक मंडल इन प्रक्रियाओं की आवधिक रूप से समीक्षा करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जोखिमों का प्रबंधन एक उचित परिभाषित ढांचे के माध्यम से किया जा रहा है।

वित्तीय विवरण तैयार करने में कंपनी ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानकों और यथालागू सीमा तक कंपनी (लेखांकन मानक) नियमावली, 2006 के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

7. संचार के साधन

कंपनी संचार को संपूर्ण निगमित शासन ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक मानती है और इसलिए यह बड़े पैमाने पर जनता के साथ निरंतर, दक्ष और संगत संचार पर लगातार जोर दे रही है। कंपनी अपने शेयरधारकों को कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक आमसभा, समाचार पत्रों और वेबसाइट के माध्यम से प्रकटन कर सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं देती है। कंपनी निवेशक सम्मेलन, कांफ्रेंस कॉल इत्यादि के माध्यम से इनकी सूचना अपने संस्थागत शेयरधारकों को भी देती है। जहां एक ओर कंपनी के तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणाम राष्ट्रीय समाचार पत्रों जैसे 'टाइम्स ऑफ इंडिया', हिंदुस्तान टाइम्स, 'बिजनेस स्टैंडर्ड' (अंग्रेजी और हिंदी), 'नवभारत टाइम्स' (हिंदी), मिंट, 'जनसत्ता' (हिंदी), बिजनेस लाइन्स, दैनिक जागरण (हिंदी), इंडियन एक्सप्रेस आदि में प्रकाशित किए जाते हैं वहीं दूसरी ओर इन्हें कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.pfcindia.com पर भी उपलब्ध कराया जाता है और उन्हें व्यापक प्रचार प्रसार के लिए स्टॉक एक्सचेंज को भी प्रस्तुत किया जाता है।

कंपनी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सूचना कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में दी जाती है, जिसमें अन्य जानकारी के साथ–साथ लेखापरीक्षित लेखे, समेकित वित्तीय विवरण, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, निगमित शासन संबंधी रिपोर्ट शामिल होती है। यह प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए सभी सदस्यों और अन्य पात्र व्यक्तियों को भी परिचालित की जाती है।

8. सीईओ/सीएफओ द्वारा अधिप्रमाणन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के अंतर्गत यथावश्यक सीईओ अर्थात अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और सीएफओ अर्थात निदेशक (वित्त) द्वारा हस्ता/- प्रमाण-पत्र 9 अगस्त, 2016, 9 नवंबर, 2016, 13 फरवरी, 2017 और 29 मई, 2017 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

9. लागू विधियों (कानूनों) का अनुपालन

कंपनी में सुदृढ़ अनुपालन निगरानी प्रणाली लागू की गई है। निदेशक मंडल कंपनी के लिए सभी लागू विधियों का उचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवधिक रूप से अनुपालन की स्थिति की समीक्षा करता है।

10. आचार संहिता

निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यापार संचालन संहिता और सिद्धांत एक ऐसी विस्तृत संहिता है जो आपकी कंपनी के सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों के लिए लागू है। यह कंपनी के कार्यकलापों के प्रबंधन में सैद्धांतिक और पारदर्शी प्रक्रिया के विस्तार के उद्देश्य, मिशन और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कंपनी के विजन और मूल्यों के अनुरूप है। इस आचार संहिता की प्रतिलिपि कंपनी की वेबसाईट अर्थात www.pfcindia.com पर उपलब्ध कराई गई है।

निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधकीय कार्मिकों से प्राप्त पुष्टि के आधार पर अध्यक्ष एव प्रबंध निदेशक द्वारा आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में की गई घोषणा नीचे दी गई है:

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के अंतर्गत और निगमित शासन पर डीपीई के दिशा.निर्देशों के अनुसार यथावश्यक घोषणा

''निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधकीय कार्मिकों ने 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 'निदेशक मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन हेतु व्यापार संचालन संहिता और सिद्धांत' के अनुपालन की पुष्टि की है''।

हस्ता/–

राजीव शर्मा

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

डीआईएन नं. 00973413

11. आंतरिक ट्रेडिंग के निषेध के लिए आचार संहिता

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (आंतरिक ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के अनुसार आपकी कंपनी ने अप्रकाशित मूल्य संवेदी सूचना की गोपनीयता बनाए रखने और उसका दुरुपयोग रोकने के लिए ''आंतरिक लोगों द्वारा ट्रेडिंग के विनियमन और रिपोर्टिंग तथा निष्पक्ष प्रकटन के लिए पीएफसी की आचार संहिता, 2015'' तैयार की है। सभी पदनामित कार्मिक और संहिता में उल्लिखित अन्य संबद्ध व्यक्तियों का यह कर्तव्य है कि वे कंपनी में अपने कार्यकलापों के दौरान प्राप्त की गई ऐसी सभी सूचना की गोपनीयता की रक्षा करेंगे और निजी लाभ प्राप्त करने अथवा किसी तृतीय पक्षकार को लाभ पहुंचाने के लिए अपने पद अथवा इस प्रकार प्राप्त की गई सूचना का दुरूपयोग नहीं करेंगे। इस आचार संहिता में कंपनी की प्रतिभूतियों का लेन-देन करते समय अपनाए जाने वाले दिशा-निर्देश और प्रक्रियाएं तथा प्रकटन और अनुपालन के मामले में होने वाले परिणाम निर्धारित किए गए हैं। कंपनी सचिव को अनुपालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है और वह उपर्युक्त संहिता अर्थात 'आंतरिक ट्रेडिंग के निषेध के लिए आचार संहिता' का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह है।

उपर्युक्त आचार संहिता की अपेक्षाओं के अनुरूप ट्रेडिंग विंडो को उस समय जब निदेशक मंडल को कोई मूल्य संवेदी सूचना प्रस्तुत की जाने वाली होती है, तब समय-समय पर बंद किया गया। अनुपालन अधिकारी ने सभी कार्मिकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को ट्रेडिंग विंडो के बंद होने पर कंपनी की प्रतिभूतियों का लेन-देन न करने और इसके लिए उन्हें प्रतिबंधित करने के लिए पर्याप्त समय रहते कंपनी की वेबसाइट पर ट्रेडिंग विंडो बंद होने की सूचना अधिसूचित की।

12. शेयरधारकों की सूचना

1) वार्षिक आम बैठक

तारीख	समय	स्थान
20 सितंबर, 2017	प्रात: 11:00 बजे	तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली

2) वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए वित्तीय कैलेंडर (संभावित)

विवरण	तारीख
वित्तीय वर्ष	01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च, 2018
पहली तीन तिमाहियों के लिए गैर अंनकेक्षित वित्तीय परिणाम	प्रत्येक तिमाही की समाप्ति से 45 दिनों के भीतर घोषित किया जाएगा।
लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम	अंनकेक्षित वित्तीय परिणाम 30 मई 2018 को या उसके पहले घोषित किया जाएगा।
एजीएम (अगले वर्ष)	सितंबर, 2018

3) खाताबही बंद करने की तारीख

कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयरअंतरण बही दोनों दिनों को शामिल करते हुए 13 सितंबर, 2017 से 20 सितंबर, 2017 तक बंद रहेंगे।

4) लाभांश का भुगतान

कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी पर 7 अप्रैल, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹ 5.00 प्रति शेयर के अंतिम लाभांश का भुगतान किया गया।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध करार की अपेक्षाएं और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनिमय 43(क) के अनुक्रम में कंपनी ने एक ''लाभांश वितरण नीति'' तैयार की है और यह http:..www.pfcindia.com.Default.ViewFile.?id=1500569967022_ Dividend Distribution Policy of Power Finance Corporation Limited-Final Version.pdf&path=Page पर उपलब्ध है।

5) लाभांश का ऐतिहासिक विवरण

वर्ष	कुल प्रदत्त पूंजी (₹ करोड़)	प्रदत्त लाभांश की कुल राशि (₹ करोड़)	लाभांश दर	भुगतान की तारीख अंतरिम एवं अंतिम
2011-12	1320.00 (अंतरिम)	659.97	50	फरवरी 17, 2012 (अंतरिम)
	1320.00 (अंतिम)	132.00	10	अक्तूबर 3, 2012 (अंतिम)
	जोड़	791.97	60	.
2012-13	1320.00 (अंतरिम)	792.01	60	फरवरी 13, 2013 (अंतरिम)
	1320. 00 (अंतिम)	132.00	10	अक्तूबर 7, 2013 (अंतिम)
	जोड़	924.01	70	-
2013-14	1320.03 (अंतरिम)	1161.63	88	फरवरी 17, 2014 (अंतरिम)
	1320.04 (अंतिम)	26.40	2	अक्तूबर 10, 2014 (अंतिम)
	जोड़	1188.04	90	-
2014-15	1320.04 (अंतरिम)	1122.04	85	मार्च 13, 2015 (अंतरिम)
	1320.04 (अंतिम)	79.20	6	अक्तूबर 8, 2015 (अंतिम)
	जोड़	1201.24	91	-
2015-16	1320.04 (पहला अंतरिम)	1161.64	88	जनवरी 4, 2017
	1320.04 (दूसरा अंतिम)	594.02	45	फरवरी 24, 2017
	1320.04 (अंतिम)	79.20	6	सितंबर 1, 2016
	जोड़	1834.86	139	-

6) स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्ध करना

पीएफसी के शेयर निम्नलिखित स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्ध हैं :

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) स्क्रिप कोड : पीएफसी ईक्यू	**बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लि. (बीएसई)** स्क्रिप कोड : 532810
स्टॉक कोड (आईएसआईएन) : आईएनई 134ई01011	

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान एनएसई और बीएसई को कर दिया गया है।

7) बाजार मूल्य डेटा

माह	उच्च (₹)		निम्न (₹)		इतिशेष (₹)	
	एनएसई	बीएसई	एनएसई	बीएसई	एनएसई	बीएसई
अप्रैल, 2016	183.80	183.70	164.00	163.90	179.35	179.40
मई, 2016	181.40	182.00	162.20	162.50	163.70	163.80
जून, 2016	171.65	170.90	156.50	156.75	169.40	169.30
जुलाई, 2016	224.40	224.00	171.50	171.55	218.05	218.65
अगस्त, 2016	246.45	246.25	112.20	112.25	123.70	123.40
सितंबर, 2016	127.65	129.30	112.30	112.40	120.30	119.95
अक्तूबर, 2016	130.40	130.45	120.20	120.25	124.50	124.60
नवंबर, 2016	135.60	135.60	103.15	103.30	134.20	134.20
दिसंबर, 2016	136.40	136.55	112.90	113.10	121.95	121.80
जनवरी, 2017	140.25	140.00	120.65	120.90	130.15	130.10
फरवरी, 2017	141.90	141.80	126.45	126.40	136.00	135.95
मार्च, 2107	148.40	148.30	129.95	130.20	145.90	145.90

8) सूचकांकों की तुलना में निष्पादन

पीएफसी का शेयर मूल्य और निफ्टी



पीएफसी का शेयर मूल्य और बीएसई सूचकांक



9) इक्विटी शेयरों के लिए पंजीयक और अंतरण एजेंट संप्रेषण हेतु पता

कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लि.
कार्वी सेलेनियम टॉवर ''बी''प्लॉट नम्बर 31 और 32
वित्तीय जिला - नानकरामगुडा, गच्छीवाउली,
हैदराबाद, 500032 आंध्र प्रदेश, भारत
दूरभाष : 91 40 67162222, फैक्स : 91 40 23420814
ईमेल : support@karvy.com
वेबसाइट : www.karvycomputershare.com

10) **शेयर अंतरण प्रणाली**

भौतिक खंड के अंतर्गत शेयरों का अंतरण हमारे पंजीयक और अंतरण एजेंट कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से किया जाता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 7 के अनुक्रम में सूचीबद्ध निकाय यह सुनिश्चित करेगा कि भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तरह के शेयर अंतरण सुविधा संबंधी सभी कार्यकलापों का रखरखाव या तो इनहाउस किया जाए अथवा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ पंजीकृत किसी शेयर जारीकर्ता और अंतरणकर्ता एजेंट के पंजीयक द्वारा किया जाए। इसके अलावा सूचीबद्ध निकाय अर्धवार्षिक आधार पर उपर्युक्त अपेक्षित अनुपालन की पुष्टि एवं प्रमाणन के लिए सूचीबद्ध निकाय के अनुपालन अधिकारी और शेयर अंतरण एजेंट, जहां कहीं भी लागू है, के प्राधिकृत प्रतिनिधि दोनों के द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित एक प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष की प्रत्येक छमाही की समाप्ति से एक माह के भीतर स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत किया करेगा। शेयर अंतरण संबंधी औपचारिकताएं उपर्युक्त अपेक्षित अनुपालन की पुष्टि एवं प्रमाणन के लिए अर्ध वार्षिक आधार पर एक प्रमाण-पत्र निर्धारित अवधि के भीतर स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत कर दिया गया है।

इसके अलावा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 40 (9) के अनुक्रम में सूचीबद्ध निकाय यह सुनिश्चित करेगा कि शेयर अंतरण एजेंट और/या इनहाउस शेयर अंतरण सुविधा, जैसा भी मामला हो, व्यावसायिक कंपनी सचिव से अर्धवार्षिक आधार पर वित्तीय वर्ष की प्रत्येक छमाही की समाप्ति से एक माह के भीतर यह प्रमाणित करते हुए एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करता है कि सभी प्रमाण-पत्र अंतरण, उप विभाजन, समेकन, नवीनीकरण, विनिमय अथवा आमंत्रण / आबंटन धनराशि के पृष्ठांकन के लिए लॉजमेंट की तारीख से 30 दिन के भी जारी कर दिए गए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 40 (9) के अंतर्गत उपर्युक्त अपेक्षित अनुपालन की पुष्टि एवं प्रमाणन के लिए एक प्रमाण-पत्र निर्धारित अवधि के भीतर स्टॉक एक्सचेंजों को प्रस्तुत कर दिया गया है ।

इसके अलावा नेशनल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लि. (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) के साथ कुल स्वीकृत पूंजी और जारी की गई तथा सूचीबद्ध कुल पूंजी के मिलान हेतु शेयर पूंजी के पुनर्मिलान के लिए व्यावसायिक कंपनी सचिव द्वारा भी लेखापरीक्षा की जाती है। शेयर पूंजी के पुनर्मिलान और लेखापरीक्षा रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की जाती है कि कुल जारी की गई/प्रदत्त पूंजी भौतिक रूप में जारी किए गए शेयरों की कुल संख्या और एनएसडीएल तथा सीडीएसएल के साथ धारित डी-मटीरियलाइज्ड शेयरों की कुल संख्या से मेल खाती है।

11) **डिमेट सस्पेंस खाते के विवरण**

31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार डीमेट सस्पेंस खाते में शेयरों के विवरण निम्नानुसार हैं :

विवरण	मामलों की संख्या	शेयरों की संख्या
वर्ष की शुरूआत अर्थात 1 अप्रैल, 2016 के प्रारंभ में सस्पेंस खाते में पड़े बकाया शेयरों और शेयरधारकों की समेकित संख्या	45	4971
सस्पेंस खाते से शेयरों के अंतरण हेतु कंपनी से पहल करने वाले शेयरधारकों की संख्या	3	352
सस्पेंस खाते से जिन शेयरधारकों के शेयर अंतरित किए गए उनकी संख्या	3	352
शेष	42	4619
1 सितंबर, 2016 को शेयरों का बोनस के रूप में आबंटन (1:1 के अनुपात में)	-	4619
शेष	42	9238
सस्पेंस खाते से शेयरों के अंतरण हेतु कंपनी से पहल करने वाले शेयरधारकों की संख्या	1	272
सस्पेंस खाते से जिन शेयरधारकों के शेयर अंतरित किए गए उनकी संख्या	1	272
वर्ष के अंत में अर्थात 31 मार्च, 2017 को उच्चंत खाते में बकाया शेयरों और शेयरधारकों की समेकित संख्या	41	8966

उपर्युक्त शेयरों के संदर्भ में वोट देने के अधिकारों को तब तक रद्द रखा जाएगा जब तक कि ऐसे शेयरों के वास्तविक अभिरक्षक उसके लिए दावा नहीं करते हैं।

12) **शेयरधारिता का वितरण**

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार शेयरधारिता का वितरण

क्र. सं.	राशि	शेयरधारकों की संख्या	शेयरधारकों का %	राशि (₹)	शेयरधारकों का %
1	1-5000	196730	85.21	293769060	1.11
2	5001-10000	20942	9.07	168360400	0.64
3	10001-20000	7713	3.34	115775860	0.44
4	20001-30000	1685	0.73	43177210	0.16
5	30001-40000	901	0.39	33015870	0.13
6	40001-50000	567	0.25	26818330	0.10
7	50001-100000	978	0.42	71493390	0.27
8	100001 और उससे अधिक	1358	0.59	25648403960	97.15
	योग	**230874**	**100**	**26400814080**	**100**

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार शेयरधारिता पैटन

श्रेणी	शेयरों की कुल संख्या	इक्विटी का%
भारत के राष्ट्रपति	1751631394	66.35
बीमा कंपनियां	215729156	8.17
विदेशी संस्थागत निवेशक	34414643	1.30
विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक	375149516	14.21
निवासी व्यक्ति विशेष	85733783	3.25
भारतीय वित्तीय संस्थान	28405981	1.08
निगमित निकाय	37942905	1.44
म्युचुअल फंड	84148928	3.19
एनबीएफसी	1188213	0.05
बैंक	6025430	0.23
न्यास	4419278	0.17
एचयूएफ	4437835	0.17
कार्मिक	1461284	0.06
अनिवासी भारतीय	3665598	0.14
समाशोधन सदस्य	5726464	0.22
विदेशी नागरिक	1000	0.00
जोड़	2640081408	100

13) शेयरों का डिमैटेरियलाइजेशन

31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार एनएसडीएल, सीडीएसएल के साथ धारित और भौतिक मोड में शेयरों की संख्या

विवरण	शेयरों की संख्या	जारी की गई पूंजी का कुल %
एनएसडीएल	2609764293	98.85
सीडीएसएल	30262137	1.15
भौतिक	54978	0
जोड़	2640081408	100

14) बकाया जीडीआर/एडीआर/वारंट अथवा अन्य कोई परिवर्तनीय लिखित, परिवर्तन की तारीख और इक्विटी पर उसका संभावित प्रभाव

कंपनी द्वारा कोई भी जीडीआर/एडीआर/वारंट अथवा कोई परिर्वनीय लिखित जारी नहीं किए गए हैं।

15) कोमोडिटी मूल्य जोखिम अथवा विदेशी विनिमय संबंधी जोखिम और हैजिंग संबंधी कार्यकलाप

आपकी कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा ऋणों से संबद्ध जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए मुद्रा जोखिम प्रबंधन (सीआरएम) नीति लागू की गई है। आपकी कंपनी करेंसी फॉरवर्ड, विकल्प, मूलधन स्वैप और अग्रवर्ती दर करारों जैसे लिखतों के माध्यम से विनिमय दर और ब्याज दर जोखिम को दूर करने और उसकी भरपाई के लिए हैजिंग संबंधी लेन-देन करती है।

16) पत्राचार के लिए पता

पंजीकृत कार्यालय :

''ऊर्जानिधि'',
1, बाराखंभा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

कंपनी सचिव
श्री मनोहर बलवानी,
दूरभाष : +91 1123456020, फैक्स : +91 1123456786
ईमेल : investorsgrievance@pfcindia.com

निगमित शासन पर रिपोर्ट का अनुबंध क

गैर अपरिहार्य अपेक्षाएं

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के निगमित शासन भाग से संबंधित गैर अपरिहार्य अपेक्षाएं की स्थिति निम्नानुसार है:

1. **बोर्ड :**

   कंपनी की अध्यक्षता एक कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

2. **शेयरधारक के अधिकार :**

   निगमित शासन रिपोर्ट के ''साधन और संचार'' शीर्ष के अंतर्गत किए गए उल्लेखानुसार कंपनी के तिमाही वित्तीय परिणाम प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाते हैं और कंपनी की वेबसाइट पर भी उन्हें अपलोड किया जाता है।

3. **लेखापरीक्षा अर्हताएं :**

   कंपनी का हमेशा यह प्रयास रहता है कि अनअर्हता प्राप्त वित्तीय विवरणों से बचा जाए।

4. **अध्यक्ष और सीईओ के अलग पद:**

   पीएफसी के भारत सरकार की एक कंपनी होने के नाते इसके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

5. **आंतरिक लेखापरीक्षक की रिपोर्टिंग:**

   कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षकों को लेखापरीक्षा समिति की बैठकों में आमंत्रित किया जाता है और वे लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों के साथ नियमित रूप से बातचीत करते हैं।

निगमित शासन संबंधी प्रमाण–पत्र

सेवा में,
सदस्य,
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

हमने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए निगमित शासन संबंधी शर्तों के अनुपालन की जांच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2005 (जिसे यहां से आगे सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के रूप में संबोधित किया जाएगा) के अध्याय-IV की अनुसूची-V के विनियम 17 -27, 46 (2) (ख) से (i) और पैरा ग, घ, ङ में यथाविहित और भारत सरकार, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित शासन पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार की है।

निगमित शासन की शर्तों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रबंधन की होती है। हमारी जांच ऊपर दिए गए दिशानिर्देश में उल्लेखित किए अनुसार निगमित शासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई नई प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन तक ही सीमित है। यह न तो कोई लेखापरीक्षा है और न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों के संबंध में अपने दृष्टिकोण की कोई अभिव्यक्ति है।

हमारे दृष्टिकोण में और हमें दी गई सर्वश्रेष्ठ सूचना और स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा प्रबंधन द्वारा किए गए प्रतिनिधित्व के आधार पर हम यह प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने निम्नलिखित को छोड़कर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2005 के अध्याय- IV की अनुसूची-V के विनियम 17 -27, 46 (2) (ख) से (i) और पैरा ग, घ, ड. में यथाविहित निगमित शासन संबंधी शर्तों और भारत सरकार, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग द्वारा केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित शासन पर जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया है। बजाए:

(i) सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 17 (1) और लोक उद्यम विभाग द्वारा केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित शासन पर जारी दिशा-निर्देशों के पैरा 3.1.2 और 3.1.4 के अंतर्गत यह आवश्यक है कि यदि अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ही कार्यपालक निदेशक हैं, तो निदेशक मंडल में कम-से-कम आधी संख्या में स्वतंत्र निदेशक होने चाहिए और निदेशक मंडल में एक महिला निदेशक का होना आवश्यक है। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल की अध्यक्षता एक कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा की जा रही है। तद्नुसार स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल के सदस्य की कुल संख्या के 50% के बराबर होनी चाहिए, तथापि कंपनी के निदेशक मंडल में वर्तमान में 6 निदेशक शामिल हैं, जिनमें 4 पूर्णकालिक सदस्य, 1 अंशकालिक सरकारी नामिती निदेशक और 1 गैर सरकारी अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं।

(ii) सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 17 (10) के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन पूरे निदेशक मंडल द्वारा किया जाएगा।

(iii) सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 18 (1) (ख) और निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों के पैरा 4.1.1 के अनुसार लेखापरीक्षा समिति के दो तिहाई सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे।

(iv) सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 19 (1) (ख) और (ग) तथा निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों के पैरा 5.1 के अनुसार नामांकन और मेहनताना समिति के सभी निदेशक गैर कार्यपालक निदेशक होंगे और उनमें से कम से कम 50 प्रतिशत निदेशक स्वतंत्र निदेशक होंगे।

(v) सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 19 (2) और निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देशों के पैरा 5.1 के अनुसार नामांकन और मेहनताना समिति के अध्यक्ष स्वतंत्र निदेशक होंगे।

(vi) सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 25 (3) एवं (4) के अनुसार स्वतंत्र निदेशक अपनी पृथक बैठक में गैर स्वतंत्र निदेशकों और पूरे निदेशक मंडल के सामूहिक रूप से कार्य निष्पादन की समीक्षा करेंगे; कार्यपालक निदेशकों और गैर कार्यपालक निदेशकों के दृष्टिकोण और विचारों को ध्यान में रखते हुए कंपनी के अध्यक्ष के कार्य निष्पादन की समीक्षा करेंगे; और कंपनी के प्रबंधन तथा निदेशक मंडल के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयनिष्ठता का मूल्यांकन करेंगे, जो कि निदेशक मंडल के लिए अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से और उचित ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। स्वतंत्र निदेशकों ने समीक्षाधीन अवधि के दौरान 27.05.2017 को अपनी बैठक आयोजित की, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निदेशक मंडल के सदस्यों और सामूहिक रूप से निदेशक मंडल के कार्य निष्पादन की समीक्षा के संदर्भ में विद्युत क्षेत्र के अन्य पीएसयू और कुछ अग्रणी निजी कंपनियों द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया को प्रथम दृष्टया अपनाने और उसे लागू करने की संभावनाएं तलाशने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा, उपर्युक्त बैठकों में स्वतंत्र निदेशकों ने सेबी (एलओडीआर) 2015 के विनियम 25 (4) (ग) के अंतर्गत यथावश्यक सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयनिष्ठता का भी मूल्यांकन किया।

हम यह भी उल्लेख करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भावी जीवन क्षमता के लिए कोई आश्वासन है और न ही प्रभावशीलता अथवा कोई दक्षता है, जिससे प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों को संचालित किया है।

कृते अग्रवाल एस एंड एसोसिएट
कंपनी सचिव,
हस्ता/-
सीएस सचिन अग्रवाल
भागीदार
एफसीएस सं. 5774
सीपी सं.5910

दिनांक: 21 जुलाई, 2017
स्थान : नई दिल्ली

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुबंध-छ

व्यापारिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट

भाग–क : कंपनी के बारे में सामान्य सूचना

कंपनी की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन)	L65910DL1986GOI024862
कंपनी का नाम	पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (पीएफसी)
पंजीकृत पता	''ऊर्जानिधि'', 1, बाराखंभा लेन, कनॉट प्लेस नई दिल्ली-110001
वेबसाइट	www.pfcindia.com
ईमेल आईडी	mb@pfcindia.com
रिपोर्टाधीन वित्तीय वर्ष	2016-17
ऐसे क्षेत्र जिनमें कंपनी व्यापार कर रही है (औद्योगिक गतिविधि कोड–वार)	64990 (अन्य वित्तीय सेवाएं कार्यकलाप, जिसमें बीमा तथा पेंशन निधियन कार्यकलाप शामिल नहीं हैं)
कंपनी के तीन महत्वपूर्ण उत्पादों और सेवाओं की सूची जो कंपनी विनिर्मित करती है/प्रदान करती है (तुलन–पत्र में दर्शाए अनुसार)	(i) रुपया अवधि ऋण (आरटीएल) (ii) अल्पकालिक ऋण (एसटीएल) (iii) क्रेता की लाइन ऑफ क्रेडिट (बीएलसी)
ऐसे प्रमुख स्थानों की संख्या जहां कंपनी द्वारा व्यापारिक कार्यकलाप किए जाते हैं : I. अंतर्राष्ट्रीय स्थानों की संख्या II. राष्ट्रीय स्थानों की संख्या	 शून्य 3
कंपनी द्वारा जिन बाजारों को सेवाएं प्रदान की जाती हैं – स्थानीय/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय	राष्ट्रीय

भाग–ख : कंपनी के वित्तीय विवरण (31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार)

प्रदत्त पूंजी (आईएनआर)	₹2,640.08 करोड़
कुल टर्नओवर (आईएनआर) (प्रचालन से प्राप्त राजस्व)	₹26,716.23 करोड़
कर पश्चात कुल लाभ (आईएनआर)	₹2,126.39 करोड़
कर पश्चात लाभ के प्रतिशत के रूप में निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर कुल खर्च (%)	वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कर पश्चात लाभ (पीएटी) का 7.91% (₹168.11 करोड़)
ऐसे निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यकलापों की सूची जिनमें व्यय किया गया है	**अनुबंध-I**

भाग–ग : अन्य विवरण

क्या कंपनी की कोई सहायक कंपनी/कंपनियां हैं?	हां
क्या सहायक कंपनी/कंपनियां मूल कंपनी के बीआर संबंधी प्रयासों में प्रतिभागिता करती हैं? यदि हां, तो ऐसी सहायक कंपनी (कंपनियों की संख्या दर्शाएं)	नहीं
क्या कोई अन्य संगठन/निकाय (अर्थात पूर्तिकर्ता, वितरक आदि) हैं जो कंपनी के साथ व्यापार करते हैं, कंपनी के व्यापारिक उत्तरदायित्व संबंधी प्रयासों में भाग लेते हैं? यदि हां तो ऐसे संगठन/निकायों का प्रतिशत दर्शाएं (30% से कम, 30% से 60%, 60% से अधिक)	नहीं

भाग–घ : व्यापारिक उत्तरदायित्व (बीआर) संबंधी सूचना

I. बीआर के लिए जिम्मेदार निदेशक/निदेशकों के विवरण

क) **बीआर नीति/नीतियों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार निदेशक/निदेशकों के विवरण**

डीआईएन संख्या	00038452
नाम	श्री डी. रवि
पदनाम	निदेशक (वाणिज्यिक)

ख) बीआर प्रमुख के विवरण

क्र.सं.	विवरण	ब्यौरा
1.	डीआईएन संख्या (यदि लागू हो)	लागू नहीं
2.	नाम	श्री मनोहर बलवानी
3.	पदनाम	कंपनी सचिव
4.	दूरभाष संख्या	011- 23456749
5.	ईमेल आईडी	mb@pfcindia.com

2. सिद्धांतवार (एनवीजी के अनुसार) बीआर नीति/नीतियां (उत्तर हां/न में)

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी सामाजिक, पर्यावरणीय और व्यापार हेतु आर्थिक जिम्मेदारियों पर राष्ट्रीय स्वैच्छिक दिशा-निर्देशों (एनवीजी) के अंतर्गत व्यापारिक उत्तरदायित्व के नौ क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इनके विवरण निम्नानुसार हैं :

पी 1- व्यापार संचालन सिद्धांत, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाना चाहिए।

पी 2- व्यापार के अंतर्गत ऐसा माल और सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए जो सुरक्षित हों और अपने संपूर्ण जीवनकाल के दौरान स्थायित्व प्रदान करने में योगदान दें।

पी 3- व्यापार में कार्मिकों के कल्याण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

पी 4- व्यापार में सभी शेयरधारकों विशेष रूप से सुविधाविहीन, सुभेद्य और जो हाशिए पर हैं अर्थात जो मुख्यधारा से नहीं जुड़े हैं, के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति जवाबदेह होना चाहिए।

पी 5- व्यापार मानवाधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए और उन्हें बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

पी 6- व्यापार में पर्यावरण की रक्षा और उसे स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

पी 7- यदि आप जनता को प्रभावित करने वाले व्यवसाय से जुड़े हैं तो इसके लिए एक नियामक नीति बनाई जानी चाहिए और यह कार्य जवाबदेह ढंग से किया जाना चाहिए।

पी 8- व्यापार में समाहारी वृद्धि और समान विकास किया जाना चाहिए।

पी 9- व्यापार में अपने ग्राहकों और उपभोक्ताओं को जवाबदेह ढंग से सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए और उनका उचित सम्मान किया जाना चाहिए।

क्रम सं.	प्रश्न	व्यापारसिद्धांत	उत्पाद उत्तरदायित्व	कार्मिक कल्याण	शेयरधारक सहभागिता	मानवाधिकार	पर्यावरण	लोकनीति	सीएसआर	उपभोक्ता संबंध
		पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
1	क्या आपके पास... के लिए कोई नीति/ नीतियां हैं?	हां	पीएफसी एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) होने के नाते यह सिद्धांत सीमित रूप से लागू करती है	हां	हां	यह नीति कंपनी की मानव संसाधन नीतियों और प्रक्रियाओं में शामिल है	यह नीति कंपनी की विभिन्न नीतियों और प्रक्रियाओं में शामिल है	यह नीति कंपनी की विभिन्न नीतियों और प्रक्रियाओं में शामिल है	हां	यह नीति कंपनी की विभिन्न नीतियों और प्रक्रियाओं में शामिल है
2.	क्या नीति संबंधित शेयरधारकों के साथ परामर्श से तैयार की गई है?	हां	-	हां	हां	-	हां	-	हां	-
3.	क्या नीति राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है?	हां	-	हां	हां	-	हां	-	हां	-
4.	क्या नीति निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई है? यदि हां क्या इस पर एमडी / स्वामी / सीईओ / उपयुक्त मंडल निदेशक द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं?	हां	-	हां	हां	-	हां	-	हां	-
5.	क्या कंपनी में नीतियों के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करने के लिए निदेशक मंडल की कोई विशेष समिति / निदेशक / अधिकारी नामित किया गया है?	हां	-	हां	हां	-	हां	-	हां	-
6.	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक दर्शाएं	#	-	नीति आंतरिक दस्तावेज होने के नाते केवल कार्मिकों के लिए ही उपलब्ध है।	#	-	#	-	#	-

क्रम सं.	प्रश्न	व्यापारसिद्धांत	उत्पाद उत्तरदायित्व	कार्मिक कल्याण	शेयरधारक सहभागिता	मानवाधिकार	पर्यावरण	लोकनीति	सीएसआर	उपभोक्ता संबंध
		पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
7.	क्या नीति के बारे में सभी संगत आंतरिक और बाह्य शेयरधारकों को औपचारिक सूचना दी गई है?	हां		हां	हां	-	हां	-	हां	-
8.	क्या कंपनी ने नीति / नीतियों के कार्यान्वयन हेतु आंतरिक अवसंरचना मौजूद है?	हां	-	हां	हां	-	हां	-	हां	-
9.	क्या कंपनी ने नीति / नीतियों से संबंधित शेयरधारकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए नीति / नीतियों से संबंधित शिकायत निवारण तंत्र मौजूद है?	हां	-	हां	हां	-	हां	-	हां	-
10.	क्या कंपनी ने किसी आंतरिक अथवा बाह्य एजेंसी द्वारा इस नीति की कार्य प्रणाली की स्वतंत्र लेखापरीक्षा/ मूल्यांकन किया है?	हां	-	हां	हां	-	हां	-	हां	-

संगत स्पष्टीकरण/सूचना/लिंक का उल्लेख इस रिपोर्ट के अनुबंध-II में किया गया है।

(ख) **यदि किसी भी सिद्धांत के विरूद्ध क्र. सं. I में आपका उत्तर 'नहीं' है, तो कृपया स्पष्ट करें कि क्यों : (दो विकल्पों तक टिक करें)**

क्रम सं.	प्रश्न	पी 1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
1.	कंपनी ने सिद्धांतों को नहीं समझा है।	लागू नहीं								
2.	कंपनी ऐसी स्थिति में नहीं है जहां यह अपने आपको नियम बनाने और उनका कार्यान्वयन करने की स्थिति में पाती है।									
3.	कंपनी के पास कार्य के लिए वित्तीय अथवा जनशक्ति संबंधी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।									
4.	यह अगले 6 माह के भीतर करने की योजना है									
5.	यह अगले I वर्ष के भीतर करने की योजना है									
6.	कोई अन्य कारण (कृपया विनिर्दिष्ट करें)									

3. व्यापारिक उत्तरदायित्व (बीआर) से संबंधित शासन व्यवस्था

वह अंतराल बताएं जिसमें निदेशक मंडल, निदेशक मंडल की समितियां अथवा मुख्य कार्यकारी अधिकारी कंपनी के व्यापारिक उत्तरदायित्व निष्पादन का मूल्यांकन करते हैं। क्या यह मूल्यांकन 3 माह, 3.6 माह, वार्षिक और 1 वर्ष से अधिक अवधि पर किया जाता है।

एक स्वतंत्र निदेशक की अध्यक्षता में सीएसआर और स्थायी विकास समिति का गठन किया गया है जो कंपनी के सीएसआर और स्थायी विकास संबंधी कार्यकलापों का मार्गदर्शन करती है और सीएसआर तथा स्थायी विकास संबंधी विभिन्न परियोजनाएं शुरू करने के लिए निदेशक मंडल को सिफारिश करती है। वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान इस समिति की छह बैठकें आयोजित की गईं।

इसके अलावा कंपनी के व्यापार उत्तरदायित्व (बीआर) कार्यकलापों का पर्यवेक्षण एक प्रकार्यात्मक निदेशक द्वारा किया जाता है और निदेशक मंडल भी वार्षिक आधार पर निदेशकों की रिपोर्ट के भाग के रूप में व्यापार उत्तरदायित्व की रिपोर्ट की समीक्षा करता है।

क्या कंपनी व्यापारिक उत्तरदायित्व अथवा स्थायी विकास संबंधी कोई रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट को देखने के लिए हाइपरलिंक क्या है? इसका प्रकाशन किस अंतराल पर किया जाता है?

व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2012-13 से आगे वार्षिक रिपोर्ट के रूप एक भाग के रूप में प्रकाशित की जा रही है। वर्तमान रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के भाग के रूप में शामिल की जाएगी और यह कंपनी की वेबसाइट www.pfcindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

भाग–ङ : सिद्धांतवार निष्पादन

सिद्धांत 1

1. **क्या सिद्धांत, घूस और भ्रष्टाचार से संबंधित नीति में केवल कंपनी को ही शामिल किया गया है? हां/न क्या यह समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्त्ताओं/संविदाकारों/गैर सरकारी संगठनों/अन्य के लिए भी लागू है?**

   पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (पीएफसी) विद्युत क्षेत्र का एक अग्रणी वित्तीय संस्थान और एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जो भारतीय विद्युत क्षेत्र के विकास हेतु निधि और गैर निधि आधारित सहायता प्रदान करता है। यह विद्युत क्षेत्र में निवेश को चैनलाइज करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है और इस क्षेत्र के विकास हेतु एक वाहन (साधन) के रूप में कार्य करता है। इसके ग्राहकों में राज्य क्षेत्र की विद्युत कंपनियां, केंद्रीय क्षेत्र की विद्युत कंपनियां, विद्युत विभाग, निजी क्षेत्र की विद्युत कंपनियां (स्वतंत्र विद्युत उत्पादक कंपनियों सहित), संयुक्त क्षेत्र की विद्युत कंपनियां आदि शामिल हैं। पीएफसी ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देशों के आधार पर अपने ऋण प्रचालन के लिए निष्पक्ष प्रक्रिया संहिता (पीएफसी) का विकास किया है जिसका उद्देश्य कंपनी के ऋणकर्त्ताओं को इस बात का आश्वासन देना है कि कंपनी अपने व्यापारिक लेन-देनों में निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

   पीएफसी बेहतर प्रबंधन के एक अभिन्न भाग के रूप में निगमित शासन पर भी विचार करती है और अपनी सभी कार्रवाइयों में व्यावसायिक, निष्पक्ष और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कंपनी ने निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यापार संचालन और सिद्धांत संहिता तथा एक कपटरोधी नीति तैयार की है।

   निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए व्यापार संचालन और सिद्धांत संहिता एक ऐसी समेकित आचार संहिता है जो कंपनी के सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों के लिए समान रूप से लागू है। यह कंपनी के मिशन और उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कंपनी के विजन तथा मूल्यों के अनुसार है और इसका उद्देश्य कंपनी के कार्यकलापों के प्रबंधन में सैद्धांतिक और प्रक्रियागत पारदर्शिता बढ़ाना है।

   कंपनी ने एक कपटरोधी नीति भी अपनाई है जिससे कि कंपनी में किसी भी धोखाधड़ी अथवा संभावित धोखाधड़ी का पता लगाने और उसकी रोकथाम करने के लिए एक प्रणाली स्थापित की जा सके। इसका उद्देश्य नियंत्रणों के विकास के लिए जिम्मेदारी सौंपते हुए और धोखाधड़ी तथा संभावित कपटपूर्ण व्यवहार की रिपोर्टिंग के लिए दिशा-निर्देश उपलब्ध कराकर और संभावित कपटपूर्ण व्यवहार की जांच कर निरंतर कानूनी और सैद्धांतिक संगठनात्मक व्यवहार को बढ़ावा देना है। इस नीति के कार्यक्षेत्र का विस्तार कंपनी में धोखाधड़ी अथवा संभावित धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग और जांच के लिए किया गया है, जिसमें कार्मिकों (संविदागत कार्मिकों सहित) के साथ–साथ शेयरधारक, परामर्शदाता, वेंडर, पूर्तिकर्ता, सेवा प्रदाता, संविदाकार, ऋणदाता, ऋणकर्ता, बाह्य एजेंसियां और/अथवा ऐसे कोई अन्य पक्षकार शामिल हैं जिनके कंपनी के साथ व्यापारिक संबंध हैं।

2. **पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान कितने शेयरधारकों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं और प्रबंधन द्वारा संतोषजनक ढंग से कितने प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया?**

   वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कंपनी को कपटरोधी नीति के अंतर्गत कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

   वर्ष की शुरूआत में लंबित 1 शिकायत के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान कंपनी को इसके शेयरधारकों से 5124 शिकायतें प्राप्त हुई थी। जिनमें से 31 मार्च, 2017 तक लगभग सभी शिकायतों (99.98%) का समाधान किया गया। शेष बची 1 शिकायत का अभी समाधान किया जाना है, क्योंकि वह न्यायालय में विचाराधीन है।

सिद्धांत 2

1. अपने ऐसे 3 उत्पादों अथवा सेवाओं की सूची तैयार करें, जिनकी डिजाइन के कारण सामाजिक अथवा पर्यावरण संबंधी चिंताएं, जोखिम और/अथवा अवसर उत्पन्न हुए हैं।

   पीएफसी के पास नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्त–पोषण के लिए सावधि ऋण, क्रेता की लाइन ऑफ क्रेडिट और पट्टा वित्त–पोषण आदि जैसे वित्तीय उत्पाद हैं जो स्थायी हैं और पर्यावरण की दृष्टि से बाध्यकर हैं। ऋण स्वीकृत करते समय पीएफसी पर्यावरणीय स्वीकृतियों के साथ-साथ इस संबंध में अपनी कुछ शर्तें विहित करता है।

2. **ऐसे प्रत्येक उत्पाद के लिए उत्पाद के प्रत्येक यूनिट के संदर्भ में संसाधनों के उपयोग (ऊर्जा, जल, कच्चा माल आदि) संबंधी निम्नलिखित विवरण दें (वैकल्पिक):**

   चूंकि पीएफसी कोई विनिर्माता कंपनी नहीं है और यह केवल विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है, अतः नीचे दिए गए प्रश्न सामान्यतः विनिर्माण क्षेत्र के लिए लागू होते हैं।

   i. संपूर्ण मूल्य शृंखला में गत वर्ष से स्रोत/उत्पादन/वितरण के दौरान प्राप्त की गई कमी?

      लागू नहीं।

   ii. पूर्ववर्ती वर्ष से उपभोक्ताओं (ऊर्जा, जल) द्वारा उपयोग कम करने का लक्ष्य हासिल किया गया है?

      लागू नहीं।

3. **क्या कंपनी में स्थायी स्रोत (परिवहन सहित) के बदले प्रक्रियाएं लागू की गई हैं ?**

   लागू नहीं।

4. **क्या कंपनी ने स्थानीय और छोटे उत्पादकों जिनमें कंपनी के कार्यस्थल के आसपास वाले समुदाय शामिल हैं, से माल और सेवाएं प्राप्त करने के लिए कोई कदम उठाए हैं? यदि हां, तो स्थानीय और छोटे वेंडरों की क्षमता और सक्षमता में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?**

   लागू नहीं।

5. **क्या कंपनी में उत्पादों और अवशिष्ट पदार्थों को रिसाइकिल करने की व्यवस्था है? यदि हां, तो उत्पादों और अपशिष्ट की रिसाइकलिंग का प्रतिशत (<5%, 5–10%,>10% के रूप में अलग अलग) क्या है? इसके विवरण 50 अथवा अधिक शब्दों में दें?**

   लागू नहीं।

सिद्धांत 3

1. **कृपया कार्मिकों की कुल संख्या दर्शाएं।**

   31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार पीएफसी में 499 कार्मिक हैं।

2. **कृपया अस्थायी रूप से, संविदागत/आकस्मिक आधार पर नियुक्त किए गए कार्मिकों की कुल संख्या दर्शाएं।**

   वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान, पीएफसी ने अस्थायी/संविदागत/आकस्मिक आधार पर 49 कार्मिकों को सेवा पर रखा।

3. **कृपया स्थायी आधार पर नियुक्त महिला कार्मिकों की संख्या दर्शाएं।**

   31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के रोल में 100 स्थायी महिला कार्मिक हैं।

4. **कृपया स्थायी आधार पर नियुक्त अन्यथा सक्षम कार्मिकों की संख्या दर्शाएं।**

   31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के रोल में 14 अन्यथा सक्षम कार्मिक हैं।

5. **क्या आपके यहां कोई ऐसा कोई कार्मिक एसोसिएशन है जिसे प्रबंधन द्वारा मान्यता दी गई है?**

   पीएफसी में पीएफसी कार्मिक यूनियन, पीएफसी, एससी/एसटी/ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन और पीएफसी कार्यपालक एसोसिएशन हैं।

6. **आपके कितने प्रतिशत स्थायी कार्मिक इस मान्यता प्राप्त कार्मिक एसोसिएशन के सदस्य हैं?**

   100% स्थायी कार्मिक इन मान्यता प्राप्त कार्मिक एसोसिएशनों के सदस्य हैं।

7. **कृपया पिछले वित्तीय वर्ष में और इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर लंबित बाल श्रम, बलात श्रम, अस्वैच्छिक श्रम, यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतों की संख्या दर्शाएं।**

क्र. सं.	श्रेणी	वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान फाइल की गई शिकायतों की संख्या	31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार लंबित शिकायतों की संख्या
1	बाल श्रम/बलात श्रम / अस्वैच्छिक श्रम	शून्य	
2	यौन उत्पीड़न		
3	भेदभावपूर्ण नियोजन		

8. **आपके नीचे उल्लिखित कितने प्रतिशत कार्मिकों को गत वर्ष में संरक्षा और कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण दिया गया?**

- स्थायी कार्मिक - 75%
- स्थायी महिला कार्मिक - 80%
- आकस्मिक/अस्थायी/संविदागत कार्मिक - शून्य
- अन्यथा सक्षम कार्मिक - 78%

सिद्धांत 4

1. **क्या कंपनी ने अपने आंतरिक और बाह्य शेयरधारकों का नेटवर्क तैयार किया है?**

   हां

2. **क्या उपर्युक्त में से कंपनी ने अलाभकर, सुभेद्य और मुख्यधारा से परे (मार्जिनलाइज्ड) शेयरधारकों की पहचान की है?**

   आरक्षित श्रेणी के सभी कार्मिकों (एससी/एसटी/ओबीसी/अन्यथा सक्षम/अल्पसंख्यक) कार्मिकों की पहचान अलाभकर, सुभेद्य और मुख्य धारा से परे शेयरधारकों के रूप में की गई है।

3. **क्या कंपनी ने अलाभकर, सुभेद्य और मुख्य धारा से परे शेयरधारकों के लिए किसी विशेष पहल की शुरूआत की है?**

   भर्ती के लिए और विभिन्न स्तरों पर ऐसे लोगों (सभी आरक्षित श्रेणी के कार्मिक (एससी/एसटी/ओबीसी/दिव्यांग और अल्पसंख्यक) की कैरियर प्रोन्नति के लिए भारत सरकार के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाता है। दिव्यांग व्यक्तियों के लाभार्थ विभिन्न अवसंरचनात्मक व्यवस्थाएं की गईं। ऐसी श्रेणी के कार्मिकों के बच्चों के साथ–साथ अन्य बच्चों को प्राप्तांकों के प्रतिशत में विशेष छूट देते हुए प्रतिभा पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इस श्रेणी में आने वाले कार्मिकों के कल्याण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अलग संपर्क अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाता है कि आरक्षित श्रेणी के कार्मिकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से विभिन्न चयन और पदोन्नति समितियों में सदस्य के रूप में उपयुक्त स्तर के आरक्षित श्रेणी के किसी व्यक्ति को नामित किया जाए।

सिद्धांत 5

1. **क्या मानवाधिकारों पर कंपनी की नीति के अंतर्गत केवल कंपनी को ही शामिल किया जाता है अथवा यह समूह/संयुक्त उद्यम/पूर्तिकर्त्ताओं/संविदाकारों/गैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ)/अन्य लोगों के लिए भी लागू होती है?**

   पीएफसी के पास मानवाधिकारों से संबंधित कोई विशेष नीति नहीं है।

2. **पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शेयरधारकों से कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं और प्रबंधन कितने प्रतिशत शिकायतों का संतोषजनक ढंग से समाधान किया?**

   वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान शेयरधारकों से प्राप्त शिकायतों के विवरण निम्नानुसार हैं :

विवरण	शिकायतों की संख्या		
	इक्विटी शेयरधारक	बॉण्ड धारक	कपटरोधी नीति के अंतर्गत
शुरूआत में लंबित	1	0	शून्य
वर्ष के दौरान प्राप्त	593	4531	शून्य
वर्ष के दौरान निपटाई गई	593	4531	शून्य
वर्ष के अंत में निपटान हेतु लंबित	1	0	शून्य
निपटाई गई शिकायतों का%	99.83%	100%	शून्य

सिद्धांत 6

1. **क्या सिद्धांत 6 से संबंधित नीति केवल कंपनी के लिए लागू होती है अथवा यह समूह/संयुक्त उद्यमों/आपूर्तिकर्त्ताओं/संविदाकारों/एनजीओ/अन्य के लिए भी लागू होती है?**

   यह नीति कंपनी की विभिन्न नीतियों और प्रक्रियाओं में शामिल है और संपूर्ण रूप से कंपनी के लिए लागू है।

2. **क्या कंपनी में वैश्विक स्तर पर पर्यावरणीय मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग आदि का समाधान करने के लिए कोई रणनीतियां तैयार की गई हैं/कोई प्रयास शुरू किए गए हैं? हां/न। यदि हां, तो कृपया वेबपेज आदि के लिए हाइपर लिंक दें।**

   पीएफसी एक सामाजिक रूप से जागरूक संगठन है और संयुक्त राष्ट्र संगठन (यूएनओ) द्वारा घोषित वैश्विक समझौतों के 9 सिद्धांतों का पूरी तरह से समर्थन करता है, जिसमें मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण और श्रमिक अधिकार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। वैश्विक समझौते के इन सिद्धांतों को कंपनी की विभिन्न संगठनात्मक नीतियों में शामिल किया जाता है, इस प्रकार सहज ढंग से इनके कार्यान्वयन को सुकर बनाया जाता है।

   पीएफसी उचित आयोजना और निर्णय करके समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है जो सामाजिक और आर्थिक विषमताओं को वास्तविक रूप से कम करने के साथ–साथ पर्यावरण की रक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने में सहायक होगा। पीएफसी ऐसे कार्यकलापों का लगातार समर्थन करता है, जिनका उद्देश्य वर्तमान और भावी दोनों पीढ़ियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना हो तथा साथ ही यह तमाम विविधताओं के बावजूद जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए पृथ्वी की प्राकृतिक क्षमता की रक्षा के लिए भी प्रयासरत है।

3. **क्या कंपनी संभावित पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान और मूल्यांकन करती है?**

चूंकि पीएफसी एक विनिर्माण कंपनी नहीं है और यह केवल वित्तीय उत्पाद उपलब्ध कराती है, अतः यह प्रश्न कंपनी के लिए लागू नहीं है।

4. **क्या कंपनी के पास स्वच्छ विकास व्यवस्था से संबंधित कोई परियोजना है? यदि हां, कृपया 50 अथवा उससे अधिक शब्दों में उसके विवरण दें। यदि हां, क्या पर्यावरणीय अनुपालन के संबंध में कोई रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है?**

उपर्युक्त प्रश्न पीएफसी के लिए लागू नहीं होता है क्योंकि यह कोई विनिर्माण कंपनी नहीं है। हालांकि, आपकी कंपनी राज्य और निजी क्षेत्र में विशेष ब्याज दरों पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और ऊर्जा बचत संबंधी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

5. **क्या कंपनी ने स्वच्छ प्रौद्योगिकी, ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कोई अन्य प्रयास शुरू किए हैं? हां/न। यदि हां, कृपया वेब पेज आदि के लिए हाइपर लिंक दें।**

जी हां। वित्तीय वर्ष 2016-17 में पीएफसी द्वारा वित्तपोषित कुछ जारी स्वच्छ प्रौद्योगिकी/नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं/ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं के ब्यौरे नीचे सूचीबद्ध किए गए हैं :

क्र. सं.	स्वच्छ प्रौद्योगिकी / ऊर्जा दक्ष परियोजना
1.	सोलर पावर एलईडी लाइटों का इस्तेमाल कर स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के प्रावधान के लिए वाड्डेपल्ली मंडल के राजोली गांव के बाढ़ पीड़ितों के लिए बनाई गई पूरी कालोनी को गोद लेना
2.	मेघालय, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में स्कूलों (102 स्कूल) को सोलर पीवी के माध्यम से स्वच्छ लाइटिंग सुविधा और आईसीटी सेवाएं प्रदान करना
3.	माइक्रो सोलर पीवी पावर प्लांटों की स्थापना कर स्वच्छ और विश्वसनीय विद्युत के प्रावधान के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की प्रचालनात्मक विश्वसनीयता और सेवा की गुणवत्ता में सुधार करना
4	झारखंड के बोकारो जिला स्थित गांव की सड़कों में सोलर लाइटिंग प्रणालियों की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग के लिए वित्तीय सहायता
5	उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर शहर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस (केआईएसएस) में 500 किलोवाट की कुल एकीकृत क्षमता वाली ग्रिड से जुड़ी रूफ टॉप सोलर पीवी (आरटीएसपीवी) परियोजनाओं की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए वित्तीय सहायता
6	मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में बीड़ी कार्यकर्त्ताओं (3675) के लिए एलईडी आधारित गृह प्रकाश की व्यवस्था से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
7	अरूणाचल प्रदेश के गांव में एलईडी आधारित सोलर स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली की आपूर्ति, संस्थापना और कमीशनिंग से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता
8	बिहार के पिछड़े जिलों में 25000 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने के लिए परियोजना हेतु वित्तीय सहायता
9	अरूणाचल प्रदेश के जिलों में 8589 ग्रामीण परिवारों को एलईडी आधारित सोलर गृह प्रकाश प्रणाली (एसएचएस) परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
10	उत्तर प्रदेश के फूलपुर में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
11	उत्तर प्रदेश के भदोही में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
12	उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
13	झारखंड के गिरीडीह, बोकारो और धनबाद जिलों में 544 एलईडी आधारित सोलर पीवी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों की संस्थापना और कमीशनिंग से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता

14	उत्तर प्रदेश के बस्ती में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
15	उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
16	उत्तर प्रदेश के भदोही (सतं रविदास नगर) में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता - चरण-।।

उपर्युक्त के अलावा वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान पीएफसी ने जल विद्युत उत्पादन के लिए ₹8156 करोड़ की राशि संस्वीकृत की और ₹1327 करोड़ की राशि संवितरित की। इसके अलावा, पीएफसी ने पवन, सौर, बगास और बायोमास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए ₹7021 करोड़ की राशि संस्वीकृत की और इसी अवधि के दौरान ₹2471 करोड़ की राशि की संवितरित की।

6. **क्या रिपोर्टाधीन वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी द्वारा उत्सर्जन/अपशिष्ट सृजन केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी)/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एसपीसीबी) द्वारा यथाविहित सीमाओं के भीतर है?**

लागू नहीं।

7. **31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार लंबित (अर्थात संतोषजनक ढंग से जिनका समाधान नहीं किया गया है) सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त कारण बताओ/कानूनी नोटिसों की संख्या।**

लागू नहीं।

सिद्धांत 7

1. **क्या आपकी कंपनी किसी व्यापार और चैम्बर अथवा एसोसिएशन की सदस्य है? यदि हां, तो केवल ऐसे बड़े चैंबर अथवा एसोसिएशन का नाम बताएं, जिसके साथ कंपनी के व्यापारिक लेन–देन हैं।**

जी हां, पीएफसी निम्नलिखित एसोसिएशनों का सदस्य है :

1. एससीओपीई (स्कोप)
2. एफआईसीसीआई (फिक्की)
3. केंद्रीय सिंचाई और विद्युत बोर्ड (सीबीआईपी)
4. एएसएसओसीएचएएम (एसोचैम)
5. कंफेडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)
6. वर्ल्ड एनर्जी काउंसिल (डब्ल्यूईसी)

2. **क्या आपने सार्वजनिक चीजों की उन्नति या सुधार के लिए उपर्युक्त एसोशिएशनों का समर्थन किया है?**

पीएफसी सार्वजनिक चीजों की उन्नति या सुधार के लिए उपर्युक्त एसोसिएशनों द्वारा चलाई गई पहलों का समर्थन करता है।

सिद्धांत 8

1. **क्या सिद्धांत 8 से संबंधित नीति के अनुक्रम में कंपनी ने कोई विनिर्दिष्ट कार्यक्रम/प्रयास/परियोजनाएं शुरू की हैं? यदि हां तो विवरण दें।**

पीएफसी ने अपनी सीएसआर और स्थायी विकास नीति लागू की है। इस नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कॉर्पोरेशन बड़े पैमाने पर समाज के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध और सामाजिक रूप से जवाबदेह निगमित निकाय बन सके।

सामाजिक रूप से जवाबदेह निगमित निकाय के रूप में पीएफसी निम्नलिखित कार्यों को पूरा करने के लिए प्रयास करेगा :

- ऐसी वस्तुओं के उत्पादन और सेवाओं के लिए हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना और उनके इस्तेमाल को बढ़ाना, जो स्थायी रूप से समाज और पर्यावरण में सुधार के लिए योगदान देती हैं।
- ऐसी परियोजनाएं शुरू करना जो विभिन्न समुदायों को ऊर्जा, जल और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं।
- ''अन्यथा सक्षम लोगों'' की सहायता के लिए और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कार्यकलाप शुरू करना।
- ऐसे मुद्दों को उठाना, जो राष्ट्रीय विकास कार्यसूची में प्रमुखता के साथ शामिल हैं और देश के लिए चिंता का विषय हैं, जैसे सभी के लिए पेयजल की बचत, सभी के लिए, विशेष रूप से लड़कियों के लिए शौचालयों का प्रावधान, स्वास्थ्य और साफ-सफाई, शिक्षा आदि।

- शिक्षा, क्षमता निर्माण संबंधी उपायों, मुख्यधारा से परे लोगों और कम सुविधा प्राप्त/सुविधावंचित वर्गों/समुदायों के सशक्तिकरण के माध्यम से समावेषी वृद्धि और समान विकास में योगदान देना।

  पीएफसी की सीएसआर नीति का उद्देश्य निम्नानुसार है :

- अपने सभी शेयरधारकों के हितों को स्वीकार करते हुए मितव्ययी ढंग से, सामाजिक रूप से और पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी ढंग से अपने व्यापार के प्रचालन के लिए संगठन में सभी स्तरों पर बेहतर प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना।
- अपने सीएसआर प्रयासों के माध्यम से पीएफसी के लिए बेहतर सामुदायिक छवि एवं सुभेक्षा विकसित करना और एक निगमित निकाय के रूप में पीएफसी की सकारात्मक और सामाजिक रूप से जिम्मेदार निकाय की छवि को बरकरार रखना।

2. **क्या कार्यक्रमों/परियोजनाओं का कार्यान्वयन आंतरिक दल/अपने स्वयं के फाउंडेशन/बाह्य एनजीओ/सरकारी ढांचों/किसी अन्य संगठन द्वारा किया गया।**

सीएसआर और एसडी नीति के अंतर्गत संचालित की गई परियोजनाओं का कार्यान्वयन केंद्र सरकार/अर्द्धसरकारी/क्वासी गवर्नमेंट कार्यान्वयन एजेंसियों और प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा किया गया।

3. **क्या आपने अपने प्रयासों का कोई प्रभाव मूल्यांकन किया है?**

कंपनी ₹5 करोड़ से अधिक राशि वाली परियोजनाओं/कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य रूप से प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन करेगा। शेष परियोजनाओं के लिए मामला दर मामला आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान किए जा रहे प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन (स्वीकृति-वार) के ब्यौरे नीचे तालिका में दिए गए हैं:

क्र. सं.	विवरण	क्षेत्र
1	भारतीय समाज कल्याण और व्यापार प्रबंध संस्थान (आईआईएसडब्ल्यूबीएम), कोलकाता के माध्यम से अरूणाचल प्रदेश के चुनिंदा जिलों/गांवों में 'एलईडी आधारित सोलर स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों (एसएसएलएस) और सोलर घरेलू प्रकाश प्रणालियों (एसएचएलएस) का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया।	अरूणाचल प्रदेश के विभिन्न जिले

4. **सामुदायिक विकास परियोजनाओं में आपकी कंपनी का प्रत्यक्ष योगदान क्या है – राशि भारतीय रुपयों में और शुरू की गई परियोजनाओं के विवरण?**

वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान आपकी कंपनी ने सौर ऊर्जा, साफ-सफाई और पर्यावरण आदि के क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर विभिन्न कार्यकलापों का कार्यान्वयन किया। संस्वीकृत की गई और संवितरित की गई राशि के संदर्भ में पीएफसी का योगदान निम्नानुसार है :

स्वरूप (प्रकृति)	संस्वीकृत की गई राशि (₹ करोड़ में)	संवितरित की गई राशि (₹ करोड़ में)
साफ - सफाई / अपशिष्ट प्रबंधन / पेय जल	60/63	65.21
कौशल विकास	43.93	28.59
सौर अनुप्रयोग	36.12	17.26
पर्यावरण / वृक्षारोपण	12.62	6.31
स्वास्थ्य क्षेत्र	8.57	6.14
अन्य (प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन, प्रशासनिक उपरिव्यय, एनएसडीएफ, रेलवे आदि)	18.62	2.36
कुल	**180.49**	**125.87**

विभिन्न सीएसआर पहलों (सामुदायिक विकास से जुड़ी परियोजनाओं को शामिल करते हुए) के लिए पीएफसी ने वित्तीय 2016-17 के दौरान ₹125.87 करोड़ की राशि (प्रशासनिक उपरिव्यय सहित) संवितरित की और ₹3.93 करोड़ की राशि प्राप्त की।

5. **क्या आपने यह सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रयास किए हैं कि सामुदायिक विकास संबंधी प्रयास समुदाय द्वारा सफलतापूर्वक अपनाए गए हैं? कृपया 50 अथवा उससे अधिक शब्दों में स्पष्ट करें।**

पीएफसी द्वारा संस्वीकृत की गई परियोजनाओं का कार्यान्वयन केंद्र सरकार/अर्धसरकारी/क्वासी गवर्नमेंट कार्यान्वयन एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा किया जाता है। कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा सामुदायिक लाभ अक्षरशः सुनिश्चित किया जाता है और पीएफसी द्वारा स्थल दौरों, दौरा रिपोर्टों आदि जैसे विभिन्न कार्यकलापों के माध्यम से उनकी निगरानी की जाती है।

सिद्धांत 9

1. **वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर शेयरधारकों और बॉण्ड धारकों के अलावा उपभोक्ताओं की कितने प्रतिशत शिकायतें/उपभोक्ता मामले लंबित हैं।**

31 मार्च 2017 की स्थिति की अनुसार कोई शिकायतें लंबित नहीं थीं।

2. **क्या कंपनी उत्पाद लेबल पर और इसके अलावा स्थानीय विधियों के अनुसार यथावश्यक उत्पाद सूचना देती है?**

   लागू नहीं।

3. **क्या कंपनी के विरुद्ध किसी शेयरधारक द्वारा अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं, गैर जिम्मेदाराना विज्ञापन और/अथवा गैर प्रतिस्पर्धी बर्ताव के संबंध में पिछले 5 वर्षों के दौरान कोई मामला दायर किया गया है और 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार लंबित है? यदि हां, कृपया 50 अथवा उससे अधिक शब्दों में उसके विवरण दें।**

   लागू नहीं।

4. **क्या आपकी कंपनी कोई उपभोक्ता सर्वेक्षण/ग्राहक संतुष्टि मुहिम चलाती है?**

   पीएफसी में उपभोक्ता शिकायतें प्राप्त करने के लिए आवधिक रूप से विद्युत कंपनियों के साथ ढांचागत बैठकें आयोजित की जाती हैं और उपभोक्ताओं के कार्यालय/परियोजना स्थल पर पीएफसी के कार्यपालकों द्वारा आवधिक दौरे किए जाते हैं। मूल्यांकन, ऋण दस्तावेज तैयार करने और विभिन्न परियोजनाओं/ऋणों के लिए पीएफसी कार्यालय का दौरा करने वाले उपभोक्ताओं के साथ ऋणों के संवितरण के दौरान नियमित रूप से लिखित/दूरभाष पर बातचीत की जाती है।

   प्रतिक्रियाओं के आधार पर प्रत्येक शिकायत के लिए एक सुधारात्मक और संरक्षात्मक कार्य रिकॉर्ड (सीएपीआर) तैयार करना शुरू किया जाता है। संबंधित उपभोक्ता को शिकायत के समाधान और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति रोकने के बारे में शुरू की गई सुधारात्मक कार्रवाई की सूचना दी जाती है।

   उपभोक्ता फीडबैक फॉर्म भेजकर वर्ष में कम से एक बार उपभोक्ताओं के फीडबैक प्राप्त किए जाते हैं। पीएफसी के लिए उपभोक्ताओं की संतुष्टि के स्तर की संपूर्ण रेटिंग निर्धारित करने के लिए सभी फीडबैक फॉर्म का मिलान किया जाता है।

व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट का अनुबंध–I

ऐसे कार्यकलापों की सूची, जिनमें व्यय किया गया है :

क्र. सं.	परियोजनाओं के नाम (₹168.11 करोड़ के विवरण)
1	मानव संसाधन विकास मंत्रालय के साक्षर भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रौढ़ शिक्षा केंद्रों (एईसी) का मॉडल एईसी के रूप में उन्नयन
2	कारगिल कस्बे और जिला मुख्यालय (जम्मू और कश्मीर) में स्ट्रीट लाइटिंग/हाई मास्ट लाइटिंग
3	सोलर पावर एलईडी लाइटों का इस्तेमाल कर स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के प्रावधान के लिए वाड्डेपल्ली मंडल के राजोली गांव के बाढ़ पीड़ितों के लिए बनाई गई पूरी कॉलोनी को गोद लेना
4	मेघालय, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में स्कूलों (102 स्कूल) को सोलर पीवी के माध्यम से स्वच्छ लाइटिंग सुविधा और आईसीटी सेवाएं प्रदान करना
5	मध्य प्रदेश राज्य के अशोक नगर जिले के चंदेरी कस्बे के चुनिंदा वार्डों में जल वितरण पाइप लाइन की व्यवस्था करना
6	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/महिलाओं तथा ई डब्ल्यू एस वर्ग के 1000 लोगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम
7	माइक्रो सोलर पीवी पावर प्लांटों की स्थापना कर स्वच्छ और विश्वसनीय विद्युत के प्रावधान के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की प्रचालनात्मक विश्वसनीयता और सेवा की गुणवत्ता में सुधार करना
8	उत्तराखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा के दौरान नष्ट हुई अवसंरचना के पुनर्निर्माण के लिए राहत और बचाव कार्यकलापों हेतु वित्तीय सहायता
9	झारखंड के बोकारो जिले के गांवों में सड़कों के लिए सोलर लाइटिंग प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग के लिए वित्तीय सहायता
10	उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर शहर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस (केआईएसएस) में 500 किलोवाट की कुल एकीकृत क्षमता वाली ग्रिड से जुड़ी रूफ टॉप सोलर पीवी (आरटीएसपीवी) परियोजनाओं की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए वित्तीय सहायता
11	4230 अन्यथा सक्षम लोगों (पीडब्ल्यूडी) के कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता
12	900 महिला सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम
13	मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में बीड़ी कार्यकर्त्ताओं (3675) के लिए एलईडी आधारित गृह प्रकाश की व्यवस्था से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
14	अरूणाचल प्रदेश के गांव में एलईडी आधारित सोलर स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता
15	अनुसूचित जातियों के युवा वर्ग के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (4750 लोगों के लिए)
16	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/महिलाओं तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग के 1500 लोगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम
17	राजस्थान, बिहार और पश्चिम बंगाल के गांवों में 3000 शौचालयों के निर्माण और जागरूकता सृजन के द्वारा स्थाई रूप से साफ-सफाई को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता
18	बिहार के पिछड़े जिलों में 25000 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने के लिए परियोजना हेतु वित्तीय सहायता
19	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/महिलाओं तथा ई डब्ल्यू एस वर्ग के 1425 लोगों के लिए रोजगारोन्मुख कौशल विकास कार्यक्रम
20	अरूणाचल प्रदेश के जिलों में 8589 ग्रामीण परिवारों को एलईडी आधारित सोलर गृह प्रकाश प्रणाली (एसएचएस) परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
21	1200 अन्यथा सक्षम लोगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए कौशल विकास कार्यक्रम

22	स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शौचालयों का निर्माण (8100 शौचालय)
23	स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत राजस्थान के सरकारी स्कूलों में शौचालयों का निर्माण (1100 शौचालय)
24	उत्तर प्रदेश के फूलपुर में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
25	उत्तर प्रदेश के भदोही में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
26	उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
27	समाज के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/महिलाओं तथा ई डब्ल्यू एस वर्ग के 2000 लोगों के लिए रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम और कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु परियोजना
28	समाज के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/महिलाओं तथा ई डब्ल्यू एस वर्ग के 3000 लोगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना
29	समाज के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/महिलाओं तथा ई डब्ल्यू एस वर्ग के 2500 लोगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के संचालन के लिए परियोजना हेतु पीएफसी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करना
30	झारखंड के गिरीडीह, बोकारो और धनबाद जिलों में 544 एलईडी आधारित सोलर पीवी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों की स्थापना और कमीशनिंग से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता
31	समाज के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्गों/महिलाओं तथा ई डब्ल्यू एस वर्ग के 900 लोगों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के लिए परियोजना हेतु पीएफसी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करना
32	उत्तर प्रदेश के बस्ती में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
33	भारत में खेलकूदों के विकास और उन्हें बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय खेलकूद विकास निधि (एनएसडीएफ) में योगदान
34	100 बहरे बच्चों के लिए कोचलियर इंप्लांट के फिटमेंट के लिए परियोजना हेतु वित्तीय सहायता
35	उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता
36	पीएफसी की सीएसआर पहलों के अंतर्गत ''स्वच्छ भारत कोष'' में वित्तीय अंशदान
37	उत्तर प्रदेश के भदोही (सतं रविदास नगर) में 500 सोलर आधारित एलईडी स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियों के कार्यान्वयन से जुड़ी परियोजना के लिए वित्तीय सहायता - चरण-।।
38	हिंदुस्तान प्रीफैब लि. के माध्यम से शिलाँग में 4 स्वच्छ शौचालयों का निर्माण
39	प्रभाव मूल्यांकन, प्रशिक्षण और वेतन एवं भत्तों आदि जैसे अन्य प्रशासनिक उपरिव्यय

व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट का अनुबंध –2

कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई संबंधित नीतियों के वेबलिंक नीचे दिए गए हैं

नीति का नाम	वेब लिंक	
	अंग्रेजी	हिंदी
सीएसआर और स्थायित्व नीति	http://www.pfcindia.com/DocumentRepository/cafinder/files/CSR/CSR_Policy_26082016.pdf	http://www.pfcindia.com/hnsite/DocumentRepository/cafinder/files/CSR/CSR_Policy_HND_26082016.pdf
फेयर प्रैक्टिस कोड	http://www.pfcindia.com.Home/VS/62	http://pfcindia.com.hnsite.Home/VS/62
व्यापार संचालन और सिद्धांत संहिता	http://www.pfcindia.com.Home/VS/63	http://pfcindia.com.hnsite.Home/VS/63
कपट रोधी नीति	http://www.pfcindia.com.Home/VS/65	http://pfcindia.com.hnsite.Home/VS/65
व्हिसल ब्लोअर नीति	http://www.pfcindia.com.Default/ViewFile/?id=1490188785276_WBP.pdf&path=Page	http://pfcindia.com.hnsite.Default/ViewFile/?id=1490268719103_wbpHND.pdf&path=Page
संबंधित पक्षकार लेन-देन पर नीति	http://www.pfcindia.com.Default/ViewFile/?id=1490186033556_Policy on Related Party Transactions.pdf&path=Page	http://pfcindia.com.hnsite.Default/ViewFile/?id=1490267088709_PFC_Policy_Hindi.pdf&path=Page
वास्तविक सहायक कंपनी पर नीति	http://www.pfcindia.com.Default/ViewFile/?id=1490186004628_Policy on Material Subsidiary.pdf&path=Page	http://pfcindia.com.hnsite.Default/ViewFile/?id=1490266955530_material_subsideiry_HND.pdf&path=Page

अन्य नीतियां आंतरिक दस्तावेज हैं और उनके अभिगम की अनुमति केवल संगठन के कार्मिकों को है।

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुबंध - I

सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

{कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) के अनुक्रम में तथा कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों के मेहनताने तथा नियुक्ति) नियमावली, 2014 के नियम 9 के अनुक्रम में}

सेवा में,
सदस्यगण,
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि.

हमने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जिसे यहां से आगे पीएफसी/कंपनी कहा गया है) द्वारा बेहतर निगमित पद्धतियों के अनुपालन और लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन की सचिवालयी लेखापरीक्षा संचालित की है। सचिवालयी लेखापरीक्षा इस ढंग से संचालित की गई जिससे हमें निगमित संव्यवहारों/सांविधिक अनुपालनों के मूल्यांकन और उनपर अपना दृष्टिकोण व्यक्त करने के लिए उचित एवं तर्कसंगत आधार प्राप्त हुआ।

पीएफसी की बही, कागजातों, कार्यवृत्त बही, फॉर्म और कंपनी द्वारा फाइल की गई विवरणियों तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य रिकॉर्डों के हमारे द्वारा किए गए परीक्षण सत्यापन के साथ-साथ सचिवालयी लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर हम एतद्द्वारा यह रिपोर्ट करते हैं कि हमारे दृष्टिकोण में कंपनी ने 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्तीय अवधि को शामिल करते हुए लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान यहां सूचीबद्ध किए गए सभी सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया है और साथ ही कंपनी में यहां एतद्द्वारा रिपोर्ट किए गए ढंग तथा शर्तों के अध्यधीन उचित बोर्ड प्रक्रियाएं और अनुपालन तंत्र उपलब्ध है:

हमने निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए पीएफसी की खाताबही, कागजातों, कार्यवृत्त बही, फार्मों और अन्य विवरणियों के साथ-साथ पीएफसी द्वारा रखे गए अन्य रिकॉर्डों की जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और इसके तहत बनाए गए नियमों;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियम) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और इसके तहत बनाए गए नियमों;

iii डिपोजीटरी अधिनियम, 1956 और इसके तहत बनाए गए विनियमों और उपनियमों;

iv विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक ऋण की सीमा तक इसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों;

v भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('सेबी अधिनियम') के अंतर्गत यथाविहित निम्नलिखित विनियम और दिशा-निर्देश :-

(क) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (शेयरों का बड़े पैमाने पर अधिग्रहण और टेकओवर) विनियम, 2011;

(ख) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (आंतरिक ट्रेडिंग पर निषेध) विनियम, 2015;

(ग) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (पूंजी जारी करना और प्रकटन संबंधी आवश्यकताएं) विनियम, 2009;

(घ) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (कार्मिक स्टॉक विकल्प योजना और कार्मिक स्टॉक क्रय योजना) दिशा-निर्देश, 1999;

(ड.) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (कर्ज प्रतिभूतियों को जारी करना और सूचीकरण) विनियम, 2008;

(च) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (किसी इश्यू के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट) विनियम, 1993 - कंपनी अधिनियम के संबंध में और ग्राहकों से संबंधित;

(छ) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (इक्विटी शेयरों की डिलिस्टिंग) विनियम; और

(ज) भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का बाई बैक) विनियम, 1998;

vi भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए इसके तहत बनाए गए विनियमों;

(vii) धन की जमाखोरी की रोकथाम अधिनियम, 2002;

हमने निम्नलिखित के लागू खंडों से संबंधित अनुपालन की भी जांच की है:

(i) भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवालयी मानक

(ii) सूचीकरण करार और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित प्रेक्षणों/अवलोकनों के अध्यधीन उपर्युक्त अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशा-निर्देशों, मानकों आदि के प्रावधानों का अनुपालन किया है :-

(i) प्रेक्षण 1 :

कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियमावली, 2014 के नियम 3 के साथ पठित धारा 149 (1) के परंतुक के संदर्भ में प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी और ऐसी अन्य सार्वजनिक कंपनी, जिसकी प्रदत्त शेयर पूंजी ₹100 करोड़ या उससे अधिक की है; अथवा उसका टर्नओवर ₹300 करोड़ या उससे अधिक का है, को अपने निदेशक मंडल में कम-से-कम एक महिला निदेशक अवश्य नियुक्त करनी होगी।

अभ्युक्ति: चूंकि पीएफसी विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सरकारी कंपनी है, अत: निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल और मेहनताने का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जाता है। कंपनी अपने निदेशक मंडल में महिला निदेशक की नियुक्ति के लिए विद्युत मंत्रालय के साथ लगातार पत्राचार कर रही है।

(ii) प्रेक्षण 2:

सूचीकरण करार और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1) के संदर्भ में) :

1. कंपनी के निदेशक मंडल में कार्यपालक और गैर कार्यपालक निदेशकों के साथ-साथ कम से कम एक महिला निदेशक का अनुकूलतम मिश्रण होगा और निदेशक मंडल के कम-से-कम 50% निदेशकों में गैर कार्यपालक निदेशक शामिल होंगे।
2. जहां निदेशक मंडल के अध्यक्ष कोई गैर-कार्यपालक निदेशक हैं, ऐसे मामले में निदेशक मंडल में कम-से-कम उसके एक तिहाई स्वतंत्र निदेशक होंगे और यदि कंपनी में कोई नियमित गैर कार्यपालक अध्यक्ष नहीं है, तो ऐसे मामले में **निदेशक मंडल के कम–से–कम आधे सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे**।

इसके अलावा कंपनी अधिनियम 149 (4) के अनुसार, प्रत्येक सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी में **निदेशक मंडल के कम–से–कम एक तिहाई स्वतंत्र निदेशक होंगे** और केंद्र सरकार सार्वजनिक कंपनी के किसी भी वर्ग के लिए स्वतंत्र निदेशकों की न्यूनतम संख्या निर्धारित कर सकती है।

इसके अलावा, केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशा-निर्देशों के पैरा 3.1.2 के संदर्भ में **प्रकार्यात्मक निदेशकों (सीएमडी/एमडी सहित) की संख्या निदेशक मंडल के कुल सदस्यों के 50% से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

इसके अलावा, केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशा-निर्देशों के पैरा 3.1.4 के संदर्भ में यदि कोई सीपीएसई स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्ध है और जिसके निदेशक मंडल की अध्यक्षता किसी कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा की जाती है, तो ऐसे मामले में **स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल के कुल सदस्यों के कम–से–कम 50% के समतुल्य होगी।**

कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न होने के कारण अनुवर्ती गैर अनुपालन का उत्पन्न होना :

- कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 (2) के प्रावधानों के अनुपालन; लेखापरीक्षा समिति की संरचना के अनुसार भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं), विनियम 2015 का 18 (1) (ख) तथा निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देश के पैरा 4.1.1 और 4.1.2
- कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 (1) के प्रावधानों के अनुपालन; नामांकन और क्षतिपूर्ति समिति की संरचना के अनुसार भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं), विनियम 2015 का विनियिम 19 (1) और (2) तथा निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देश के पैरा 5.1

अभ्युक्ति : वर्तमान में प्रकार्यात्मक निदेशकों (सीएमडी/एमडी सहित) की संख्या निदेशक मंडल की कुल संख्या के 50% से अधिक है। इसके अलावा कंपनी के निदेशक मंडल की अध्यक्षता एक कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा की जाती है, तदनुसार स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल के कुल सदस्यों के कम-से-कम 50% के समतुल्य होनी चाहिए, परंतु कंपनी के निदेशक मंडल में 6 निदेशक है, जिनमें 4 पूर्णकालिक बोर्ड सदस्य, 1 अंशकालिक सरकारी नामिति निदेशक और 1 गैर सरकारी अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। तदनुसार, कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं), विनियम 2015 तथा निगमित शासन के डीपीई के दिशा-निर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षा समिति तथा नामांकन एवं वेतन समिति की संरचना एकमत नहीं हैं। कंपनी अपने निदेशक मंडल में पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए मंत्रालय के साथ लगातार पत्राचार कर रही है।

(iii) प्रेक्षण 3:

भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 25 (3) और (4) के अनुसार कंपनी के स्वतंत्र निदेशक वर्ष में कम-से-कम एक ऐसी बैठक आयोजित करेंगे, जिसमें गैर-स्वतंत्र निदेशक और प्रबंधन के सदस्य उपस्थित नहीं होंगे:

(क) गैर-स्वतंत्र निदेशकों और पूरे निदेशक मंडल के निष्पादन की समीक्षा

(ख) कार्यपालक निदेशकों और गैर कार्यपालक निदेशकों के दृष्टिकोणों को ध्यान में रखते हुए कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के निष्पादन की समीक्षा

(ग) कंपनी के प्रबंधन और निदेशक मंडल के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समय सीमाओं का मूल्यांकन, जो निदेशक मंडल के लिए अपने कर्त्तव्यों के प्रभावशाली ढंग से और औचित्यपूर्ण तरीके से निष्पादन के लिए आवश्यक हैं।

इसके अलावा, भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 17 (10) के संदर्भ में स्वतंत्र निदेशकों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन पूरे निदेशक मंडल द्वारा किया जाएगा।

अभ्युक्ति : स्वतंत्र निदेशकों ने लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान दिनांक 27.05.2016 को एक बैठक आयोजित की है, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निदेशक मंडल के सदस्यों और पूरे निदेशक मंडल के निष्पादन की समीक्षा से संबंधित प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विद्युत क्षेत्र तथा अन्य अग्रणी प्राइवेट कंपनियों की तरह उनके कार्य को उजागर करने की सलाह दी गई। इसके अलावा उपर्युक्त बैठकों में स्वतंत्र निदेशकों ने भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 24 (4) (ग) के अंतर्गत यथावश्यक सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयनिष्ठता का भी मूल्यांकन किया।

हम आगे यह भी रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी के निदेशक मंडल का गठन कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों, डीपीई के दिशा-निर्देशों और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 17 (1) के अनुसार किया जाना चाहिए। निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल की मूल संख्या की तुलना में 50% से कम है। वर्तमान में कंपनी के निदेशक मंडल में केवल 1 स्वतंत्र निदेशक हैं। इसके अलावा कंपनी ने निदेशक मंडल में एक महिला निदेशक और पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है।

सामान्यतः निदेशक मंडल की बैठकों के बारे में सभी निदेशकों को सूचित करने के लिए पर्याप्त नोटिस दिया गया है और कार्य-सूची तथा कार्य-सूची पर विस्तृत नोट बैठक की तारीख से कम से कम 7 दिन पहले अग्रिम तौर पर भेजे गए और बैठक की तारीख से पहले कार्य-सूची के मदों पर और आगे कोई सूचना तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए और बैठक में सार्थक प्रतिभागिता के लिए एक तंत्र मौजूद है।

बोर्ड/समिति की बैठक (बैठकों) में लिए गए सभी निर्णय बैठक के दौरान उपस्थित सभी निदेशकों/सदस्यों की सर्वसम्मति से लिए गए।

हम आगे यह भी रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी में लागू विधियों, नियमों, विनियमों तथा दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने और उनकी निगरानी करने के लिए कंपनी के कारोबार के आकार के अनुरूप पर्याप्त प्रणालियां तथा प्रक्रियाएं मौजूद हैं।

हम आगे यह भी रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान ऐसी कोई भी विशिष्ट घटना/कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे उपर्युक्त संदर्भित विधियों के अनुपालन में कंपनी के कार्यों पर कोई बड़ा प्रभाव पड़ा हो।

कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

हस्ता/–
(सीएस सचिन अग्रवाल)
भागीदार

एफसीएस सं. 5774
सीपी सं. 5910

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 24 जुलाई, 2017

इस रिपोर्ट को हमारे समदिनांकित पत्र के साथ पढ़ा जाए जो कि ''अनुबंध क'' के रूप में संलग्न है तथा इस रिपोर्ट का एक अभिन्न रूप बनाता है।

''अनुबंध क''

सेवा में,
सदस्यगण
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

हमारी समदिनांकित रिपोर्ट को इस पत्र के साथ पढ़ा जाए।

1. सचिवालयी रिकॉर्ड के रखरखाव की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है। हमारी जिम्मेदारी इन सचिवालयी रिकॉर्डों की हमारे द्वारा की गई लेखापरीक्षा के आधार पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त करना है।
2. हमने ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं और पद्धतियों को अपनाया है, जो इन सचिवालयी रिकॉर्डों की विषयवस्तु की सत्यता के बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने की दृष्टि से उपयुक्त थीं। सत्यापन यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण आधार पर किया गया कि सचिवालयी रिकॉर्डों में सही तथ्य दर्शाए जाएं। हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा अपनायी गई प्रक्रियाएं और पद्धतियां हमारे दृष्टिकोण के लिए एक उपयुक्त आधार प्रदान करती हैं।
3. हमने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्डों और लेखाबहियों की सत्यता और उपयुक्ता का सत्यापन नहीं किया है।
4. जहां कहीं आवश्यक समझा गया है, हमने विधियों, नियमों और विनियमों के अनुपालन और घटनाक्रम आदि के घटित होने के बारे में प्रबंधन का प्रतिवेदन प्राप्त किया है।
5. निगमित और अन्य लागू विधियों, नियमों, विनियमों और मानकों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना, प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच केवल परीक्षण आधार पर इन प्रक्रियाओं के सत्यापन तक ही सीमित थीं।
6. सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट न तो इस बात का कोई आश्वासन है कि कंपनी भविष्य मे व्यवहार्य रहेगी और न ही यह उसकी दक्षता अथवा प्रभावशीलता के बारे में कोई आश्वासन है, जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यकलापों का संचालन किया है।

कृते अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स
कंपनी सचिव

हस्ता/–
(सीएस सचिन अग्रवाल)
भागीदार

एफसीएस सं. 5774
सीपी सं. 5910

स्थान: नई दिल्ली
तारीख : 24 जुलाई, 2017

सचिवालयी लेखापरीक्षकों के प्रेक्षणों (अवलोकनों) के साथ–साथ प्रबंधन द्वारा दिए गए उनके स्पष्टीकरण

क्र. सं.	अवलोकन (प्रेक्षण)	स्पष्टीकरण
	कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और अर्हता) नियमावली, 2014 के नियम 3 के साथ पठित धारा 149 (1) के संदर्भ में प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी और ऐसी अन्य सार्वजनिक कंपनी, जिसकी प्रदत्त शेयर पूंजी ₹100 करोड़ या उससे अधिक की है; अथवा उसका टर्नओवर ₹300 करोड़ या उससे अधिक का है, को अपने निदेशक मंडल में कम–से–कम एक महिला निदेशक अवश्य नियुक्त करनी होगी। ***अभ्युक्ति:*** *चूंकि पीएफसी विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक सरकारी कंपनी है, अत: निदेशकों की नियुक्ति, कार्यकाल और मेहनताने का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जाता है। कंपनी अपने निदेशक मंडल में महिला निदेशक की नियुक्ति के लिए विद्युत मंत्रालय के साथ लगातार पत्राचार कर रही है।*	इसके अलावा सचिवालयी लेखापरीक्षक की उपलब्धियों के संबंध में यह उल्लेख किया जाता है कि पीएफसी लिमिटेड के संगम अनुच्छेद (एओए) के खंड 86 के संदर्भ में पीएफसी के निदेशक मंडल के सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। तदनुसार कंपनी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार से कंपनी के निदेशक मंडल में महिला निदेशक की शीघ्र नियुक्ति करने के लिए अनुरोध किया है, जिससे कि कंपनी द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149 (1) के प्रावधानों, इसके तहत बनाए गए नियमों और सूचीकरण करार का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।
2.	सूचीकरण करार और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1) के संदर्भ में:- 1. कंपनी के निदेशक मंडल में कार्यपालक और गैर-कार्यपालक निदेशकों के साथ-साथ कम-से-कम एक महिला निदेशक का अनुकूलतम मिश्रण होगा और निदेशक मंडल के कम-से-कम 50% निदेशकों में गैर-कार्यपालक निदेशक शामिल होंगे। 2. जहां निदेशक मंडल के अध्यक्ष कोई गैर-कार्यपालक निदेशक हैं, ऐसे मामले में निदेशक मंडल में कम-से-कम उसके एक तिहाई स्वतंत्र निदेशक होंगे और यदि कंपनी में कोई नियमित गैर-कार्यपालक अध्यक्ष नहीं है, तो ऐसे मामले में **निदेशक मंडल के कम–से–कम आधे सदस्य स्वतंत्र निदेशक होंगे।** इसके अलावा कंपनी अधिनियम 149 (4) के अनुसार, प्रत्येक सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी में **निदेशक मंडल के कम–से–कम एक तिहाई स्वतंत्र निदेशक होंगे** और केंद्र सरकार सार्वजनिक कंपनी के किसी भी वर्ग के लिए स्वतंत्र निदेशकों की न्यूनतम संख्या निर्धारित कर सकती है। इसके अलावा, केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशा-निर्देशों के पैरा 3.1.2 के संदर्भ में **प्रकार्यात्मक निदेशकों (सीएमडी/एमडी सहित) की संख्या निदेशक मंडल के कुल सदस्यों के 50% से अधिक नहीं होनी चाहिए।** इसके अलावा, केंद्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उद्यमों के लिए निगमित शासन पर दिशा-निर्देशों के पैरा 3.1.4 के संदर्भ में यदि कोई सीपीएसई स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्ध है और जिसके निदेशक मंडल की अध्यक्षता किसी कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा की जाती है, तो ऐसे मामले में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या **निदेशक मंडल के कुल सदस्यों के कम–से–कम 50% के समतुल्य होगी।** <u>कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न होने के कारण अनुवर्ती गैर अनुपालन का उत्पन्न होना :</u> (क) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 (2) के प्रावधानों के अनुपालन; लेखापरीक्षा समिति की संरचना के अनुसार भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं), विनियम 2015 का 18 (1) (ख) तथा निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देश के पैरा 4.1.1 और 4.1.2	इसके अलावा सचिवालयी लेखापरीक्षक की अभ्युक्तियों के संबंध में यह उल्लेख किया जाता है कि पीएफसी लिमिटेड के संगम अनुच्छेद (एओए) के खंड 86 के संदर्भ में निदेशक मंडल के सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। तदनुसार कंपनी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार से कंपनी के निदेशक मंडल में महिला निदेशक की शीघ्र नियुक्ति करने के लिए अनुरोध किया है, जिससे कि कंपनी द्वारा भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर), विनियम 2015 के यथालागू प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

क्र. सं.	अवलोकन (प्रेक्षण)	स्पष्टीकरण
	(ख) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 (1) के प्रावधानों के अनुपालन; नामांकन और क्षतिपूर्ति समिति की संरचना के अनुसार भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं), विनियम 2015 का विनियिम 19 (1) और (2) तथा निगमित शासन पर डीपीई के दिशा-निर्देश के पैरा 5.1 ***अभ्युक्ति:*** *वर्तमान में प्रकार्यात्मक निदेशकों (सीएमडी/एमडी सहित) की संख्या निदेशक मंडल की कुल संख्या के 50% से अधिक है। इसके अलावा कंपनी के निदेशक मंडल की अध्यक्षता एक कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा की जाती है, तदनुसार स्वतंत्र निदेशकों की संख्या निदेशक मंडल के कुल सदस्यों के कम–से–कम 50% के समतुल्य होनी चाहिए, परंतु कंपनी के निदेशक मंडल में 6 निदेशक है, जिनमें 4 पूर्णकालिक बोर्ड सदस्य, 1 अंशकालिक सरकारी नामिति निदेशक और 1 गैर–सरकारी अंशकालिक स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं। तदनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूतियां और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) , विनियम 2015 तथा निगमित शासन के डीपीई के दिशा–निर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षा समिति तथा नामांकन एवं वेतन समिति की संरचना एकमत नहीं हैं। कंपनी अपने निदेशक मंडल में पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए मंत्रालय के साथ लगातार पत्राचार कर रही है।*	
3	भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण संबंधी बाध्यताएं और अन्य प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियम 25 (3) और (4) के अनुसार कंपनी के स्वतंत्र निदेशक वर्ष में कम-से-कम एक ऐसी बैठक आयोजित करेंगे, जिसमें गैर स्वतंत्र निदेशक और प्रबंधन के सदस्य उपस्थित नहीं होंगे : (क) गैर स्वतंत्र निदेशकों और पूरे निदेशक मंडल के निष्पादन की समीक्षा (ख) कार्यपालक निदेशकों और गैर कार्यपालक निदेशकों के दृष्टिकोणों को ध्यान में रखते हुए कंपनी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के निष्पादन की समीक्षा (ग) कंपनी के प्रबंधन और निदेशक मंडल के बीच सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समय सीमाओं का मूल्यांकन, जो निदेशक मंडल के लिए अपने कर्तव्यों के प्रभावशाली ढंग से और औचित्यपूर्ण तरीके से निष्पादन के लिए आवश्यक हैं। इसके अलावा, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 17 (10) के संदर्भ में स्वतंत्र निदेशकों के कार्य निष्पादन का मूल्यांकन पूरे निदेशक मंडल द्व ारा किया जाएगा। ***अभ्युक्ति*** *: स्वतंत्र निदेशकों ने लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान दिनांक 27.05.2016 को बैठक आयोजित की है, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निदेशक मंडल के सदस्यों और पूरे निदेशक मंडल के निष्पादन की समीक्षा से संबंधित प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए पावर सेक्टर तथा अन्य अग्रणी प्राइवेट कंपनियों की तरह उनके कार्य को उजागर करने की सलाह दी गई । इसके अलावा उपर्युक्त बैठकों में स्वतंत्र निदेशकों ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एलओडीआर) विनियम 2015 के विनियम 25 (4) (ग) के अंतर्गत यथावश्यक सूचना के प्रवाह की गुणवत्ता, मात्रा और समयनिष्ठता का भी मूल्यांकन किया।*	इसके अलावा सचिवालयी लेखापरीक्षक की अभ्युक्तियों के संबंध में यह उल्लेख किया जाता है कि स्वतंत्र निदेशकों द्वारा 27.05.2016 को आयोजित बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ निदेशक मंडल के सदस्यों और पूरे निदेशक मंडल के निष्पादन की समीक्षा से संबंधित प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए उनके निष्पादन पर विचार किया गया तथा यह भी नोट किया गया कि कंपनी की कानूनी मान्यता के अनुसार यद्यपि कंपनी अधिनियम 2013 के मूल्यांकन प्रावधानों से सरकारी कंपनियों को छूट प्राप्त है तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम 2015 के तहत सरकारी कंपनियों को उन्हीं प्रावधानों से छूट प्राप्त नहीं है। तदुपरांत, उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद, श्री वी एम कौल को 23.06.2016 से स्वतंत्र निदेशक के पद से हटा दिया गया। इसके अलावा श्री वाई सी गर्ग ने 21.08.2016 को एकमात्र स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण किया है। श्री सीताराम पारीक ने 06.02.2017 से पीएफसी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है जो वर्तमान में पीएफसी के एकमात्र स्वतंत्र निदेशक हैं। एक बार यदि पर्याप्त संख्या में पीएफसी में स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति होती है तो आगे की कार्यवाही इसके तदुपरांत ली जाएगी।

भाग 03

वित्तीय विवरणिका

- एकल वित्तीय विवरणी पर स्वतंत्र लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट
- गैर–बैंकिंग वित्त कंपनी लेखा–परीक्षा रिपोर्ट
- सी एंड एजी की टिप्पणियां
- तुलन–पत्र
- लाभ एवं हानि विवरणिका
- नकदी प्रवाह विवरणिका
- समेकित वित्तीय विवरणिका पर लेखा–परीक्षक की रिपोर्ट
- समेकित वित्तीय विवरणिका पर सी एंड एजी की टिप्पणी
- समेकित तुलन–पत्र
- समेकित लाभ एवं हानि विवरणिका
- समेकित नकदी प्रवाह विवरणिका

स्वतंत्र लेखापरीक्षक रिपोर्ट

सेवा में, सदस्यगण, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड,

एकल वित्तीय विवरणों के बारे में रिपोर्ट

हमने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (''कंपनी'') के संलग्न एकल वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण किया है, जिनमें दिनांक 31 मार्च, 2017 के अनुसार तुलन पत्रक और उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां एवं अन्य व्याख्यात्मक जानकारी का सारांश शामिल है।

एकल वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रबंधन का दायित्व

कंपनी अधिनियम, 2013 (''अधिनियम'') की धारा 134(5) के अनुसार कंपनी का निदेशक मंडल अधिनियम की धारा 133 और कंपनी (लेखा) नियम 2014 के नियम 7 में वर्णित लेखांकन मानकों सहित भारत में आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन मानकों के अनुसार ऐसे वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी है, जिसमें कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य निष्पादन और उसके रोकड़ प्रवाह की सही और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत की जा सके। इस दायित्व के अंतर्गत कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और किसी प्रकार की धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं की रोकथाम और उनमें कमी लाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समुचित लेखांकन रिकॉर्ड रखना, समुचित लेखांकन नीतियों का चयन करना और उन्हें लागू करना, युक्तिसंगत एवं विवेकपूर्ण निर्णय करना और अनुमान लगाना तथा ऐसी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली का डिजाइन तैयार करना, उसे लागू करना और बनाए रखना भी शामिल है, ताकि लेखा रिकॉर्डों की परिशुद्धता एवं पूर्णता सुनिश्चित की जा सके तथा ऐसे वित्तीय ब्यौरे तैयार करने के लिए उन्हें कारगर ढंग से परिचालित किया जा सके, जो धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाली किसी बड़ी गलत बयानी से मुक्त और स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हों। पि

लेखापरीक्षक का दायित्व

हमारी जिम्मेदारी इन वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर राय जाहिर करना है। हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन और लेखापरीक्षण मानकों और उन मामलों को ध्यान में रखा है, जो अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने हैं।

हमने अपनी लेखापरीक्षा अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखा-परीक्षण मानदंडों के अनुसार की है। इन मानदंडों में यह अपेक्षा की जाती है कि हम लेखापरीक्षण की योजना इस तरह बनाएं और इस तरह लेखापरीक्षण करें जिससे इस बात का युक्तिसंगत आश्वासन मिले कि वित्तीय विवरणों में कोई महत्वपूर्ण गलत बयानी नहीं की गई है।

लेखा-परीक्षा में निष्पादक प्रक्रियाएं भी शामिल होती हैं ताकि वित्तीय विवरण में दी गई राशियों और घोषणाओं के बारे में लेखापरीक्षण साक्ष्य प्राप्त किए जा सकें। चुनी गई प्रक्रियाएं धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों की महत्वपूर्ण गलत बयानी के जोखिम के मूल्यांकन सहित लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं। जोखिम के ऐसे मूल्यांकनों को अंजाम देते समय लेखा परीक्षक कंपनी की तैयारी और संबद्ध आंतरिक नियंत्रण प्रणाली पर विचार करता है ताकि वित्तीय विवरणों के निष्पक्ष प्रस्तुतीकरण के लिए परिस्थितियों के अनुसार लेखा-परीक्षा की उचित प्रक्रिया अपनाई जा सके। लेखा-परीक्षा के अंतर्गत इस्तेमाल की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और कंपनी के निदेशकों द्वारा व्यक्त किए गए लेखांकन अनुमानों की युक्तिसंगतता तथा वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है।

हमारा विश्वास है कि हमें जो लेखा-परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त हुए, वे हमारी एकल लेखा-परीक्षा संबंधी राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित थे।

हमारी राय

हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरणों के अनुसार उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम के अनुसार अपेक्षित सूचना को सही ढंग से प्रस्तुत करते हैं और भारत में आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप 31 मार्च, 2017 को कंपनी की स्थिति और उसके लाभ तथा उक्त तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के नकदी प्रवाह के बारे में एक सही और स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं।

महत्तवपूर्ण विचारणीय विषय

हम वित्तीय विवरणों के अंतर्गत टिप्पणियों में निम्नांकित विषयों की ओर ध्यान दिलाना चाहते हैं :

(क) भाग-ग 'अन्य लेखा टिप्पणियों' के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 15 की तरफ ध्यान आकर्षित करते हैं। यह टिप्पणी पुनर्संरचना के बारे में विद्युत मंत्रालय के मानदंड के खिलाफ भारतीय रिजर्व बैंक के विवेकपूर्ण (प्रूडेंशियल) मानदंड के बारे में है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान राज्य क्षेत्र के ऋणों के संदर्भ में ₹ 3427.18 करोड़ का अधिक प्रावधान किया गया और ₹ 527.37 करोड़ की आय परिवर्तित की गई।

(ख) भाग-ग 'अन्य लेखा टिप्पणियों' के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 19, यह टिप्पणी एक पुनर्संरचित ऋण आस्ति के मामले में, प्राप्त न की जा सकी ₹ 413.03 करोड़ की आय के व्युत्क्रमण से संबंधित है, जिसे ऋणकर्ता द्वारा माननीय मद्रास उच्च न्यायालय से अंतरिम स्टे प्राप्त करने को देखते हुए 'मानक' के रूप में वर्गीकृत किया गया।

(ग) भाग-ग 'अन्य लेखा टिप्पणियों' के अंतर्गत टिप्पणी संख्या 5 (ङ), यह टिप्पणी डेरिवेटिव अनुबंधों के बारे में लेखांकन नीति में संशोधन के कारण वर्ष के दौरान स्वीकृत की गई ₹ 178.15 करोड़ की आय से संबंधित है।

हमारी राय उपर्युक्त मामलों में संशोधित (माडिफाइड) नहीं है।

अन्य कानूनी और नियामक अपेक्षाओं के बारे में रिपोर्ट:

(1) अधिनियम की धारा 143(5) की शर्तों के अनुसार भारत सरकार के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों/उप-निर्देशों, इस बारे में की गई कार्रवाई और **अनुलग्नक–'क'** में दिए गए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर उनके प्रभाव, पर हमने विचार किया है,

(2) अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (11) के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश-2016 (''आदेश'') की अपेक्षा के अनुसार हमने आदेश के पैरा 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों के बारे में **अनुलग्नक 'ख'** के अंतर्गत एक वक्तव्य दिया है।

(3) अधिनियम की धारा 143(3) की अपेक्षा के अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि :-

क) हमने ऐसी समस्त जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किए, जो हमारे पूर्ण ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा-परीक्षा के प्रयोजन के लिए अनिवार्य थे;

ख) हमारी राय में, इन बहियों की हमारी लेखा-परीक्षा से प्रतीत होता है कि कंपनी ने कानूनी रूप में अपेक्षित समुचित लेखा बहियों का अनुरक्षण किया है;

ग) इस रिपोर्ट से संबद्ध तुलन पत्रक, लाभ एवं हानि खाता और नकदी प्रवाह विवरण, लेखा बहियों के अनुरूप है;

घ) हमारी राय में उपर्युक्त एकल वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 और कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम संख्या 7 में निर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुरूप है।

ङ.) 31 मार्च, 2017 को निदेशकों से प्राप्त लिखित प्रतिवेदनों और निदेशक मंडल द्वारा लिखित रूप में दी गई सूचना के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी अधिनियम की धारा 164(2) के संदर्भ में कोई भी निदेशक 31 मार्च, 2017 को निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए अयोग्य नहीं है।

(च) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की प्रचालनगत प्रभावकारिता के संदर्भ में **अनुलग्नक–'ग'** में एक पृथक रिपोर्ट संलग्न है।

(छ) कंपनी (लेखा-परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संदर्भ में, हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार :

i) कंपनी ने वित्तीय विवरणों में लंबित अदालती मामलों के बारे में अपनी वित्तीय स्थिति के प्रभाव को प्रकट किया है - वित्तीय विवरणों में अन्य लेखा टिप्पणियों के अंतर्गत भाग-'ग' की टिप्पणी संख्या 2 (ख), 2(ग) और टिप्पणी संख्या 3 देखें;

ii) तुलन पत्रक की तारीख तक डेरिवेटिव अनुबंधों सहित कोई ऐसा दीर्घावधि अनुबंध नहीं है, जिसके लिए प्रयोज्य कानून अथवा लेखांकन मानकों के अंतर्गत महत्वपूर्ण पूर्वानुमानित हानि के लिए प्रावधान अपेक्षित हो;

iii) निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि में अंतरित की जाने वाली अपेक्षित निधि के अंतरण में कंपनी ने कोई देरी नहीं की है।

iv) कंपनी ने 8 नवंबर, 2016 से 30 दिसंबर, 2016 की अवधि में निर्दिष्ट बैंक नोटों में कोई होल्डिंग या डीलिंग नहीं की। कृपया मानक वित्तीय विवरण की टिप्पणी भाग-'ग' 36 देखें।

कृते एम. के. अग्रवाल एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -01411एन

हस्ता/–

सीए एम के अग्रवाल
भागीदार
सदस्य संख्या 014956

दिनांक : 29.05.2017
स्थान : नई दिल्ली

कृते के. बी. चांदना एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -000862एन

हस्ता/–

सीए संजीव चांदना
भागीदार
सदस्य संख्या-087354

एकल कंपनी वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट का अनुलग्नक–'क'

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों और उप-निर्देशों के संदर्भ में कंपनी अधिनियम की धारा 143(5) के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि :

क्र सं	प्रश्न	उत्तर
1	क्या कंपनी के पास उसकी फ्रीहोल्ड और लीजहोल्ड भूमि के लिए क्रमशः स्पष्ट स्वामित्व/लीज विलेख हैं? यदि नहीं, तो उन फ्रीहोल्ड और लीजहोल्ड भूमि क्षेत्रों का वर्णन करें, जिनके लिए स्वामित्व/लीज विलेख उपलब्ध नहीं हैं।	हां, कंपनी के पास फ्रीहोल्ड और लीज होल्ड भूमि के संदर्भ में क्रमशः स्पष्ट स्वामित्व/लीज विलेख हैं।
2	कृपया बताएं क्या उधारी/ऋणों/ब्याज आदि माफ करने/बट्टे खाते डालने के कुछ मामले हैं, यदि हां, तो उनके कारण बताएं और तत्संबंधी धनराशि का उल्लेख करें।	वित्त वर्ष 2016-17 के दौरानः (क) विद्युत मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन दिनांक : 20 नवंबर, 2015 के अनुरूप, ब्याज पर ब्याज से संबंधित ₹ 12.57 करोड़ और दंड ब्याज से संबंधित ₹ 3.56 करोड़ उन राज्यों के संदर्भ में माफ किए गए, जिन्होंने उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) के अंतर्गत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। (ख) ऋणकर्ता के अनुरोध और अधिकारों के प्रत्यायोजन की सीमा के अनुसार 1 ऋणकर्ता के संदर्भ में ₹0.27 करोड़ प्रतिबद्धता शुल्क माफ किया गया। (ग) ऋणकर्ता के अनुरोध और अधिकारों के प्रत्यायोजन की सीमा के अनुसार 2 ऋणकर्ताओं के संदर्भ में ₹ 3.56 करोड़ अतिरिक्त ब्याज माफ किया गया।
3	क्या तृतीय पक्ष के पास रखी गई माल सूचियों और सरकार या अन्य प्राधिकरणों से प्राप्त उपहार/अनुदानों का समुचित रिकॉर्ड रखा गया है?	लागू नहीं
4	सभी पुनर्संरचित, पुनः समय निर्धारित या पुनः मोलभाव किए गए ऋणों के लिए प्रावधान की अपेक्षा के संदर्भ में, क्या ऐसे ऋणों के प्रति उपलब्ध प्रतिभूतियों के वसूली योग्य मूल्य का समय-समय पर मूल्यांकन करने की कोई प्रणाली है और वर्ष के दौरान इस बारे में समुचित प्रावधान किए गए? इस संदर्भ में किसी प्रकार की खामियों के बारे में उपयुक्त टिप्पणी करें।	कंपनी ने रिजर्व बैंक के पुनर्संरचना मानदंड अपनाए हैं, जिनमें प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार आय का वर्गीकरण और स्वीकरण किया जाता है। रिजर्व बैंक ने 11.04.2017 को कंपनी को इस बात से छूट प्रदान की कि वह राज्य क्षेत्र की विद्युत संस्थाओं को दिए गए ऐसे ऋणों का ऋणकर्ता-वार वर्गीकरण करने से छूट प्रदान की, जो रिजर्व बैंक की निर्धारित सीमाओं के भीतर डीसीसीओ (वाणिज्यिक प्रचालन प्रारंभ होने की तारीख) का अनुपालन न कर पाने के कारण एनपीए (गैर-निष्पादक परिसंपत्ति) में डाउनग्रेड हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, पुनर्संरचित मानक परिसंपत्तियों के मामले में, रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार प्रावधान किया गया है। जहां तक ट्रांसमिशन और वितरण, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण तथा जीवन विस्तार परियोजनाओं और हिमालयी क्षेत्र की या प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्र की परियोजनाओं, जिन्हें भारतीय रिर्जव बैंक ने 31.03.2017 तक पुनर्संरचना मानदंड से छूट प्रदान की है, के लिए परियोजना ऋण का सवाल है, हमारी लेखापरीक्षा के अनुसार तत्संबंधी प्रावधानों में कोई कमी नहीं है।

कृते एम. के. अग्रवाल एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -01411एन

हस्ता/–
सीए एम के अग्रवाल
भागीदार
सदस्य संख्या 014956

दिनांक : 29.05.2017
स्थान : नई दिल्ली

कृते के. बी. चांदना एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -000862एन

हस्ता/–
सीए संजीव चांदना
भागीदार
सदस्य संख्या-087354

एकल कंपनी वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट का अनुलग्नक–'ख'

(''अन्य कानूनी और नियामक अपेक्षाओं'' के बारे में इसी तरीख की हमारी रिपोर्ट के पैरा 2 में उल्लिखित अनुसार)

1. (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार कंपनी ने समुचित रिकार्डों का रख-रखाव किया है, जिनमें स्थाई परिसंपत्तियों के मात्रात्मक विवरण एवं स्थिति सहित पूरे विवरण दर्शाए गए हैं।

   (ख) हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार प्रबंधन द्वारा वर्ष की समाप्ति पर स्थाई परिसंपत्तियों का वास्तविक सत्यापन चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। हमारी राय में, वास्तविक सत्यापन की आवृत्ति कंपनी के आकार और उसकी परिसंपत्तियों के स्वरूप को देखते हुए युक्तिसंगत है। हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार वास्तविक सत्यापन के दौरान प्रबंधन को कोई ऐसी महत्वपूर्ण खामी नज़र नहीं आयी, जिसके लिए कोई समायोजन आवश्यक हो।

   (ग) कंपनी के पास उसके नाम से पंजीकृत सभी अचल परिसंत्तियों के स्वामित्व विलेख मौजूद हैं।

2. कंपनी एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। तदनुरूप इसकी कोई माल सूची नहीं है अतः कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश-2016 कंपनी पर लागू नहीं होता है।

3. हमें दिए गए स्पष्टीकरण लेखा-बहियों के सत्यापन के अनुसार, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अधीन बनाए गए रजिस्टर में शामिल कंपनियों, फर्मों या अन्य पार्टियों से कोई प्रतिभूत या अप्रतिभूत ऋण न तो लिया है और न ही उन्हें दिया है। तदनुसार, कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश-2016 के खंड 3 (iii) (ए) (बी) और (सी) कंपनी पर लागू नहीं होते।

4. कंपनी ने कोई ऐसा ऋण नहीं दिया है, निवेश नहीं किया है, गारंटियां और प्रतिभूतियां नहीं दी हैं, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के अधीन कवर किए जाने योग्य हों।

5. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार कंपनी ने वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 से 76 या किसी अन्य संबद्ध प्रावधान और कंपनी (जमा राशि स्वीकरण) नियम 2014 के प्रावधानों के अर्थ में कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की है।

6. केंद्र सरकार ने कंपनी द्वारा प्रदत्त किसी भी सेवा के लिए अधिनियम की धारा 148(1) के अंतर्गत कोई लागत रिकार्ड रखने की अनुशंसा नहीं की है। तदनुसार, कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश-2016 के खंड 3(iv) कंपनी पर लागू नहीं होते।

7. कंपनी द्वारा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरणों तथा हमारे द्वारा की गई कंपनी के रिकॉर्डों की परीक्षा के आधार पर, सांविधिक बकाया के संबंध में हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   (क) कंपनी यथोचित प्राधिकरणों को अविवादास्पद सांविधिक बकाया जिसमें उस पर लागू भविष्य निधि, कार्मिक राज्य बीमा निधि, आयकर, सेवा कर और मूल्य संवर्ति कर और अन्य महत्वपूर्ण सांविधिक बकायों को आमतौर पर नियमित रूप से जमा करती रही है और कंपनी के लेखों के अनुसार, उपर्युक्त बकाया के संबंध में देय ऐसी कोई विवादास्पद राशि नहीं है जो 31 मार्च, 2017 को 6 माह से अधिक की अवधि से बकाया हो।

   (ख) किसी सांविधिक प्राधिकरण द्वारा कंपनी से मांग की गई/देय राशि के विवादास्पद होने की स्थिति में कंपनी ने उसे विरोधाधीन जमा कराया है, परंतु निम्नांकित मामले इसका अपवाद हैं:

कानून का नाम	देयों का स्वरूप	बकाया राशि (₹ में)	विरोधाधीन जमा करायी गई राशि (₹ में)	कुल विवादित राशि (₹ में)	अवधि जिससे राशि संबद्ध है	वह फोरम जहां विवाद लंबित है
वित्त अधिनियम, 1994 का चेप्टर 5	सेवा कर और दंडराशि	80,65,660/-	5,90,170/-	86,55,830/-	01 अप्रैल, 2011 से 31 दिसंबर, 2015	सीईएसटीएटी, दिल्ली
		16,91,418/-	शून्य	16,91,418/-	01 जनवरी, 2016 से 30 नवंबर, 2016	आयुक्त, सीई और एसटी, एलटीयू, नई दिल्ली

8. कंपनी ने वित्तीय संस्थाओं, बैंकों, सरकार से लिए गए ऋणों या डिबेंचर धारकों की बकाया राशि चुकाने में कोई चूक नहीं की है।

9. कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान ऋण विलेखों और सावधि ऋणों से जुटाई गई राशि का उपयोग आमतौर पर उसी प्रयोजन के लिए किया गया है, जिस प्रयोजन के लिए वह जुटाई गई थी।

10. हमारी पूर्ण जानकारी और लेखा-परीक्षा के दौरान हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी होने अथवा कंपनी द्वारा कोई धोखाधड़ी किए जाने की कोई सूचना या रिपोर्ट नहीं मिली है।

11. सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते।

12. कंपनी कोई निधि कंपनी नहीं है। अतः निधि नियम, 2014 कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। तदनुरूप, कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2016 का खंड 3(xii) कंपनी पर लागू नहीं होता है।

13. संबंधित पक्षों के साथ सभी लेन–देन, जहां कहीं लागू हों, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के अनुरूप हैं। लेखांकन मानक की आवश्यकता के अनुसार तत्संबंधी ब्यौरे वित्तीय विवरण में प्रकट किए गए हैं।

14. कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई अधिमानी आबंटन या शेयरों अथवा आंशिक या पूर्ण परिवर्तनीय डिबेंचरों का निजी प्लेसमेंट नहीं किया है।

15. कंपनी ने निदेशकों या उनसे संबंधित ऐसे व्यक्तियों के साथ कोई गैर-रोकड़ लेन–देन नहीं किया है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 192 के अंतर्गत कवर होते हों।

16. कंपनी एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है और उसने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-1ए के अंतर्गत पंजीकरण प्राप्त किया है।

कृते एम. के. अग्रवाल एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -01411एन

हस्ता/–
सीए एम के अग्रवाल
भागीदार
सदस्य संख्या 014956

कृते के. बी. चांदना एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -000862एन

हस्ता/–
सीए संजीव चांदना
भागीदार
सदस्य संख्या-087354

दिनांक : 29.05.2017
स्थान : नई दिल्ली

एकल वित्तीय विवरणों के बारे में स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट का अनुलग्नक–'ग'

कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के बारे में रिपोर्ट।

हमने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (''कंपनी'') के एकल वित्तीय विवरणों की लेखा-परीक्षा के साथ दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा-परीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के संबंध में प्रबंधन का दायित्व

कंपनी का प्रबंधन वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखा-परीक्षा के बारे में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ('आईसीएआई') द्वारा जारी 'गाइडेंस नोट' के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए, आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की स्थापना और उन्हें बनाए रखने के प्रति जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में ऐसे समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन तैयार करना, उनका कार्यान्वयन और रख-रखाव शामिल है, जो इसके व्यापार के सुचारू और सक्षम संचालन सुनिश्चित करने के लिए लागू किए जा सकें। इनमें कंपनी की नीतियों का अनुसरण, उसकी परिसम्पत्तियों का संरक्षण, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और निवारण, लेखांकन रिकार्डों की परिशुद्धता और पूर्णता, और कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अपेक्षित विश्वसनीय वित्तीय जानकारी समय पर तैयार करना भी शामिल है।

लेखा परीक्षक का दायित्व

हमारी जिम्मेदारी इन वित्तीय विवरणों पर अपनी लेखा-परीक्षा के आधार पर राय जाहिर करना है। हमने अपनी लेखा-परीक्षा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ('आईसीएआई') द्वारा 'वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों' की लेखा-परीक्षा के बारे में जारी और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों' की लेखा-परीक्षा के लिए प्रयोज्य सीमा तक निर्धारित समझे गए, 'गाइडेंस नोट' (''गाइडेंस नोट'') और लेखांकन मानकों के अनुसार की है, ये दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों' की लेखा-परीक्षा पर लागू होते हैं और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए हैं। ये मानक और गाइडेंस नोट यह अपेक्षा करते हैं कि हम नीतिपरक अपेक्षाओं का अनुपालन करें और लेखापरीक्षण की योजना इस तरह बनाएं और इस तरह लेखापरीक्षण करें जिससे इस बात का युक्तिसंगत आश्वासन मिले कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण कायम किए गए और उन्हें बनाए रखा गया तथा सभी महत्वपूर्ण मामलों में ऐसे नियंत्रण संचालित किए गए।

हमारी लेखा-परीक्षा में ऐसी निष्पादक प्रक्रियाएं भी शामिल होती हैं ताकि वित्तीय रिपोर्टिंग पर समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और उसकी प्रचालनगत सक्षमता के बारे में लेखापरीक्षण साक्ष्य प्राप्त किए जा सकें। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की हमारी लेखा-परीक्षा के अंतर्गत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, किसी विद्यमान महत्वपूर्ण कमजोरी के जोखिम का मूल्यांकन करना, और मूल्यांकित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण का डिजाइन तैयार करना और उसकी प्रचालनगत सक्षमता का परीक्षण एवं मूल्यांकन करना शामिल है। चुनी गई प्रक्रियाएं लेखा-परीक्षक के निर्णय पर आधारित होती हैं, जिनमें वित्तीय विवरणों के बारे में महत्वपूर्ण गलत बयानी, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हुई हो, के जोखिम का मूल्यांकन शामिल होता है।

हमारा विश्वास है कि हमें जो लेखा-परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त हुए, वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली के बारे में हमारी राय को आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित थे।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का अर्थ

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एक ऐसी प्रक्रिया है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त करने और आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए डिजाइन की जाती है। किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं, जो (1) ऐसे रिकॉर्ड रखने से संबंधित हों, जो कंपनी की परिसंपत्तियों के लेन–देन और उनकी स्थिति को युक्तिसंगत, सही-सही और निष्पक्ष रूप से दर्शाती हों; (2) इस आशय का युक्तिसंगत आश्वासन प्रदान करती हों कि उनके लेन–देन का रिकॉर्ड आमतौर पर स्वीकार्य लेखांकन मानकों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति की अपेक्षा के अनुसार रखा गया है, और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय कंपनी के प्रबंधन तथा निदेशकों के प्राधिकारों के अनुसार किए जा रहे हैं; और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के ऐसे अनधिकृत अर्जन, इस्तेमाल या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के बारे में उपयुक्त आश्वासन प्राप्त किया जा सके, जिनका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने वाला हो।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

आंतरिक नियंत्रणों के विफल होने या अनुचित प्रबंधन और उल्लंघन होने की आशंका सहित, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं होती हैं, जिनसे त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण ऐसी महत्वपूर्ण गलत बयानी हो सकती है, जिसका पता न चल पाए। इसके अतिरिक्त भावी अवधियों से संबंधित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के मूल्यांकन के निष्कर्ष इस जोखिम के अधीन होते हैं कि स्थितियों में परिवर्तन, अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर बिगड़ने के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकते हैं।

हमारी राय

हमारी राय में कंपनी ने, सभी महत्वपूर्ण विषयों में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर समुचित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रखे हैं और वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक नियंत्रण 31 मार्च, 2017 को कारगर ढंग से प्रचालित थे, जो इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय

नियंत्रणों की लेखा-परीक्षा के बारे में जारी गाइडेंस नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के लिए स्थापित मानदंड पर आधारित थे।

कृते एम. के. अग्रवाल एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -01411एन

हस्ता/–
सीए एम के अग्रवाल
भागीदार
सदस्य संख्या 014956

दिनांक : 29.05.2017
स्थान : नई दिल्ली

कृते के. बी. चांदना एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -000862एन

हस्ता/–
सीए संजीव चांदना
भागीदार
सदस्य संख्या-087354

गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,
निदेशक मंडल
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड,
ऊर्जा निधि, 1, बाराखंबा लेन,
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001

महोदय,

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी ''गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016'' की अपेक्षा अनुसार, उक्त निर्देश के चेप्टर-2 में निर्दिष्ट मामले कुछ सीमा तक कॉर्पोरेशन पर लागू होते हैं तथा हम रिपोर्ट करते हैं कि :

1. कंपनी, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान के कारोबार में लगी हुई है तथा उसके पास भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 10.02.1998 को पूर्व में जारी वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या 14.00004 के बदले में दिनांक 28.07.2010 का प्रमाणपत्र संख्या बी-14.00004 है। इसके अतिरिक्त, कंपनी अपनी परिसंपत्ति/आय पैटर्न के संदर्भ में 31.03.2017 को ऐसे पंजीकरण जारी रखने की पात्र है।
2. कंपनी, ढांचागत वित्तीय कंपनी के बारे में स्वयं की निवल निधि संबंधी वे सभी अपेक्षाएं पूरी करती है, जो मास्टर डायरेक्शन-गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-व्यवस्थागत महत्वपूर्ण जमाराशि स्वीकार न करने वाली कंपनी और जमाराशि स्वीकार करने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश-2016, में वर्णित हैं।
3. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, जमा राशियों से संबंधित रिजर्व बैंक के निर्देश कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। इसलिए, कंपनी के निदेशक मंडल ने पब्लिक से जमा राशि स्वीकार न करने के बारे में कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया है।
4. कंपनी ने वर्ष 2016-17 के दौरान कोई सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार नहीं की है।
5. 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए कॉर्पोरेशन ने लेखांकन मानकों, आय स्वीकरण, परिसंपत्ति वर्गीकरण और खराब और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान के बारे में उन विवेक सम्मत मानदंडों का अनुपालन किया है, जो गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-व्यवस्थागत महत्वपूर्ण जमाराशि स्वीकार न करने वाली कंपनी और जमाराशि स्वीकार करने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश-2016, में वर्णित हैं।
6. आरबीआई मास्टर सर्कुलर नंबर आरबीआई/2015-16/28-डीएनबीआर (पीडी) सीसी संख्या 055/03.10.119/2015-16 दिनांक 01 जुलाई, 2015 के संदर्भ में सरकारी कंपनी होने के नाते पीएफसी को एनबीएस-7 रिजर्व बैंक में जमा कराने से छूट प्राप्त है।

कृते एम. के. अग्रवाल एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -01411एन

हस्ता/–
सीए एम के अग्रवाल
भागीदार
सदस्य संख्या 014956

कृते के. बी. चांदना एंड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफ आर संख्या -000862एन

हस्ता/–
सीए संजीव चांदना
भागीदार
सदस्य संख्या-087354

दिनांक : 29.05.2017
स्थान : नई दिल्ली

31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के समेकित लेखों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(4) के साथ पठनीय धारा 143(6)बी के अधीन भारत के नियंत्रक एवं लेखा परीक्षक की टिप्पणी।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली के अनुसार 31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वर्ष के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय ब्यौरे तैयार करने का दायित्व कंपनी की प्रबंधन समिति का है। भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा-परीक्षक द्वारा कंपनी अधिनियम की धारा 139(5) के अंतर्गत नियुक्त वैधानिक लेखा-परीक्षक का दायित्व है कि वह कंपनी अधिनियम की धारा 143 के तहत वित्तीय ब्यौरों के बारे में अधिनियम की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित लेखांकन मानकों के आधार पर स्वतंत्र लेखा-परीक्षा करे। यह कार्य लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 29 मई, 2017 को अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट के जरिए पूरा किया गया।

मैंने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से कंपनी अधिनियम की धारा 143(6)(ए) के अधीन पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की पूरक लेखापरीक्षा की है। यह पूरक लेखा-परीक्षा सांविधिक लेखा-परीक्षकों के औपचारिक दस्तावेज देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और मुख्य रूप से सांविधिक लेखा-परीक्षकों और कंपनी के कार्मिकों की पूछताछ तथा कुछ लेखा रिकॉर्डों की चुनिंदा जांच तक सीमित है। मेरी पूरक लेखा-परीक्षा के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसा कुछ नहीं आया है जिसके लिए सांविधिक लेखा-परीक्षक रिपोर्ट पर कोई पूरक टिप्पणी करना अपेक्षित हो।

कृते भारत के नियंत्रक और महालेखा
परीक्षक और उनकी ओर से।

हस्ता/–

(रितिका भाटिया)
प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखा–परीक्षा और
पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड–तृतीय,नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03 अगस्त, 2017

पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
सीआईएन L65910DL1986GOI024862
31 मार्च, 2017 को तुलन–पत्र

(₹करोड़ में)

विवरण			टिप्पणी भाग	31.03.2017 को		31.03.2016 को	
क	**इक्विटी और देयताएं**						
	(I)	**शेयरधारकों की निधि**					
		(i) शेयर पूंजी	क-1	2,640.08		1,320.04	
		(ii) आरक्षित एवं अधिशेष	क-2	33,830.13	36,470.21	34,445.99	35,766.03
	(2)	**गैर–वर्तमान देयताएं**					
		(i) दीर्घावधि ऋण	क-3				
		प्रतिभूत		20,106.17		19,869.75	
		अप्रतिभूत		154,735.19	174,841.36	152,679.95	172,549.70
		(ii) स्थगित कर देयताएं (निवल)	ग-29		250.51		302.06
		(iii) अन्य दीर्घावधि देयताएं	क-4		6,142.58		548.75
		(iv) दीर्घावधि प्रावधान	क-5		2,544.96		1,229.28
	(3)	**वर्तमान देयताएं**					
		(i) अल्पावधि ऋण	क-3				
		प्रतिभूत		2,400.79		0.00	
		अप्रतिभूत		0.00		7,571.57	
		(ii) अन्य अ देयताएं					
		क दीर्घावधि ऋण की वर्तमान परिपक्वता	क-3				
		प्रतिभूत		3.70		1,916.91	
		अप्रतिभूत		25,342.19		18,446.26	
		ख अन्य अल्पावधि देयताएं	क-4	8,420.17		7,500.77	
